✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 02 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शुक्रवार, 29 मई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




पटना में वीर विनायक दामोदर सावरकर की जीवनी पर आधारित पुस्तक का लोकार्पण करते सम्राट चौधरी

## संक्षिप्त समाचार

### कॉलेज प्राचार्य ने खाया जहर

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** जिला मुख्यालय स्थित कर्पूरी ठाकुर कॉलेज के प्राचार्य अजित वर्मा ने गुरुवार को कथित तौर पर जहर खा लिया। घटना के बाद कॉलेज परिसर और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें आनन-फानन में मोतिहारी सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। हालांकि हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें शहर के एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया। वहां उन्हें आईसीयू में भर्ती कराया गया है। फिलहाल उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### नेशनल टीचर्स अवॉर्ड के लिए आवेदन शुरू

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** नेशनल टीचर्स अवॉर्ड 2026 के लिए नोटिफिकेशन जारी हो गया है। शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की तरफ से इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इस अवॉर्ड के लिए वही शिक्षक आवेदन कर सकते हैं जो किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में रेगुलर फैकल्टी सदस्य के तौर पर काम कर रहे हों। नेशनल टीचर्स अवॉर्ड के जरिए उन शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने पढ़ाई, रिसर्च, संस्थान के विकास और छात्रों के भविष्य को बेहतर बनाने में शानदार योगदान दिया है।

### रिश्वतखोरी के आरोप में एएसआइ निलंबित

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** रिश्वतखोरी के खिलाफ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी लगातार सख्त कार्रवाई कर रहे हैं। इसी कड़ी में एसएसपी ने एससी/एसटी थाना में पदस्थापित अवर निरीक्षक कृष्णदेव मरांडी को निलंबित कर दिया है। उन पर पीड़ित पक्ष से फोन-पे के जरिए पैसे लेने का आरोप लगा है। मामले का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह कार्रवाई की गई।

### आरपीएफ जवान की हत्या

**मुंगेर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नया रामनगर थाना क्षेत्र स्थित महमदा गांव निवासी और पूर्व रेलवे के मालदा डिवीजन अंतर्गत भागलपुर-साहेबगंज रेलखंड के लैलख स्टेशन पर तैनात आरपीएफ कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में निर्मम हत्या कर दी गई। गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही उनका शव गांव पहुंचा, परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे इलाके में मातम छा गया। परिजनों के अनुसार धर्मेंद्र कुमार 25 मई की शाम से लापता थे। उस रात करीब 8 बजे उन्होंने अपनी पत्नी रानी देवी से वीडियो कॉल पर आखिरी बार बात की थी। उन्होंने पत्नी को ड्यूटी पर जाने की जानकारी दी थी। इसके बाद उनका मोबाइल फोन बंद हो गया।

मुख्यमंत्री ने 'वीर सावरकर की जीवनी' पर आधारित पुस्तक का किया लोकार्पण

# बिहार के सभी प्रखंडों में खुलेगा मॉडल स्कूल : सम्राट चौधरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बिहार में शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने के लिए हर ब्लॉक में मॉडल स्कूल खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि मॉडल स्कूल इतने बेहतर बनाए जाएंगे कि प्राइवेट और कॉन्वेंट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे भी वहां से नाम कटाकर मॉडल स्कूल में नामांकन लेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य गांव-गांव तक मजबूत शिक्षा व्यवस्था पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बिहार की विरासत और ग्रामीण विकास को समझने के लिए हर अधिकारी महीने में दो दिन गांव में जरूर रहें। सीएम सम्राट चौधरी ने कहा कि कुछ लोग अपराध को जाति से जोड़कर देखते हैं जबकि अपराधी की कोई जाति नहीं होती। उन्होंने कहा कि बिहार को बेहतर बनाने के लिए जातिवाद से बाहर निकलना होगा। उन्होंने साफ कहा कि अपराधी किसी भी जाति का हो, पुलिस 48 घंटे के भीतर जवाब देगी। वहीं भ्रष्टाचार करने वालों को सीधे बेउर जेल भेजा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह जल्द दिल्ली जाकर राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे और तिलका मांझी विश्वविद्यालय में तिलका मांझी की प्रतिमा के अनावरण का आग्रह करेंगे। सीएम ने ये बातें बिहार विधान परिषद में आयोजित वीर सावरकर की 143वीं जयंती समारोह को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान 'वीर सावरकर की जीवनी' पुस्तक का भी लोकार्पण किया गया। सम्राट चौधरी ने कहा कि आज झारखंड और ओडिशा की संयुक्त आबादी के बराबर लोग बिहार में रहते हैं। ऐसे बड़े राज्य को समृद्ध और विकसित बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि बिहार के विकास के लिए उद्योग जगत से जुड़े लोगों को आगे आना होगा। साथ ही बिहार के लोगों को भी अपने राज्य के विकास से भावनात्मक रूप से जुड़ना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर सावरकर ने राष्ट्रवाद को मजबूत करने का काम किया और उनके आदर्शों को बिहार में लागू करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह कहना गलत है कि वीर सावरकर गुमनाम हैं। आज देश का हर बच्चा उनके बारे में जानता है। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में योगदान देने वाले कई क्रांतिकारियों के इतिहास को लंबे समय तक छिपाया गया। अंडमान निकोबार की सेल्युलर जेल अंग्रेजों की क्रूरता और यातना का प्रतीक है जहां भारतीयों से जबरन मेहनत कराई जाती थी। सीएम सम्राट चौधरी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आपातकाल लगाकर लोकतंत्र को खत्म करने का काम उसने किया था। उन्होंने कहा कि बीजेपी के लिए 'नेशन फर्स्ट' सबसे बड़ा मंत्र है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विकसित भारत का सपना देख रहे हैं जबकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्ध बिहार बनाने के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं।

# नाव हादसे में तीन की मौत, चार लापता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना/समस्तीपुर।** समस्तीपुर जिले के मोहिउद्दीननगर थाना क्षेत्र स्थित सुल्तानपुर गंगा घाट पर गुरुवार की अहले सुबह बड़ा हादसा हो गया। लोगों से भरी एक नाव गंगा नदी में डूब गई जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। नाव पर सवार लोग खेती-बाड़ी और परवल तोड़ने के लिए दियारा इलाके जा रहे थे। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि चार लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक नाव पर कुल 14 लोग सवार थे। नाव सुल्तानपुर घाट से कुछ ही दूरी पर पहुंची थी कि तेज हवा और नदी में बने भंवर की चपेट में आ गई। बताया जा रहा है कि नाव ओवरलोड होने के कारण संतुलन बिगड़ गया और वह गहरे पानी में डूब गई। हादसे के बाद नाव पर सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। सात लोगों ने किसी तरह तैरकर अपनी जान बचाई। इनमें मासूम कुमार, राहुल कुमार और ममता देवी समेत अन्य लोग शामिल हैं। वहीं चार लोगों की तलाश अभी भी जारी है। इस हादसे में पटना जिले के बाढ़ थाना क्षेत्र स्थित मासूमगंज बिंद टोली निवासी श्रवण महतो, काशी महतो और नीलम कुमारी उर्फ लाली कुमारी की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक एक ही परिवार के सदस्य थे। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन मौके पर पहुंच गया। एडीएम (आपदा प्रबंधन) राजेश कुमार सिंह, एसडीएम विकास पांडेय और डीएसपी बीके मेधावी के नेतृत्व में एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम लगातार राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है। स्थानीय गोताखोर भी लापता लोगों की तलाश कर रहे हैं।

# सरकारी जमीन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने कहा है कि सरकारी जमीन की सुरक्षा और उसका रिकॉर्ड दुरुस्त करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि सरकारी जमीन को गलत तरीके से किसी अन्य व्यक्ति के नाम किया गया तो इसके लिए जिम्मेवार अधिकारियों एवं कर्मियों पर सख्त कार्रवाई होगी। सरकार इस विषय पर शीघ्र कानून बनाने जा रही है। उन्होंने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुपौल, रोहतास एवं पटना जिले के राजस्व कार्यों की समीक्षा की। विभाग के सचिव जय सिंह ने संबंधित जिलों के अधिकारियों को निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी लंबित कार्यों के निष्पादन का निर्देश दिया। इसमें संबंधित जिलों के जिलाधिकारी, अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता और अंचलाधिकारी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य सभी सुयोग्य श्रेणी के भूमिहीन परिवारों को वास की भूमि उपलब्ध कराना लक्ष्य है। सभी ऐसे परिवारों को चिह्नित कर उन्हें जमीन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। भ्रष्टाचार पर निगरानी के लिए आर्थिक अपराध इकाई का विशेष सेल गठित किया गया है। विभाग के करीब पौने दो सौ अधिकारी उसकी निगरानी में हैं। पटना जैसे बड़े एवं महत्वपूर्ण जिले की हर स्तर पर रैंकिंग में सुधार का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अगली समीक्षा में ये सुधार अवश्य हो।

# नीतीश कुमार से मिले टीआरइ-4 अभ्यर्थी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार में टीआरइ-4 शिक्षक भर्ती को लेकर अभ्यर्थियों का आंदोलन लगातार जारी है। इसी बीच छात्र नेता दिलीप कुमार के नेतृत्व में अभ्यर्थियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। इस दौरान अभ्यर्थियों ने टीआरइ-4 भर्ती का विज्ञापन जल्द जारी करने और 46 हजार से अधिक पदों पर बहाली निकालने की मांग उठाई। मुलाकात के दौरान छात्र नेताओं ने कहा कि टीआरइ-4 भर्ती प्रक्रिया एक ही परीक्षा के माध्यम से पूरी की जाए ताकि अभ्यर्थियों को बार-बार परीक्षा और लंबी प्रक्रिया से नहीं गुजरना पड़े। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि लाखों अभ्यर्थी लंबे समय से भर्ती विज्ञापन का इंतजार कर रहे हैं और सरकार को जल्द फैसला लेना चाहिए। टीआरइ-4 भर्ती को लेकर हाल के दिनों में पटना में अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन भी किया था। इस दौरान पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने का मामला काफी चर्चा में रहा। छात्र नेता दिलीप कुमार भी आंदोलन के दौरान गिरफ्तार हुए थे और उन्हें जेल जाना पड़ा था। अभ्यर्थियों का कहना है कि भर्ती प्रक्रिया में हो रही देरी से युवाओं में नाराजगी बढ़ रही है। छात्र प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात के दौरान नीतीश कुमार को बिहार में शिक्षा, महिला सशक्तिकरण और युवाओं के लिए चलाई गई योजनाओं के लिए धन्यवाद भी दिया। छात्रों ने कहा कि जब वह मुख्यमंत्री थे तब लगातार शिक्षक भर्ती और युवाओं के रोजगार को लेकर पहल की जाती थी। छात्र नेता दिलीप कुमार ने बताया कि मुलाकात सकारात्मक रही। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने टीआरइ-4 और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया है। अभ्यर्थियों को उम्मीद है कि सरकार जल्द भर्ती प्रक्रिया को लेकर बड़ा फैसला ले सकती है।

### सरकारी मध्य विद्यालयों में 1 जून से लगेगा समर कैंप

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के सरकारी मध्य विद्यालयों में 1 जून से समर कैंप की शुरुआत होने जा रही है। शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारियां तेज कर दी हैं और सभी स्कूलों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य वर्ग 5 और 6 के कमजोर एवं चिन्हित विद्यार्थियों की पढ़ाई में सुधार करना है ताकि उनकी बुनियादी शैक्षणिक क्षमता मजबूत हो सके। शिक्षा विभाग के अनुसार समर कैंप में खासतौर पर उन बच्चों पर फोकस किया जाएगा जो पढ़ाई में कमजोर हैं या एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) कार्यक्रम के तहत चिन्हित किए गए हैं। कैंप के दौरान बच्चों को पढ़ना, लिखना, गणित और बुनियादी समझ विकसित करने के लिए विशेष गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जाएगा। विभाग का मानना है कि इससे बच्चों की सीखने की क्षमता में तेजी से सुधार होगा। चयनित स्वयंसेवक समर कैंप के दौरान बच्चों को पढ़ाने और उन्हें सीखने में सहयोग करेंगे।

# मिलकर लड़ेंगे बिहार विधान परिषद का चुनाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान परिषद की 9 खाली हो रही सीटों को लेकर सियासी पारा चढ़ गया है। सीट शेयरिंग को लेकर जारी खींचतान के बीच बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने एनडीए की रणनीति को लेकर स्पष्ट रूप से कहा कि गठबंधन के अंदर कोई मतभेद नहीं है और सभी सहयोगी दल पूरी तरह एकजुट हैं। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी ने मीडिया से बातचीत करते हुए गठबंधन की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एनडीए के सभी सहयोगी दल पूरी तरह एकजुट हैं। हम सब मिलकर यह चुनाव लड़ेंगे। गठबंधन बेहद मजबूत है और सभी दल बेहतर तालमेल के साथ चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। दरअसल हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी ने एनडीए से अपने दल के लिए एक सीट की मांग की थी। जीतन राम मांझी की इस मांग के बाद गठबंधन में खटपट की अटकलें लगाई जाने लगी थीं। इस पर जवाब देते हुए विजय चौधरी ने बड़े ही सधे हुए अंदाज में कहा कि लोकतंत्र में हर नेता और दल को अपनी बात रखने का पूरा अधिकार है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय अपनी मांग रखना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है। एनडीए के सभी साथी आपस में बैठकर चर्चा करेंगे और मिलकर आगे की रणनीति तय करेंगे।

# 10 लाख का इनामी नक्सली गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** रांची पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के शीर्ष कमांडर अमृत होरो उर्फ 'मेचो' को लापुंग क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। 10 लाख का इनामी अमृत वर्तमान में पीएलएफआई को लीड कर रहा था। रांची पुलिस के वरीय अधिकारियों ने अमृत के गिरफ्तारी की पुष्टि की है। झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ जबरदस्त कार्रवाई करने के बाद अब पुलिस ने स्प्लिंटर ग्रुप के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू कर दी है। रांची एसएसपी राकेश रंजन के नेतृत्व में उग्रवादी संगठन पीएलएफआई सुप्रीमो अमृत को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। राज्य सरकार ने अमृत पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। सुप्रीमो अमृत कई गंभीर आपराधिक मामलों में आरोपित था। रांची पुलिस की स्पेशल टीम ने स्थानीय इनपुट और लंबे समय से जारी सर्विलांस के बाद अमृत को लापुंग से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अमृत लापुंग का ही रहने वाला है। एनआईए के द्वारा पीएलएफआई के सुप्रीमो दिनेश गोप की गिरफ्तारी और फिर गुमला में मार्टिन केरकेटा के एनकाउंटर के बाद अमृत होरो ही संगठन का मुखिया बन गया था। हाल के दिनों में खूंटी, रांची जैसे कई जिलों में अपराधियों जैसे वारदातों को अंजाम देकर लेवी की डिमांड कर रहा था।

# आपातकालीन सहायता सेवा को आधुनिक बनाने की तैयारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार में आपातकालीन सहायता सेवा डायल-112 को अब और आधुनिक बनाया जाएगा। गृह विभाग इसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक से जोड़ने की तैयारी कर रहा है। उद्देश्य यह है कि पीड़ितों तक मदद और तेजी से पहुंच सके। कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली को भी तकनीक के जरिए मजबूत किया जाएगा। काल रिकॉर्डिंग से लेकर रिस्पॉन्स सिस्टम तक एआइ का इस्तेमाल बढ़ेगा। इस दिशा में गृह विभाग ने पुलिस अधिकारियों को विशेष टास्क दिया है। गुरुवार को गृह विभाग में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक केंद्रीय गृह सचिव के निर्देश पर बुलाई गई थी। इसकी अध्यक्षता गृह विभाग के सचिव कुंदन कुमार ने की। बैठक में पुलिस मुख्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। बैठक में एडीजी (वायरलेस) अमित लोढ़ा और एडीजी (आधुनिकीकरण) अजिताभ कुमार मौजूद रहे। सीआइडी के एडीजी पारस नाथ ने भी बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान थानों में सीसीटीवी स्थापना की स्थिति की समीक्षा की गई। सीसीटीएनएस यानी क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क सिस्टम पर भी चर्चा हुई। पुलिस मुख्यालय से जुड़े लंबित मामलों की प्रगति जांची गई। अधिकारियों को तकनीकी सुधारों को तेज करने के निर्देश दिए गए। गृह विभाग ने आधुनिक पुलिसिंग पर विशेष जोर दिया है। तकनीक के जरिए अपराध नियंत्रण को और प्रभावी बनाने की योजना है। गृह सचिव ने इआरएसएस यानी डायल-112 को ज्यादा उत्तरदायी बनाने की बात कही। उन्होंने संबंधित कर्मियों के नियमित प्रशिक्षण पर विशेष बल दिया। अधिकारियों से रिस्पॉन्स टाइम सुधारने के उपाय करने को कहा गया। एआइ तकनीक के जरिए कॉल हैंडलिंग सिस्टम को स्मार्ट बनाया जाएगा। पीड़ितों की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने की तैयारी है। सरकार चाहती है कि इमरजेंसी सेवा पर लोगों का भरोसा और मजबूत हो। बैठक में सरकारी कामकाज में हिंदी के अधिक उपयोग पर भी चर्चा हुई। गृह सचिव ने अधिकारियों से राष्ट्रभाषा हिंदी को प्राथमिकता देने को कहा। विभागीय प्रस्तुतियों और आधिकारिक कार्यों में हिंदी प्रयोग बढ़ाने का निर्देश दिया गया। साथ ही लंबित मामलों के जल्द निष्पादन पर जोर दिया गया। बैठक में गृह विभाग और पुलिस मुख्यालय के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सरकार ने तकनीक और प्रशासन दोनों स्तर पर सुधार की रणनीति साफ कर दी है।

हिन्दी पत्रकारिता के गौरवपूर्ण 200 वर्ष

पूरा होने पर

'नवबिहार टाइम्स' कर रहा

अपने पत्रकारों/संवाददातों का सम्मान

हिन्दी पत्रकारिता दिवस

30 मई 2026

: स्थान :

नवबिहार टाइम्स प्रधान कार्यालय

सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद

# जिले में बढ़ती गर्मी और तापमान को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट

## आमजनों को कड़ी धूप में अनावश्यक रूप से न जाने की दी गई सलाह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** रोहतास जिले में लगातार बढ़ रही भीषण गर्मी एवं तापमान को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी ने आमजनों से अपील करते हुए कहा है कि गर्म हवाओं एवं लू के प्रभाव से बचने के लिए सभी नागरिकों को विशेष सावधानी बरतने की आवश्यकता है। प्रशासन द्वारा लोगों को सतर्क रहने तथा आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन करने की सलाह दी गई है, ताकि लू एवं अत्यधिक गर्मी के दुष्प्रभाव से बचा जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान मौसम परिस्थितियों को देखते हुए विशेष रूप से बच्चे, बुजुर्ग,



गर्भवती महिलाएं एवं बीमार व्यक्तियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि यदि किसी व्यक्ति में लू के लक्षण दिखाई दे तो तुरंत प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराएं तथा आवश्यकता पड़ने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें। प्रशासन द्वारा बताया गया कि लू लगने के प्रमुख लक्षणों में चक्कर आना, घबराहट होना, दिल की धड़कन तेज होना, अत्यधिक पसीना आना, सिरदर्द, बेहोशी, तेज बुखार, शरीर की त्वचा का अत्यधिक गर्म हो जाना एवं जी मिचलाना शामिल है। ऐसे लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए तथा तत्काल चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए। लू से बचाव के लिए जिला प्रशासन ने आमजनों को कई महत्वपूर्ण सावधानियां अपनाने की सलाह दी है। लोगों से कहा गया है कि यथासंभव धूप में बाहर निकलने से बचें तथा अत्यधिक आवश्यक होने पर ही घर से बाहर जाएं। बाहर निकलते समय हल्के रंग के सूती कपड़े पहनें और सिर को कपड़े, टोपी अथवा छाते से ढंककर रखें। साथ ही शरीर में पानी की कमी नहीं होने दें तथा पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें। लोगों को ओ.आर.एस., नींबू पानी, लस्सी, छाछ एवं फलों के रस जैसे तरल पदार्थों का सेवन करने की सलाह दी है। वहीं चाय, कॉफी एवं अत्यधिक शर्करा युक्त पेय पदार्थों से बचने को कहा गया है। दोपहर के समय भारी शारीरिक श्रम नहीं करने तथा लंबे समय तक तेज धूप में लगातार खड़े रहने अथवा कार्य करने से बचने की अपील भी की गई है। इसके अतिरिक्त बच्चों एवं पालतू जानवरों को बंद वाहनों में अकेला नहीं छोड़ने, घर एवं कार्यस्थल को यथासंभव ठंडा रखने तथा बाहर निकलते समय पानी की बोतल साथ रखने की भी सलाह दी गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों को पूरी तरह सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि जागरूकता एवं सावधानी के माध्यम से आमजन स्वयं एवं अपने परिवार को लू तथा गर्म हवाओं के दुष्प्रभाव से सुरक्षित रख सकते हैं। किसी भी आपात स्थिति में सहायता हेतु टोल फ्री नंबर 101 एवं 112 पर संपर्क किया जा सकता है।

# कटहल के नीचे छिपाकर ले जाया जा रहा पांच सौ किलो गांजा जब्त, चालक गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना पुलिस ने नशा तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए लगभग 500 किलोग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित जवाहर सेतु के पास पाली मोड़ से एक पिकअप वाहन को जब्त कर उसके चालक को गिरफ्तार किया। गांजा को कटहल की आड़ में छिपाकर उड़ीसा से झारखंड के रास्ते मोहनियां ले जाया जा रहा था। डिहरी नगर थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में एसडीपीओ सह एएसपी अतुलेश झा ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि एक उजले रंग की पिकअप गाड़ी में कटहल लादकर उसके नीचे भारी मात्रा में गांजा छिपाकर लाया जा रहा है। सूचना के आधार पर तत्काल विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम में पुलिस निरीक्षक सह डिहरी नगर थानाध्यक्ष राहुल कुमार, पुअनि संजय विकास त्रिपाठी,



सेफु कुमारी, अंजली कुमारी, राजबल्लभ कुमार, बिमलेश कुमार, हरिनेश कुमार, एसटीएफ एवं तकनीकी शाखा की टीम शामिल थी। पुलिस टीम ने नगर थाना क्षेत्र के पाली मोड़ स्थित लक्ष्मी टीवीएस के सामने वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान कटहल से लदी और तिरपाल से ढकी एक संदिग्ध उजले रंग की पिकअप गाड़ी को रोका गया। तलाशी लेने पर कटहल के नीचे छिपाकर रखा गया करीब 500 किलो गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार चालक की पहचान सत्येन्द्र कुमार, निवासी गांधी नगर, थाना कोचस, जिला-रोहतास के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि गांजा की खेप उड़ीसा से झारखंड के रास्ते औरंगाबाद होते हुए मोहनियां पहुंचाई जा रही थी। उसने तस्करी में शामिल मोहनियां के कुछ अन्य लोगों के नाम भी पुलिस को बताए हैं। पुलिस ने पिकअप वाहन और मोबाइल फोन को जब्त कर लिया है। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है। कैमूर पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर इस नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। एएसपी अतुलेश झा ने कहा कि इस सफल कार्रवाई में शामिल सभी पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# डिहरी में शांतिपूर्ण माहौल में मनाई गई बकरीद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व गुरुवार को पारंपरिक और शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। सुबह से ही डिहरी के विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी जहां अकीदत के साथ नमाज अदा कर देश में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और भाईचारे का माहौल देखने को मिला। नमाज के उपरांत लोगों ने अपने-अपने घरों में अल्लाह की राह में



जानवरों की कुर्बानी दी। कुर्बानी का सिलसिला अगले दो दिनों तक जारी रहेगा। बकरीद के मौके पर घरों में मेहमानों के स्वागत के लिए विभिन्न प्रकार के पारंपरिक पकवान और व्यंजन तैयार किए गए। बच्चों और युवाओं में पर्व को लेकर खास उत्साह देखा गया। पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। एएसपी अतुलेश झा, डिहरी नगर थानाध्यक्ष राहुल कुमार पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट के साथ विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। इस अवसर पर नबाब अख्तर अंसारी पानी वाले, अशलम कुरैशी, वार्ड पार्षद आनंद चौधरी उर्फ पेड़ा, कुंवर सिंह, राजेश चौधरी, दारा यादव, बिनोद यादव, जोखन चन्द्रवंशी, अब्दुल कलाम आजाद, आजाद हुसैन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सिंचाई विभाग के 60 सरकारी आवास होंगे अतिक्रमण मुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी सिंचाई प्रमंडल अंतर्गत सरकारी आवासों एवं विभागीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की दिशा में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। इस अभियान के लिए तीन दंडाधिकारी एवं दो पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। बकरीद पर्व के बाद अतिक्रमित आवासों को खाली कराने की कार्रवाई शुरू होगी। यह कार्रवाई प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग के निर्देश पर की जा रही है। जल संसाधन विभाग के स्थानीय सिंचाई विभाग के



कार्यपालक अभियंता आसिफ इकबाल ने बताया कि अतिक्रमित आवासों को खाली कराने के लिए कई बार नोटिस जारी किया गया था। इसके अलावा अंचलाधिकारी को भी पत्र लिखकर कार्रवाई के लिए सूची उपलब्ध कराई गई थी, लेकिन अब तक आवास खाली नहीं कराए जा सके। उन्होंने बताया कि डीएम एवं प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग-सह-द्वितीय अपीलीय प्राधिकार द्वारा आगामी 19 जून को सुनवाई की तिथि निर्धारित करते हुए सरकारी आवासों को अतिक्रमण मुक्त कराने का आदेश जारी किया गया है। उक्त आदेश के आलोक में डिहरी एसडीएम नीलेश कुमार ने कार्रवाई के लिए अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की है। दंडाधिकारी के रूप में अनुमंडल कार्यालय के कार्यपालक दंडाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार सिंह, राजस्व अधिकारी तौकीर अहमद तथा प्रखंड कृषि पदाधिकारी अशोक कुमार को नियुक्त किया गया है। वहीं पुलिस पदाधिकारी के रूप में पुअनि दुनदुन शुक्ला एवं सअनि कृष्णा यादव को प्रतिनियुक्त किया गया है। प्रशासनिक आदेश के अनुसार बुधवार से ही कार्रवाई शुरू होनी थी, लेकिन बकरीद पर्व को देखते हुए इसे दो दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया। अब पर्व के बाद करीब 60 अतिक्रमित सरकारी आवासों को खाली कराने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। एसडीएम नीलेश कुमार ने बताया कि सभी प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी प्रतिदिन की कार्रवाई का प्रतिवेदन अनुमंडल कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे, ताकि इसकी रिपोर्ट प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग को भेजी जा सके। साथ ही एसडीपीओ से पर्याप्त पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति का भी अनुरोध किया गया है।

# रितेश कुमार सिंह ने कमीशंड सैन्य अधिकारी बन इतिहास रचा, क्षेत्र का नाम किया रोशन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** सूर्यपुरा प्रखंड के राघवडिहरा गांव के लिए गुरुवार को गौरव का दिन रहा जब रितेश कुमार सिंह ने भारतीय नौसेना में सब लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशंड प्राप्त कर गांव के पहले कमीशंड सैन्य अधिकारी बनने का इतिहास रचा। सेवानिवृत्त सूबेदार जनार्दन सिंह जिन्होंने कारगिल युद्ध में भाग लिया और गृहिणी पुष्पा देवी के छोटे पुत्र रितेश ने पिता की देशभक्ति से प्रेरित होकर बचपन से ही सैन्य अधिकारी बनने का लक्ष्य रखा था। कमीशनिंग समारोह में माता-पिता ने उनके कंधे पर सुनहरी पट्टी सजाकर आशीर्वाद दिया। रितेश ने 10वीं कक्षा से ही तैयारी शुरू की और कई असफलताओं के बावजूद हार नहीं मानी। उन्होंने 10 से अधिक बार एसएसबी इंटरव्यू दिए और हर बार दोगुनी मेहनत से लौटे।



आखिरकार जून 2025 में भारतीय नौसेना में उनका चयन हुआ और 28 मई 2026 को उन्होंने कमीशन प्राप्त किया। शैक्षणिक रूप से भी रितेश अव्वल रहे हैं। उन्होंने 12वीं आर्मी पब्लिक स्कूल इलाहाबाद से और बीएससी इलाहाबाद विश्वविद्यालय से की। कैट में 90 परसेंटाइल लाने के बाद उन्हें आइआइएम अमृतसर और आइआइएम गया से प्रवेश मिला, लेकिन परिवार पर आर्थिक बोझ न पड़े इसलिए उन्होंने बीएचयू से एमबीए किया। उनके बड़े भाई विकास कुमार सिंह बीटेक के बाद इंफोसिस में टीम लीडर हैं। रितेश की इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और गांव-आसपास के लोग परिवार को बधाई दे रहे हैं। छोटे गांव से निकलकर नौसेना अधिकारी बनने तक का उनका सफर कठिन परिश्रम, धैर्य और दृढ़ संकल्प की मिसाल है जो क्षेत्र के युवाओं के लिए बड़ी प्रेरणा बन गया है।

# बूथ सशक्तिकरण व संगठन मजबूती को लेकर भाजपा की बैठक



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** बूथ सशक्तिकरण और संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से भाजपा की एक महत्वपूर्ण बैठक राम जानकी मंदिर दावथ में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य विषय पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालना रहा। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि दोनों महापुरुषों के आदर्शों को कार्यकर्ताओं तक पहुंचाकर संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत किया जा सकता है। बैठक में देश के प्रधानमंत्री द्वारा प्रसारित 'मन की बात' कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर बेहतर ढंग से संचालित करने पर भी विस्तार से चर्चा हुई। पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाएं ताकि सरकार की योजनाओं और संदेशों का लाभ आम लोगों तक पहुंच सके। बैठक में मंडल अध्यक्ष कृष्णा मिश्रा, संदेश पांडे, हरसू प्रसाद गुप्ता, महामंत्री प्रेम कुमार, उपेंद्र कुमार, मंत्री जितेंद्र कुमार सिंह, काशीनाथ, सुप्रिया देवी, अनीता देवी, सुनैना देवी और राजधानी देवी सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि बूथ स्तर पर सक्रियता और समन्वय से ही संगठन को धार मिलती है। सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथों पर संपर्क अभियान तेज करने और जनसंपर्क बढ़ाने का निर्देश दिया गया।

# बिहार सरकार का ऐतिहासिक फैसला: कैशलेस इलाज कार्ड योजना को कैबिनेट की मंजूरी, पुलिस एसोसिएशन ने जताया आभार

मदन कुमार / नवबिहार टाइम्स ब्यूरो


**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार सरकार ने सरकारी कर्मियों एवं उनके परिजनों के लिए बहुप्रतीक्षित 'कैशलेस इलाज कार्ड योजना' को कैबिनेट से स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस ऐतिहासिक निर्णय पर बिहार पुलिस एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को हृदय से बधाई देते हुए इसे बिहार के सरकारी कर्मियों के लिए 'स्वर्णिम और ऐतिहासिक निर्णय' बताया है। मृत्युंजय कुमार सिंह ने कहा कि इस योजना से अब बिहार में कार्यरत लाखों सरकारी कर्मियों और उनके परिवारों को समय पर, सम्मानजनक एवं आर्थिक बोझ रहित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने कहा कि वर्षों से पुलिसकर्मियों और सरकारी कर्मचारियों को गंभीर बीमारी या दुर्घटना की स्थिति में इलाज के लिए आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता था। कई कर्मियों को इलाज के लिए कर्ज लेना पड़ा तो कई परिवारों को अपनी जमीन और गहने तक बेचने पड़े। उन्होंने कहा कि कई बार बीमार और घायल पुलिसकर्मियों के परिवार आर्थिक मदद के लिए फोन कर गुहार लगाते थे। साथी पुलिसकर्मी चंदा इकट्ठा कर इलाज कराते थे। इन्हीं पीड़ादायक परिस्थितियों को देखते हुए उन्होंने लगभग सात-आठ वर्ष पूर्व 'कैशलेस मेडिकल कार्ड' की मांग उठाई थी और लगातार इस विषय को सरकार एवं पुलिस मुख्यालय के समक्ष प्रमुखता से रखते रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि वर्ष 2018 में बिहार पुलिस एसोसिएशन के महाधिवेशन में पहली बार इस संबंध में प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री, सरकार एवं पुलिस मुख्यालय को भेजा गया था। बाद में विभिन्न सरकारों एवं उपमुख्यमंत्रियों से भी इस विषय पर लगातार चर्चा की गई। वर्ष 2023 में पुनः एसोसिएशन के महाधिवेशन में प्रस्ताव पारित कर सरकार को भेजा गया। उन्होंने कहा कि जब सम्राट चौधरी पहली बार उपमुख्यमंत्री बने, तभी से उन्होंने इस योजना को लेकर सकारात्मक पहल की थी। पुनः उपमुख्यमंत्री और बाद में मुख्यमंत्री बनने के बाद भी उनसे कई बार मुलाकात कर इस मुद्दे को उठाया गया। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया था कि कैशलेस इलाज कार्ड योजना शीघ्र लागू होगी और आज उनका वह वादा पूरा हुआ है। मृत्युंजय कुमार सिंह ने कहा कि इस ऐतिहासिक उपलब्धि का संपूर्ण श्रेय मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को जाता है। उन्होंने कहा कि प्रारंभ में उनका प्रयास केवल पुलिस बल के लिए था, लेकिन सरकार ने इसे सभी सरकारी कर्मियों, पूर्व कर्मियों, विधायकों, मंत्रियों एवं उनके परिवारों तक विस्तारित कर एक व्यापक कल्याणकारी योजना का स्वरूप दिया है। उन्होंने पुलिस मुख्यालय के डीजीपी विनय कुमार एवं एडीजी कमल किशोर की भी सराहना करते हुए कहा कि दोनों अधिकारियों ने इस योजना को आगे बढ़ाने में सकारात्मक भूमिका निभाई और आवश्यक फाइल एवं आंकड़े सरकार को उपलब्ध कराए।

प्रदेश अध्यक्ष ने इसे अपने अध्यक्षीय कार्यकाल की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि निरंतर प्रयास, संवाद और संकल्प से ही बड़ी सफलताएं हासिल होती हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना आने वाले समय में लाखों सरकारी परिवारों के लिए राहत और सुरक्षा का बड़ा माध्यम बनेगी।

# ईद उल अजहा को लेकर मस्जिदों एवं ईदगाहों में अदा की गई नमाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज नगर क्षेत्र में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। पर्व को लेकर प्रशासन द्वारा सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। नगर परिषद क्षेत्र के विभिन्न मस्जिदों एवं ईदगाहों में निर्धारित समय पर अकीदतमंदों ने नमाज अदा की और मुल्क में अमन-चैन, तरक्की एवं भाईचारे की दुआ मांगी। बिक्रमगंज निवासी मो. आदिल खान ने जानकारी देते हुए बताया कि वारसी मदरसा में सुबह 6:30 बजे, आमना मस्जिद में 6:45 बजे, मुख्य ईदगाह में 7:00 बजे, स्टेशन मस्जिद में पहली नमाज 7:15 बजे तथा दूसरी नमाज 8:00 बजे, जामा मस्जिद में 7:00 बजे, धनगाई मस्जिद में 7:00 बजे, कश्मीरी मस्जिद में 6:45 बजे तथा रिजवानुल कुरैश मस्जिद में 6:30 बजे ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। ईद-उल-अजहा इस्लाम धर्म का प्रमुख पर्व है जिसे



त्याग, बलिदान और अल्लाह की राह में समर्पण के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। बता दें कि हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम ने अल्लाह के हुक्म पर अपने बेटे हजरत इस्माइल अलैहिस्सलाम की कुर्बानी देने की तैयारी की थी। उनकी इस अटूट आस्था और समर्पण से प्रसन्न होकर अल्लाह ने उनके बेटे की जगह एक दुम्बे की कुर्बानी कबूल की। इसी याद में मुस्लिम समुदाय द्वारा बकरीद का पर्व मनाया जाता है और कुर्बानी दी जाती है। पर्व को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह एवं उल्लास का माहौल देखा गया। सुबह से ही मस्जिदों एवं ईदगाहों में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। ईद-उल-अजहा आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सामाजिक सौहार्द का संदेश देता है। प्रशासन द्वारा सभी नागरिकों से शांति एवं सौहार्द बनाए रखते हुए पर्व मनाने की अपील की गई थी।

## बकरीद शांतिपूर्ण संपन्न

**चेनारी (रोहतास) (नबिटा सं.)।** बकरीद के पावन अवसर पर मुख्य ईदगाह सहित विभिन्न मस्जिदों में अकीदत और शांतिपूर्ण माहौल में नमाज अदा की गई। ईदगाह में सुबह निर्धारित समय पर भारी संख्या में नमाजी जुटे जहां देश में अमन-चैन, तरक्की और भाईचारे की दुआ मांगी गई। नमाज संपन्न होने के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाल रहे अंचलाधिकारी पूजा शर्मा बीडीओ प्रियंका कुमारी थाना अध्यक्ष दिनेश मालाकार, आनंद कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत भारी मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गई है। उन्होंने जानकारी दी कि पूरे क्षेत्र में सभी जगहों पर नमाज शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो चुकी है। लोगों से अपील की है कि वे इस त्योहार को आपसी सौहार्द, शांति और भाईचारे के वातावरण में मनाया गया।


# S.P.M College, Udantpuri

**Bihar Sharif (Nalanda) Bihar - 803101.**

**INVITING SHORT TENDER NOTICE**

Invited sealed short tenders from the eligible university registered contractors/ of appropriate class of University for the work listed under.

| SL No. | Name of works | Estimated cost. | Completion time | Amount of Bank Receipt/ Cash for cost of tender documents (Rs) | Amount of Earnest Money 2.0% for issue of tender form (Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Repairing & painting of Science Block | 16,49,188=00 | 3 Months | 3000=00 | 2% Tender Amount of |
| 2 | Repairing & painting of Hostel Block | 11,36,100=00 | 3 Months | 2500=00 | 2% Tender Amount of |

**Time Schedule**

a) Last Date for purchase of tender Documents from Account Section of the College on All working days during office hours 2PM 27-05-2026 to 07-06-2026.

b) Submission of tender up to 2 pm in the office, or registered post 13-06-2026.

c) Opening of tender by the college and within as per requirement days from the last.

**Condition of Contract-**

1. D.D/TD/Should be made in the favor of Principal S.P.M College, Udantpuri, Bihar Sharif (Nalanda) Bihar.
2. Tender is open only to the eligible and experienced contractors/firms of Appropriate Class Registered with University.
3. The intending tender/contractors should apply in writing for issue of tender documents. The application would invariably be signed by the contractor himself/ herself the tender.
4. Undesigned has every right to cancel the tender without assigning any reason.

**Principal**
S.P.M College, Udantpuri
Bihar Sharif (Nalanda) Bihar - 803101


# तिलौथू में शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई ईद-अल-अजहा की नमाज, भाईचारे का दिया संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड सहित पूरे क्षेत्र में ईद-अल-अजहा (बकरीद) का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया। तिलौथू ईदगाह मस्जिद में सुबह 6:15 बजे हजारों अकीदतमंदों ने सामूहिक रूप से ईद की नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे तथा सौहार्द का संदेश दिया। नमाज से पूर्व इमाम कारी अनवर उल हक साहब ने अपने तकरीर में हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम की कुर्बानी का जिक्र करते हुए बताया कि अल्लाह की रजा के लिए उन्होंने अपने बेटे हजरत इस्माईल अलैहिस्सलाम की कुर्बानी देने का संकल्प लिया था। उनकी इस अटूट आस्था और समर्पण से खुश होकर अल्लाह पाक ने हजरत इस्माईल की जगह जन्नत से भेजे गए दुम्बे की कुर्बानी कबूल फरमाई। तभी से पूरी दुनिया में इस्लाम धर्मावलंबी ईद-अल-अदहा के मौके पर कुर्बानी पेश करते हैं। इमाम साहब ने कहा कि कुर्बानी का असली मतलब सिर्फ जानवर की कुर्बानी देना नहीं है, बल्कि अपने अंदर की बुराइयों, घमंड, तकब्बुर और नफरत को खत्म करना भी सच्ची कुर्बानी है। गरीबों से मोहब्बत करना, पड़ोसियों का ख्याल रखना और इंसानियत की राह पर चलना ही इस पर्व का वास्तविक संदेश है। उन्होंने कहा कि जब इंसान अपने भीतर की बुराइयों को त्यागता है, तभी उसकी कुर्बानी अल्लाह की बारगाह में कबूल होती है। तिलौथू प्रखंड के चुरेसर, केरपा, कोड़र, सरैया, तिलौथू, वाराडी, दूधमी और डिहरी समेत विभिन्न ईदगाहों एवं मस्जिदों में सुबह शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा की गई। पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद नजर आया। सभी प्रमुख ईदगाहों एवं मस्जिदों के आसपास पुलिस बल की तैनाती की गई थी। महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों के साथ-साथ सुरक्षा जवान लगातार निगरानी में लगे रहे। प्रशासन की ओर से लोगों से सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस प्रशासन, बीडीओ या सीओ को देने की अपील की गई थी। नमाज के बाद ईदगाह मस्जिद के पास मौजूद पुलिस प्रशासन और मीडिया कर्मियों का लोगों ने फूल देकर स्वागत किया तथा गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। पूरे क्षेत्र में भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का अद्भुत माहौल देखने को मिला।

# उत्साह के साथ मनाई गई बकरीद, बड़ी दरगाह की नूरानी मस्जिद में अदा हुई सामूहिक नमाज





**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिलेभर में बकरीद का पर्व आपसी भाईचारे, उत्साह और धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुबह से ही विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहर के बड़ी दरगाह स्थित नूरानी मस्जिद में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सामूहिक रूप से बकरीद की नमाज अदा की और अमन-चैन व देश की तरक्की के लिए दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। बच्चों और युवाओं में पर्व को लेकर खास उत्साह देखा गया। लोगों ने अपने घरों में कुर्बानी की रस्म अदा कर जरूरतमंदों के बीच मांस का वितरण भी किया। पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। मौके पर सदर एसडीओ अमित अनुराग तथा नगर इंस्पेक्टर अपने दल-बल के साथ मौजूद रहे और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते रहे। प्रशासन द्वारा संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी गई थी ताकि किसी प्रकार की असुविधा उत्पन्न न हो। शहर के विभिन्न इलाकों में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों से शांति और भाईचारे के साथ पर्व मनाने की अपील की। बकरीद के अवसर पर पूरे नवादा में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला।

### रजौली में ईदगाहों में उमड़ी नमाजियों की भीड़

रजौली में गुरुवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व पूरे अकीदत और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही करबला नगर, तकिया मोहल्ला, चितरकोली, कुंडला मोहल्ला, पचम्बा, अमावां समेत मुस्लिम बहुल गांवों की ईदगाहों और मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने बकरीद की दो रकात नमाज वाजिब अदा कर अपने और परिवार की सुख-समृद्धि की दुआ मांगी। नमाज के बाद मुल्क की तरक्की, खुशहाली और आपसी प्रेम-मोहब्बत कायम रहने के लिए विशेष दुआ की गई। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी।

**हिंदू समुदाय ने भी दी बधाई, दिखी गंगा-जमुनी तहजीब**

इस मौके पर हिंदू समुदाय से जितेंद्र कुमार सिंह उर्फ टुनटुन सिंह, पंचायत समिति सदस्य प्रमोद कुमार, अमावां पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र कुमार, मुखिया उमेश चौधरी, अमावां पूर्वी मुखिया प्रतिनिधि उमेश यादव, डीलर योगेन्द्र पासवान एवं पूर्व पैक्स अध्यक्ष अशोक राय समेत दर्जनों लोग मुस्लिम भाइयों को बधाई देने पहुंचे। इससे रजौली में गंगा-जमुनी तहजीब और भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। बकरीद पर बच्चों में खासा उत्साह दिखा। ईदगाहों के पास लगे मेलों में बच्चों ने जमकर खरीदारी की और झूलों का आनंद लिया। पर्व को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। सभी ईदगाहों और मस्जिदों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। एसडीएम स्वतंत्र कुमार सुमन, सीओ मो. गुफरान मजहरी और थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार पुलिस बल के साथ लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते रहे।

### ईदगाह में नमाजियों की दिखी लंबी कतारें

**हिलसा (नालंदा)**। हिलसा अनुमंडल क्षेत्र में गुरुवार को त्याग, कुर्बानी और भाईचारे का पर्व ईद-उल-अजहा हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। सुबह से ही ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। हिलसा शहर के योगीपुर रोड स्थित ईदगाह में नमाजियों की लंबी कतारें देखी गईं। यहां सुबह सात बजे इमाम कारी मोहम्मद मोनाजिर हसन ने ईद-उल-अजहा की नमाज अता कराई। वहीं वार्ड संख्या छह स्थित परवलपुर मस्जिद में सुबह 7:15 बजे मौलाना मो. मीनाश ने नमाज पढ़ाई। जामा मस्जिद में सुबह आठ बजे इमाम कारी मोहम्मद तालिब अनवर ने नमाज अता कराई। तीनों स्थानों पर अलग-अलग समय में नमाज अता की गई। नमाज के दौरान इमामों ने बकरीद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस्लाम में दो प्रमुख ईद मनाई जाती हैं। पहली ईद-उल-फितर, जो रमजान के रोजे पूरे होने के बाद मनाई जाती है, जबकि दूसरी ईद-उल-अजहा त्याग और कुर्बानी का संदेश देती है। उन्होंने हजरत इब्राहिम अलैहिस्सलाम के त्याग और समर्पण की मिसाल बताते हुए कहा कि कुर्बानी इंसान को अल्लाह की राह में समर्पण का संदेश देती है। नमाज के बाद लोगों ने सोशल मीडिया, मोबाइल संदेश और अन्य माध्यमों से अपने परिजनों, रिश्तेदारों एवं दोस्तों को बकरीद की शुभकामनाएं दीं। राजद नगर अध्यक्ष मो. परवेज आलम ने कहा कि बकरीद भाईचारे, त्याग और समर्पण का पर्व है, जो समाज में प्रेम और सौहार्द का संदेश देता है। पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा।

# आधे दाम में टोल टैक्स टेंडर से उठे सवाल, बिहारशरीफ नगर निगम घिरा विवादों में

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। बिहारशरीफ नगर निगम में टेम्पो और ई-रिक्शा टोल टैक्स वसूली को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। वर्ष 2026-27 के लिए टोल टैक्स वसूली का ठेका पिछले वर्ष की तुलना में लगभग आधी राशि पर दिए जाने से नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। इस मामले को लेकर वाहन चालकों, स्थानीय लोगों और सामाजिक कार्यकर्ताओं में नाराजगी देखी जा रही है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2025-26 में टेम्पो एवं ई-रिक्शा टोल टैक्स वसूली का ठेका लगभग 56 लाख रुपये में दिया गया था, जबकि वर्ष 2026-27 के लिए यही ठेका करीब 28 लाख 50 हजार रुपये में आवंटित किया गया है। टेंडर राशि में आई इस भारी कमी को लेकर लोग सवाल उठा रहे हैं। आमतौर पर बढ़ती महंगाई, वाहनों की संख्या और राजस्व संभावनाओं को देखते हुए ठेका राशि बढ़ने की उम्मीद रहती है, लेकिन यहां इसके उलट कमी दर्ज की गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर में टेम्पो और ई-रिक्शा की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में टेंडर राशि कम होना जांच का विषय है। लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। कई लोगों का मानना है कि यदि टेंडर प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता हुई है तो दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। दूसरी ओर वाहन चालकों ने आरोप लगाया है कि निर्धारित शुल्क से अधिक राशि वसूली जा रही है। चालकों के अनुसार ई-रिक्शा से निर्धारित 7 रुपये के बजाय 10 रुपये तक लिए जा रहे हैं। वहीं छोटे और बड़े टेम्पो से भी तय दर से अधिक वसूली का आरोप लगाया गया है। चालकों का कहना है कि विरोध करने पर वसूली कर्मियों द्वारा अभद्र व्यवहार किया जाता है। सबसे अधिक शिकायत बिहारशरीफ के अस्पताल चौक स्थित टोल वसूली केंद्र को लेकर सामने आ रही है। वाहन चालकों का कहना है कि यह शहर का व्यस्त इलाका है, जहां प्रतिदिन प्रशासनिक अधिकारी गुजरते हैं, इसके बावजूद कथित अधिक वसूली जारी है। कई चालकों ने शिकायतों पर कार्रवाई नहीं होने का भी आरोप लगाया है। समाजसेवी संजय कुमार सिन्हा ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि टेंडर राशि में अचानक आई भारी गिरावट से राजस्व हानि की आशंका पैदा होती है। उन्होंने सरकार से पारदर्शी जांच कराने तथा जरूरत पड़ने पर टेंडर प्रक्रिया को पुनः कराने की मांग की है। साथ ही टोल केंद्रों पर निर्धारित शुल्क सूची सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने और अधिक वसूली पर कार्रवाई करने की भी मांग उठाई है। फिलहाल यह मामला शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोगों की नजर प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर टिकी हुई है।

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत

**नगरनौसा(नालंदा)**। नगरनौसा थाना क्षेत्र के रामघाट-लोहण्डा पथ स्थित भोभी हाई स्कूल के पास पिकअप की चपेट में आने से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। मृतक की पहचान भोभी गांव निवासी गया पासवान के 60 वर्षीय पत्नी शंकुतला देवी के रूप में की गई है। घटना के सम्बंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक अपने घर से पैदल सड़क के किनारे किनारे हाई स्कूल भोभी की तरफ जा रही थी कि पीछे से आ रहा पिकअप ने टक्कर मार दिया। टक्कर लगने से महिला गम्भीर रूप से जख्मी हो गई। तत्काल ग्रामीण जख्मी महिला को हिलसा इलाज के लिए ले जाया गया जहां इलाज के दौरान जख्मी महिला शकुंतला देवी की मौत हो गई। इधर घटना की जानकारी मिलती है थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार मिश्रा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बिहारशरीफ भेज दिया।

## एक नजर

### बाइक के साथ तीन आरोपित गिरफ्तार



**नारदीगंज (नवादा)**। नारदीगंज थाना की पुलिस एक अपाची बाइक के साथ तीन किशोर आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 26 मई 2026 को शाम में नवादा-नालंदा सीमा पर वनगंगा के समीप एक उजले रंग के अपाची के साथ तीन किशोर को दबोचा। सभी आरोपी कहुआरा गांव के रहने वाला है। सघन पूछताछ के बाद गिरफ्तार आरोपितों को किशोर न्यायालय में भेज दिया गया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार गिरफ्तार आरोपियों से सघन पूछताछ कर बड़े नेटवर्क को खुलासा होने की उम्मीद जताई है। जब्त बाइक पर (बीआर 27 भी/2777) नकली नम्बर प्लेट अंकित था। यह बाइक पटना गोपालपुर से वर्ष 2022 में चोरी हुई थी। सभी किशोर की उम्र क्रमशः ( दो किशोर का 16 वर्ष) और एक किशोर का उम्र 12 वर्ष है। कहा गया मामला के खुलासे के बाद कांड संख्या 183/2026 दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत कर दिया गया है।

### ईद उल अजहा पर्व भाईचारा के साथ मनाया गया

**नारदीगंज (नवादा)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। नारदीगंज बाज़ार के जामा मस्जिद में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ईद उल अजहा (बकरीद) पर्व के पाक अवसर पर गुरुवार को शांतिपूर्वक भाईचारा के साथ नमाज अदा की गई। इस दौरान तनवीर आलम, जावेद आलम, वसीम, बबलू आलम, अमन सिद्दीकी,डा. रकीब खान,डा. मुर्तजा खान,जुबैर खान समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। थानाध्यक्ष राजेश कुमार,एसआई अभिषेक कुमार व सशस्त्रबल के साथ विधि व्यवस्था में मुस्तैद रहे। इधर, पड़रिया अब्दुलपुर गांव के अलावा बस्ती बिगहा बहादुर गंज, मसौढ़ा, चिरैयां, हरनारायणपुर,पेश समेत अन्य गांवों में भी बकरीद का त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया।

### हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बकरीद

**कौआकोल/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। कौआकोल प्रखंड में ईद-उल-अजहा (बकरीद) हर्षोल्लास एवं आपसी भाईचारे के माहौल में मनाया गया। प्रखंड मुख्यालय समेत विभिन्न गांवों की मस्जिदों और ईदगाहों में निर्धारित समय पर अकीदतमंदों ने बकरीद की नमाज अता की। नमाज के दौरान लोगों ने देश और क्षेत्र में अमन-चैन, खुशहाली तथा अच्छी बारिश की दुआ मांगी। नमाज अता करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और खुशियां साझा कीं। इस दौरान कई जगहों पर गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत मिसाल देखने को मिली, जहां हिन्दू समुदाय के लोगों ने भी मुस्लिम भाइयों को ईद की बधाई दी और आपसी सौहार्द का संदेश दिया। नमाज के बाद लोग अपने-अपने घर लौटे, जहां लजीज व्यंजनों का दौर चला। दिनभर लोगों का एक-दूसरे के घर आना-जाना लगा रहा और मेहमाननवाजी के साथ मुबारकबाद देने का सिलसिला जारी रहा। बकरीद पर्व को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। प्रखंड के संवेदनशील इलाकों में दंडाधिकारियों की मौजूदगी में भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। वहीं एसटीएफ के जवान लगातार सड़कों पर पेट्रोलिंग करते दिखाई दिए। कौआकोल सीओ मनीष कुमार, थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, अपर थाना ध्यक्ष अविनाश कुमार समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी और दंडाधिकारी क्षेत्र में चौकसी करते नजर आए।

### रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में भिड़ंत,रेफर


**रजौली(नवादा)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। रजौली थाना क्षेत्र के सोहदा गांव में गुरुवार की सुबह रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों में भिड़ंत हो गई। इस दौरान एक पक्ष के एक युवक के सिर पर चोट लगने के कारण गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को डायल 112 की टीम एवं परिजनों के सहयोग से इलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. नीतीश कुमार ने बताया कि घायल की पहचान मंझला गांव निवासी कैलाश यादव के पुत्र प्रवीण यादव है। घायल प्रवीण यादव के सिर में गम्भीर चोटें आई है, जिससे वो बेहोशी अवस्था में है। घायल का प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल नवादा रेफर किया गया है। रास्ते के विवाद को लेकर कुछ दिनों पूर्व अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी द्वारा सुलझाया गया था, उसके बाद भी माहौल तनावपूर्ण बना हुआ था। इस संबंध में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर रणजीत कुमार ने बताया कि सोहदा गांव में हुई मारपीट को लेकर सूचना प्राप्त हुई है। इसमें एक युवक गम्भीर रूप से घायल भी हुआ है। साथ ही कहा कि पीड़ित पक्ष द्वारा लिखित आवेदन मिलने पर अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# हरनौत में रिटायर्ड डीएसपी के घर से लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। हरनौत थाना क्षेत्र के सबनाहुआ डीह गांव में बुधवार की रात अज्ञात चोरों ने एक रिटायर्ड डीएसपी के बंद पड़े घर को निशाना बनाते हुए नकद समेत करीब 15 लाख रुपए मूल्य की संपत्ति चोरी कर ली। घटना कल्याण बीघा रोड स्थित घर में हुई, जहां चोर मेन गेट का ताला काटकर अंदर घुसे और महज आधे घंटे के भीतर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। पीड़ित दिनेश पासवान ने बताया कि बुधवार को पूरा परिवार घर में ताला लगाकर किसी कार्य से पटना गया हुआ था। देर रात वापस लौटने पर देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाने पर तीन कमरों के ताले टूटे मिले तथा अलमारी और गोदरेज भी क्षतिग्रस्त था। उन्होंने बताया कि चोरों ने गोदरेज में रखे सोने की चैन, बाला, जितिया, कनवाली, चांदी की पायल, 25 हजार रुपए नगद, महंगे कपड़े समेत अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया। घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। आशंका जताई जा रही है कि चोरी करने के बाद चोर पीछे की ओर सीढ़ी के रास्ते नीचे उतरकर फरार हो गए। घटना की सूचना गुरुवार सुबह करीब 10 बजे पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही हरनौत थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। चोरी की घटना के बाद पीड़ित परिवार काफी चिंतित है। इस संबंध में हरनौत थाना अध्यक्ष मुकेश कुमार वर्मा ने बताया कि पीड़ित द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है। घर में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस चोरों की पहचान में जुटी हुई है।

# सावरकर के राष्ट्रवादी विचार आज भी प्रासंगिक : डॉ. सुनील कुमार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर सावरकर की 143वीं जयंती के अवसर पर बिहारशरीफ विधानसभा के विधायक डॉ. सुनील कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि वीर सावरकर केवल स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी राष्ट्रनिर्माता भी थे। उनका सपना एक शक्तिशाली, संगठित, आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी भारत का था। विधायक ने कहा कि वीर सावरकर का मानना था कि कोई भी राष्ट्र तभी महान बन सकता है, जब उसके नागरिक राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें, समाज में एकता बनी रहे तथा विज्ञान और तकनीक को बढ़ावा मिले। उनके विचारों का प्रभाव समय-समय पर अनेक राष्ट्रीय नेताओं पर पड़ा। विशेष रूप से पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रहित के मार्ग में उनके कई सिद्धांतों को अपनाते हुए भारत को आत्मनिर्भर, समृद्ध और शक्तिशाली बनाने की दिशा में कार्य किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाया गया "आत्मनिर्भर भारत" अभियान वीर सावरकर की आत्मनिर्भरता की सोच को आगे बढ़ाने वाला महत्वपूर्ण कदम है। "मेक इन इंडिया", "स्टार्टअप इंडिया", "डिजिटल इंडिया" और "वोकल फॉर लोकल" जैसी योजनाओं के माध्यम से देश के उद्योग, युवाओं और तकनीकी विकास को नई दिशा मिली है। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि रक्षा क्षेत्र में भी भारत तेजी से आत्मनिर्भर बन रहा है। स्वदेशी हथियार, मिसाइल, युद्धपोत और रक्षा उपकरणों के निर्माण को बढ़ावा देकर भारत को सैन्य रूप से मजबूत किया जा रहा है। यह वही सोच है, जिसे वीर सावरकर वर्षों पहले राष्ट्र की सुरक्षा के लिए आवश्यक बताते थे। विधायक ने कहा कि वीर सावरकर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय गौरव के समर्थक थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी भारत की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाने का कार्य किया है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, काशी विश्वनाथ धाम का विकास तथा अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण जैसे कदम भारत की सांस्कृतिक शक्ति और आत्मगौरव को मजबूत करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि विदेश नीति के क्षेत्र में भी भारत की प्रतिष्ठा लगातार बढ़ी है और आज विश्व मंच पर भारत की आवाज को गंभीरता से सुना जा रहा है। विज्ञान, अंतरिक्ष, डिजिटल तकनीक, सेना शक्ति और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में भारत लगातार नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। यह परिवर्तन केवल आर्थिक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आत्मविश्वास का प्रतीक है। अंत में विधायक डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि वीर सावरकर के राष्ट्रवादी विचारों और सिद्धांतों ने भारत की राजनीति और राष्ट्र निर्माण की धारा को गहराई से प्रभावित किया है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने भारत को परमाणु शक्ति और विकासशील राष्ट्र के रूप में नई दिशा दी, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भरता, सांस्कृतिक गौरव और वैश्विक मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को मजबूत किया। उन्होंने कहा कि आज का भारत वीर सावरकर के सपनों के आत्मनिर्भर और सशक्त भारत की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है।

# निर्दोषों पर पुलिसिया कहर बर्दाश्त नहीं : रामचंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र स्थित केसौरिया गांव में बालू चोरी एवं पुलिस पर हमले की घटना को लेकर राजनीति तेज हो गई है। राजद नेता रामचंद्र यादव ने पूरे मामले पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए पुलिस कार्रवाई को मानवता को शर्मसार करने वाली घटना बताया है। उन्होंने मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने तथा दोषी पुलिसकर्मियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रेस से बातचीत करते हुए रामचंद्र यादव ने कहा कि यदि गांव में कुछ लोगों द्वारा बालू चोरी या पुलिस पर हमला जैसी घटना हुई है, तो संबंधित दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होना स्वाभाविक है। लेकिन पुलिस द्वारा निर्दोष ग्रामीणों, महिलाओं, बच्चों, बच्चियों तथा गांव में आए मेहमानों के साथ कथित रूप से की गई मारपीट और दुर्व्यवहार किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस ने कार्रवाई के नाम पर पूरे गांव में भय और आतंक का माहौल बना दिया। निर्दोष लोगों को प्रताड़ित करना कानून व्यवस्था नहीं, बल्कि सत्ता का दुरुपयोग है। रामचंद्र यादव ने कहा कि मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच कराई जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों को सजा मिले। राजद नेता ने स्थानीय विधायक एवं सांसद से भी इस गंभीर मामले को विधानसभा और संसद में उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को पीड़ित परिवारों की आवाज बनकर सरकार के समक्ष सच्चाई रखनी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि पीड़ितों को न्याय नहीं मिला तो राजद लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होगा।

## मलमास मेला से लौट रहे बुजुर्ग की सड़क दुर्घटना में मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। राजगीर थाना क्षेत्र स्थित नोनही गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर और ई-रिक्शा के बीच हुई जोरदार टक्कर में एक बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना नाहुब बायपास मार्ग पर हुई। मृतक की पहचान कृष्णा प्रसाद चौरसिया (65) के रूप में की गई है, जो खुदागंज थाना क्षेत्र के मैंदी कला गांव के रहने वाले थे। मृतक के दामाद प्रदीप चौरसिया ने बताया कि वह अपने सास-ससुर, पत्नी और बच्चों के साथ राजगीर मलमास मेला घूमने आए थे। मेला देखने के बाद सभी ई-रिक्शा से घर लौट रहे थे। इसी दौरान नोनही गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कृष्णा प्रसाद चौरसिया की मौके पर ही मौत हो गई।

# शहरी आवास भत्ता, बकाया भुगतान और प्रोन्नति में देरी पर शिक्षकों ने उठाई आवाज



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ की रोह प्रखंड इकाई की कार्यकारिणी का विस्तार बुधवार को प्राथमिक विद्यालय हिंदी बालक, रोह में आयोजित बैठक के दौरान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मिथिलेश कुमार ने की, जबकि मंच संचालन प्रहलाद पासवान ने किया। बैठक का शुभारंभ जिला अध्यक्ष दिनेश नाथ पासवान, जिला सचिव अजय कुमार एवं जिला कार्यालय सचिव सुरेश प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक में शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं, विशेष रूप से शहरी आवास भत्ता, लंबित बकाया राशि, प्रोन्नति में विलंब तथा विभागीय कार्यशैली को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष दिनेश नाथ पासवान ने कहा कि नियोजित शिक्षकों की बकाया राशि वर्षों से लंबित है, बावजूद इसके विभाग द्वारा भुगतान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि 12 वर्षीय कालबद्ध प्रोन्नति एवं विशिष्ट शिक्षकों की 8 वर्षीय प्रोन्नति से संबंधित सेवा पुस्तिका प्रखंड स्तर से जिला शिक्षा कार्यालय नहीं भेजी जा रही है, जिससे शिक्षकों को समय पर प्रोन्नति का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षकों की ओर से लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, रोह विभिन्न कार्यों के लिए अवैध राशि की मांग करते हैं। इससे शिक्षकों का मानसिक एवं आर्थिक शोषण हो रहा है। जिला सचिव अजय कुमार ने कहा कि विशिष्ट, नियमित, विद्यालय अध्यापक एवं प्रधान शिक्षकों की बकाया राशि का भुगतान अब तक लंबित है। साथ ही प्रधान शिक्षकों के वेतन में विसंगतियों के कारण उन्हें कम वेतन मिल रहा है। उन्होंने जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्थापना, नवादा से शिविर लगाकर वेतन विसंगतियों को दूर करने की मांग की। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। मिथिलेश कुमार को प्रखंड अध्यक्ष, उपेंद्र कुमार को प्रखंड सचिव तथा सुरेंद्र कुमार को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं प्रखंड उपाध्यक्ष के रूप में सुनील कुमार, प्रहलाद पासवान, विजय कुमार निराला एवं ममता कुमारी को चुना गया। संयुक्त सचिव पद पर दिनेश कुमार, विनोद कुमार, मुकेश कुमार सिंह एवं गुरदास पासवान का चयन हुआ। अंकेक्षक के रूप में अरविंद कुमार पासवान तथा कार्यालय सचिव के रूप में दीप नारायण सिंह को जिम्मेदारी दी गई। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में बेबी फाकरा जहां, आनंद कुमार, संतोष कुमार, राजेश हेम्ब्रम, संजय पासवान एवं कंचन कुमारी का चयन किया गया। जिला कमिटी की ओर से सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। बैठक में जिला उपाध्यक्ष विनोद कुमार, राज्य परिषद सदस्य दिनेश कुमार शर्मा, सुनील कुमार पासवान सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

**बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ की रोह प्रखंड इकाई का विस्तार**

# हेल्पलाइन सेवाओं एवं बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना की दी गई जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज (नवादा)**। प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय, सभड़ी में जिला प्रशासन की ओर से जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों तथा जीविका से जुड़ी महिलाओं को चाइल्ड हेल्पलाइन, महिला हेल्पलाइन, साइबर क्राइम हेल्पलाइन, एनिमल हेल्पलाइन और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई। वन स्टॉप सेंटर की ओर से पहुंचे अमन कुमार, रजनी कुमारी एवं वर्षा कुमारी ने उपस्थित लोगों को विभिन्न सरकारी हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि बाल विवाह, बाल यौन शोषण, बाल श्रम तथा मानव तस्करी जैसी गंभीर समस्याओं से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर चौबीसों घंटे संपर्क किया जा सकता है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से बच्चों को तत्काल सहायता एवं संरक्षण उपलब्ध कराया जाता है। महिलाओं को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि घरेलू हिंसा, शारीरिक या मानसिक उत्पीड़न, छेड़छाड़ अथवा अन्य महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों में महिला हेल्पलाइन 181 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। जिला प्रशासन ऐसी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की जानकारी देते हुए बताया गया कि यह अभियान महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा कन्या भ्रूण हत्या की रोकथाम, लिंगानुपात में सुधार तथा महिलाओं और बालिकाओं के प्रति भेदभाव समाप्त करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। इस योजना के सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं, जिससे बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा मिला है और स्कूल छोड़ने की दर में कमी आई है। सरकार द्वारा साइकिल, पोशाक एवं छात्रवृत्ति जैसी सुविधाएं प्रदान कर बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके अलावा साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों के लिए साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 तथा पशुओं की सहायता के लिए एनिमल हेल्पलाइन 1902 की जानकारी भी दी गई। बताया गया कि सभी हेल्पलाइन सेवाएं 24×7 कार्यरत रहती हैं और शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई की जाती है। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुबोध कुमार, शिक्षक रजनीश चतुर्वेदी, राजेश कुमार, श्रवण कुमार तथा शिक्षिकाएं प्रीति कुमारी एवं पूनम कुमारी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और जीविका समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# शांतिपूर्ण माहौल में मनाया गया ईद-उल-अजहा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ**। त्याग और कुर्बानी का पर्व ईद-उल-अजहा शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाया गया। जिलेभर की मस्जिदों और ईदगाहों में सुबह से ही नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। नमाज अदा करने के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले लगकर बकरीद की मुबारकबाद दी। बिहारशरीफ शहर के बड़ी दरगाह, सोहसराय, महुआटोला, भरावपर, इमादपुर, शेखाना, शेरपुर मोहल्ला और सालूगंज समेत विभिन्न ईदगाहों एवं मस्जिदों में बकरीद की नमाज अदा की गई। वहीं हिलसा शहर के योगीपुर रोड स्थित ईदगाह में भी नमाजियों की लंबी कतारें देखने को मिलीं। यहां सुबह 7 बजे इमाम कारी मोहम्मद मोनाजिर हसन ने नमाज अदा कराई। इसके बाद परवलपुर मस्जिद में 7:15 बजे मो. मीनाक्ष मौलाना ने नमाज पढ़ाई, जबकि जामा मस्जिद में सुबह 8 बजे कारी मोहम्मद तालिब अनवर ने नमाज अदा कराई। नमाज के दौरान इमामों ने ईद-उल-अजहा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व त्याग, समर्पण और कुर्बानी का संदेश देता है। उन्होंने बताया कि इस्लाम धर्म में ईद-उल-फितर और ईद-उल-अजहा दो प्रमुख त्योहार हैं। ईद-उल-अजहा हजरत इब्राहिम की कुर्बानी की याद में मनाया जाता है। इमामों ने कहा कि अल्लाह के हुक्म पर हजरत इब्राहिम अपने पुत्र हजरत इस्माइल की कुर्बानी देने के लिए तैयार हो गए थे, लेकिन अल्लाह ने उनकी आस्था और समर्पण से प्रसन्न होकर इस्माइल को सुरक्षित बचा लिया। इसी याद में मुसलमान कुर्बानी देते हैं और अल्लाह की राह में त्याग का संदेश देते हैं। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को बकरीद की बधाई दी।

# तीन दिन में 10,882 युवाओं को नौकरी, बिहार के रोजगार मेले में विदेश तक खुले मौके

## सही अवसर और उचित मार्गदर्शन से युवाओं के लिए रोजगार का मार्ग होगा प्रशस्त : मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** स्वास्थ्य एवं संबद्ध क्षेत्र रोजगार मेला का समापन-सह-ऑफर लेटर वितरण समारोह पटना के ज्ञान भवन परिसर में किया गया। युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग की ओर से आयोजित इस तीन दिवसीय रोजगार मेले में युवाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया इसमें 70 हजार से अधिक युवाओं ने ऑनलाइन आवेदन किया वहीं 16 हजार से अधिक ने भाग लिया। समापन समारोह में विभागीय मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने स्वास्थ्य एवं संबद्ध क्षेत्र रोजगार मेला नामक पुस्तक का विमोचन किया। साथ ही मंच पर नवनियुक्त 15 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपा। मंत्री ने कहा कि पिछले तीन दिनों में प्राप्त परिणाम बिहार के युवाओं की प्रतिभा, मेहनत और सरकार की रोजगारोन्मुखी सोच का प्रमाण हैं। मंत्री ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि रोजगार प्राप्त करना केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि परिवार और समाज के विश्वास की जीत भी है। उन्होंने कहा कि इस तीन दिवसीय रोजगार मेले में 10 हजार 882 युवाओं को रोजगार प्राप्त हुआ है। इनमें 7 हजार से अधिक पुरुष और 2 हजार महिलाएं शामिल है। लगभग 2 हजार युवाओं को बिहार में व लगभग 6 हजार युवाओं को राज्य से बाहर विभिन्न जगहों पर रोजगार प्राप्त हुआ है, 1984 प्रतिभागियों ने विदेशों में उपलब्ध नौकरी में रुची दिखाई है। इसमें प्रतिष्ठित उद्योगों ने भाग लिया जिसमें मेदांता हॉस्पीटल, अपोलो मेडिकल, पारस हॉस्पीटल, रूबन हॉस्पीटल, 2050 हेस्थ केयर, मेडिमिक्स, हाईकेम, एर्बड फार्मसिटिकल, अखण्ड ज्योति नेत्र हॉस्पीटल, फोर्ड हॉस्पीटल, इत्यादि नियोक्ता सम्मिलित है। विदेशों में रोजगार के लिए जर्मनी, जापान, यूरोप, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, ओमान, बहरीन आदि देशों में अवसर मिले। ये नौकरियां हेल्थ केयर सपोर्ट, लॉजिस्टिक्स, नर्सिंग, इंडस्ट्रियल मैकेनिक्स, पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी जैसे क्षेत्रों में थीं। इस रोजगार मेले में सबसे अधिक वेतन 18 लाख रुपये प्रति वर्ष और सबसे कम वेतन 1 लाख 80 हजार रुपये प्रति वर्ष दिये गये। रोजगार मेले में सबसे आकर्षक नियुक्ति जयप्रभा मेदांता सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से की गई। संस्थान ने डॉ. कृष्णा को मेडिसिन स्पेशलिस्ट तथा डॉ. शताक्षी को क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ के पद पर 18-18 लाख रुपये वार्षिक पैकेज पर चयनित किया। वहीं हेकम इंडिया प्रा. लि. ने अपर्णा कुमारी का एच आर पद पर लगभग 88 हजार रुपये मासिक वेतन पर चयन किया जबकि महेश कुमार और प्रिंस कुमार को दिल्ली-एनसीआर में जीडीए/नर्सिंग पद के लिए 45 हजार रुपये मासिक वेतन का अवसर मिला। इसके अलावा 2025 हेल्थ केयर प्रा. लि. ने रिंकी कुमारी और रोहित का बेड साइड अटेंडेंट पद पर चयन किया। इस मौके पर विभाग के सचिव कौशल किशोर ने कहा कि यह रोजगार मेला समापन नहीं यह शुरुआत है। उन्होंने बताया कि विभाग मंत्री जी के मार्गदर्शन में विभिन्न क्षेत्रों के लिए वर्ष में छह से सात बार ऐसे रोजगार शिविर आयोजित करेगा जिससे युवाओं को नियमित रूप से रोजगार के अवसर मिल सके। इससे राज्य के युवाओं को रोजगार के साथ-साथ सिखने, समझने और विचार करने का मौका मिलेगा। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि शुरुआती दौर में वेतन को लेकर निराश न हों क्योंकि निजी क्षेत्र में अनुभव और कार्यकुशलता के आधार पर वेतन एवं पदोन्नति की संभावनाएं तेजी से बढ़ती हैं। उन्होंने कहा कि अधिकांश अभ्यर्थी नए हैं और व्यावहारिक अनुभव की कमी स्वाभाविक है, इसलिए करियर की शुरुआत धैर्य और सीखने की भावना के साथ करनी चाहिए।

# गुरुआ में लाखों की लूट के विरोध में बाजार बंद, 24 घंटे में कार्रवाई नहीं तो आंदोलन की चेतावनी


नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गुरुआ।** आभूषण व्यवसायी से लाखों रुपये की लूट और गोलीबारी की घटना के विरोध में गुरुवार को पूरे बाजार के व्यवसायियों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद रखीं। व्यवसायियों ने प्रशासन के खिलाफ आक्रोश जताते हुए 24 घंटे के अंदर अपराधियों की गिरफ्तारी और लूटे गए रुपये व गहनों की बरामदगी की मांग की। घटना के बाद मगध क्षेत्र के आईजी स्वयं गुरुआ पहुंचे और मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी टीम का गठन किया गया। आईजी ने स्पष्ट कहा कि अपराधी किसी भी कीमत पर नहीं बचेंगे और जल्द कार्रवाई की जाएगी। व्यवसायियों का कहना है कि अपराधियों की पहचान कर 24 घंटे के भीतर कड़ी कार्रवाई की जाए तथा लूटे गए करीब 40 लाख रुपये के गहने और 5 लाख रुपये नगद बरामद किया जाए। उन्होंने कहा कि यह घटना पुलिस प्रशासन की विफलता को दर्शाती है जहां अपराधियों ने खुलेआम बाजार में गोलीबारी और लूट की वारदात को अंजाम दिया। व्यवसायियों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तय समय के अंदर अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हुई तो वे आगे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। घटना के बाद गुरुआ बाजार में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। बताया जाता है कि बुधवार की देर शाम गुरुआ बाजार के आभूषण दुकानदार प्रभाकर बरनवाल अपनी दुकान बंद कर करीब 40 लाख रुपये के गहने और 5 लाख रुपये नगद लेकर घर जा रहे थे। इसी दौरान दुकान के बाहर बाइक सवार चार हथियारबंद अपराधियों ने फायरिंग करते हुए हमला कर दिया और लूट की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। विरोध करने पर अपराधियों ने दुकानदार के पैर में गोली मार दी जिससे वे घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मगध प्रमंडल के पुलिस पदाधिकारी समेत गया पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और मामले की जांच शुरू कर दी। अधिकारियों ने व्यवसायियों को आश्वासन दिया है कि जल्द ही अपराधियों की गिरफ्तारी कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

# कैशलेस इलाज से बड़ी राहत, डॉ. प्रेम कुमार ने फैसले को बताया ऐतिहासिक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार में स्वास्थ्य सुविधाओं को नई मजबूती देने की दिशा में राज्य सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। 'बिहार सरकार स्वास्थ्य योजना' के तहत कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने के कैबिनेट निर्णय को बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने ऐतिहासिक और दूरगामी बताया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि लाखों कर्मचारियों, पेंशनभोगियों और जनप्रतिनिधियों के स्वास्थ्य सुरक्षा अधिकार को मजबूत करने वाला संवेदनशील कदम है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि इस व्यवस्था के लागू होने से विधानमंडल के वर्तमान और पूर्व सदस्यों, अखिल भारतीय सेवा के कार्यरत एवं सेवानिवृत्त पदाधिकारियों, राज्य सरकार के नियमित पदाधिकारियों और कर्मियों, सेवानिवृत्त पेंशनभोगियों तथा उनके आश्रितों को इलाज के दौरान आर्थिक दबाव से बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि गंभीर बीमारी की स्थिति में अब लोगों को इलाज के लिए तत्काल धन जुटाने की चिंता नहीं करनी पड़ेगी और उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधा सहज रूप से उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने इस निर्णय के लिए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल सुशासन और जनकल्याण के प्रति सरकार की स्पष्ट प्रतिबद्धता को दर्शाती है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि बजट सत्र के दौरान कई सदस्यों ने विधानमंडल के वर्तमान और पूर्व सदस्यों, राज्यकर्मियों तथा पेंशनभोगियों के लिए कैशलेस इलाज की मांग को प्रमुखता से उठाया था। उस समय राज्य सरकार ने सदन को आश्वस्त किया था कि इस मांग को शीघ्र लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सदन की भावना और जनप्रतिनिधियों की मांग का सम्मान करते हुए सरकार ने यह ऐतिहासिक एवं जनहितकारी निर्णय लिया है जो अत्यंत प्रशंसनीय है। उन्होंने विश्वास जताया कि कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था बिहार में लोक स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी और इससे राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था अधिक मानवीय, सुलभ और प्रभावी बनेगी।

# शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई बकरीद की नमाज, प्रशासन मुस्तैद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न ईदगाहों एवं मस्जिदों में गुरुवार को बकरीद का पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। सुबह करीब सात से आठ बजे के बीच मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सामूहिक रूप से बकरीद की नमाज अदा कर देश एवं समाज में अमन-चैन, भाईचारे और खुशहाली की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। प्रखंड के कोंच, आंती, काबर, काजीचक, विश्वनाथपुर, देवरा बाजार, सिमरहुआ, भाम, मडूका, करमाइन, नेहोरा, पकरी एवं ढिबरी समेत विभिन्न गांवों की मस्जिदों और ईदगाहों में बड़ी संख्या में अकीदतमंद नमाज में शामिल हुए। पर्व को लेकर सुबह से ही उत्साह का माहौल देखा गया। बच्चों और युवाओं में विशेष उत्साह नजर आया।

**सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क**

बकरीद को लेकर कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार एवं आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव दल-बल के साथ पूरी तरह मुस्तैद रहे। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। स्थानीय प्रशासन के अधिकारी लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर स्थिति पर नजर बनाए हुए थे। थानाध्यक्ष एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने लोगों से शांति एवं आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। पर्व के दौरान कहीं से किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली।

**बकरीद देती है त्याग और भाईचारे का संदेश**

सामाजिक कार्यकर्ता महताब अंसारी, बिहार सरकार सुन्नी वक्फ बोर्ड टिकारी उपाध्यक्ष जमीलू रहमान, पैक्स अध्यक्ष अशरफ अंसारी, मुखिया प्रतिनिधि मो. इंतेशाब, राजद नेता मो. आकिब आलम तथा सरपंच प्रतिनिधि मो. शाहिद उर्फ साहू ने लोगों को बकरीद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि यह पर्व त्याग, कुर्बानी, इंसानियत और भाईचारे का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि सभी के जीवन में खुशियां, अमन, तरक्की और बरकत बनी रहे। हर घर में सुख-शांति कायम रहे तथा समाज में आपसी प्रेम और सम्मान बना रहे। उन्होंने कहा कि आज जरूरत है कि लोग धर्म और जाति से ऊपर उठकर इंसानियत को सबसे बड़ा धर्म समझें और एक-दूसरे के दुख-सुख में साथ खड़े रहें। महताब ने कहा मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना, हम सबका मकसद प्यार, भाईचारा और इंसानियत को जिंदा रखना है। वहीं शांतिपूर्ण तरीके से पर्व संपन्न होने पर प्रशासन ने आम लोगों का आभार व्यक्त किया।

# बकरीद को लेकर गांधी मैदान में की गई नमाज अदा, गले लगा एक-दूसरे को दी बधाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया जी।** शहर के ऐतिहासिक गांधी मैदान में बकरीद को लेकर अकीदत के साथ नमाज अदा की गई। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की बधाई दी। साथ ही देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई। इस मौके पर ताबिश पटेल ने कहा कि बकरीद को लेकर नमाज अदा की गई है, साथ ही देश में शांति बनी रहे एवं लोगों का जीवन सुखमय हो इसके लिए हमलोगों ने दुआ मांगी है। आज कई देश एक-दूसरे से लड़ रहे हैं, ऐसे में पूरी दुनिया में शांति बने रहे, यही हमारी भावना है। वहीं स्थानीय मोहम्मद जहीर ने कहा कि बकरीद पर कुर्बानी का पर्व है, ऐसे में लोगों को अपने अहंकार की कुर्बानी देनी चाहिए। समाज में शांति का वातावरण हो और लोग एक-दूसरे के साथ अमन चैन के साथ रहे। यही हम लोगों ने दुआ मांगी है। कुछ लोग नफरत फैलाने का कार्य करते हैं, ऐसे लोगों की बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

# कड़ी सुरक्षा के बीच शेरघाटी में शांतिपूर्ण हुई ईद उल अजहा की नमाज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी कोर्ट।** शेरघाटी शहर के विभिन्न मोहल्लों और मस्जिदों में वृहस्पतिवार को ईद उल अजहा की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा की गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। पर्व को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखा। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। सभी प्रमुख मस्जिदों के पास पुलिस अधिकारियों के साथ मजिस्ट्रेट मौजूद रहे। पूर्व रात्रि में अनुमंडल प्रशासन के अधिकारियों ने विभिन्न मोहल्लों का जायजा लेकर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की थी। समाजसेवी आबिद ईमाम ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी लोगों ने मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने अपने-अपने घरों में कुर्बानी की रस्म पूरी की। वहीं नगर परिषद की ओर से शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया। मस्जिदों से लेकर कूड़ा उठाने वाले स्थानों तक लगातार सफाई कराई गई तथा सड़कों पर ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। नगर परिषद की टीम पूरे दिन सक्रिय रही।

# मानसिक रूप से कमजोर युवती लापता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** कोंच थाना क्षेत्र के महादेवपुर गांव निवासी सुखेंद्र पासवान की पुत्री रश्मि कुमारी गुरुवार से लापता है। युवती के अचानक गायब होने से परिजनों में चिंता का माहौल है। परिजनों के अनुसार रश्मि कुमारी मानसिक रूप से कमजोर है तथा काफी कम बोलती है। काफी खोजबीन के बावजूद उसका कोई सुराग नहीं मिलने पर परिवार के लोग परेशान हैं। रश्मि की लंबाई करीब चार फीट बताई गई है। उसका रंग सांवला है तथा घर से निकलते समय उसने पिंक रंग का फ्रॉक पहन रखा था। रश्मि के पिता सुखेंद्र पासवान ने कोंच थाना में गुमशुदगी का आवेदन दिया है। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है। परिजनों ने आम लोगों से अपील की है कि यदि किसी को रश्मि कुमारी के संबंध में कोई जानकारी मिले तो तत्काल कोंच थाना अथवा उसके परिजनों को सूचित करें।

# करंट की चपेट में आने से किशोर की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र के चेत बिगहा गांव में बिजली करंट लगने से एक किशोर की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी नागेंद्र सिंह के 17 वर्षीय पुत्र गोलू कुमार के रूप में की गई है। घटना बुधवार देर रात करीब 11 बजे की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोलू कुमार घर में सीलिंग पंखे का पल्ला लगा रहा था। इसी दौरान वह पहले से कटे हुए बिजली तार के संपर्क में आ गया जिससे उसे जोरदार करंट लग गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों एवं स्थानीय लोगों की मदद से उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। गुरुवार सुबह बिना पोस्टमार्टम कराए शव का दाह संस्कार कर दिया गया।

# नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, पति समेत चार पर हत्या का मामला दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच (गया)।** कोंच थाना क्षेत्र के देवरा गांव में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद ससुराल पक्ष पर हत्या एवं शव गायब करने का गंभीर आरोप लगा है। मामले को लेकर मृतका की मां ने कोंच थाने में प्राथमिकी दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतका प्रियंका कुमारी (22 वर्ष), स्वर्गीय सुनील कुमार की पुत्री थी। उसकी शादी करीब 11 माह पूर्व देवरा गांव निवासी सचिन कुमार, पिता उमेश यादव के साथ हुई थी। मृतका की मां मंजू देवी ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी की हत्या पति समेत ससुराल पक्ष के चार-पांच लोगों ने मिलकर कर दी तथा साक्ष्य छिपाने की नीयत से शव को गायब कर दिया। दर्ज आवेदन में पति सचिन कुमार, ससुर उमेश यादव, भैंसुर रितेश कुमार एवं गौतनी को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन आरोपितों की गिरफ्तारी एवं निष्पक्ष जांच की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि मृतका की मां के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है तथा आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# गुरूआ में पत्रकार पर हमला लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर आघात : आकाश प्रियदर्शी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया जी।** बिहार के गुरूआ में भाजपा नेता अमित दांगी द्वारा पत्रकार अमित कुमार को बंधक बनाकर बेरहमी से पीटने, लूटपाट करने, मानसिक प्रताड़ना देने और जान से मारने की धमकी देने की घटना की चौतरफा निंदा हो रही है। इस शर्मनाक वारदात पर गहरा आक्रोश व्यक्त करते हुए युवा समाजसेवी सह विशाल प्राइवेट आईटीआई बोधगया के ट्रस्टी सदस्य आकाश प्रियदर्शी उर्फ एपी ने इसकी कड़ी आलोचना की है। उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि किसी खबर में नाम न छपने से नाराज होकर एक पत्रकार के साथ इस तरह की बर्बरता करना सीधे तौर पर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि इस देश में संविधान सर्वोपरि है और किसी भी रसूखदार या नेता को कानून अपने हाथ में लेने का कोई अधिकार नहीं है। आकाश प्रियदर्शी ने पुलिस प्रशासन से इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है ताकि प्रेस की स्वतंत्रता और सुरक्षा अक्षुण्ण बनी रहे।

# महाबोधि मंदिर का दर्शन करने आज बोधगया आयेंगे म्यांमार के राष्ट्रपति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** म्यांमार के राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर बोधगया पहुंचेंगे। अपने दौरे के दौरान वह महाबोधि मंदिर में पूजा - अर्चना कर भगवान बुद्ध को नमन करेंगे। उनके साथ वरीय अधिकारियों व बौद्ध प्रतिनिधियों का एक उच्चस्तरीय शिष्टमंडल भी मौजूद रहेगा। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह सतर्क है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद किया जा रहा है। राष्ट्रपति के प्रस्तावित दौरे की तैयारियों को लेकर गुरुवार को गया जी एयरपोर्ट सभागार में डीएम शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में एडवांस्ड सिक्योरिटी लाइजन की संयुक्त बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जिला प्रशासन, पुलिस विभाग और एयरपोर्ट अथॉरिटी के अधिकारियों ने राष्ट्रपति के आगमन से लेकर प्रस्थान तक सुरक्षा, यातायात नियंत्रण और प्रोटोकॉल व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की।

# कुछ ही महीनों में जर्जर हुई सड़क, निर्माण कार्य पर उठे सवाल



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गया जी।** प्रखंड क्षेत्र के घोराघाट पंचायत अंतर्गत घोराघाट यज्ञ मंडप के समीप बनी सड़क निर्माण के कुछ ही महीनों बाद टूटने लगी है। सड़क कई स्थानों पर दरक गई है जबकि बीच सड़क में बड़ा गड्ढा बनने से राहगीरों और ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की स्थिति देखकर ग्रामीणों में नाराजगी है तथा निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय ग्रामीण राजकुमार पासवान ने बताया कि उक्त सड़क का निर्माण हाल ही में कराया गया था, लेकिन सड़क समय से पहले ही क्षतिग्रस्त होने लगा। उन्होंने कहा कि अभी बरसात का मौसम शुरू भी नहीं हुआ है और सड़क की यह हालत हो गई है। बारिश शुरू होने के बाद स्थिति और भयावह हो सकती है जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित होने की आशंका है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क टूटने से रोजाना आने-जाने वाले लोगों को काफी दिक्कत हो रही है। खासकर बाइक और साइकिल चालकों को दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

# बिहार के 211 नए डिग्री कॉलेजों में नए सत्र से शुरू होगी पढ़ाई

## नए डिग्री कॉलेजों में प्रथम चरण में 6 विषयों की होगी पढ़ाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य में खुलने वाले नए डिग्री कॉलेजों में पढ़ाई प्रारंभ करने की तैयारी शुरू कर दी गई है। उच्च शिक्षा विभाग ने राज्य के 211 नए डिग्री महाविद्यालयों में नये सत्र से पढ़ाई शुरू करने के लिए प्राचार्यों की तैनाती कर दिया है। विदित हो कि राज्य सरकार ने सात निश्चय-3 के चौथे निश्चय उन्नत शिक्षा उज्ज्वल भविष्य के तहत डिग्री महाविद्यालय विहीन सभी प्रखंडों में नए डिग्री कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है। इसको लेकर उच्च शिक्षा विभाग ने एक जुलाई से शुरू होने वाले नए शैक्षिक सत्र से नए डिग्री कॉलेजों में पढ़ाई शुरू कराने के लिए तैयारी प्रारंभ कर दिया है। बताया जाता है कि राज्य के सभी 534 प्रखंडों में से 211 प्रखंडों में कोई भी अंगीभूत या संबद्ध डिग्री कॉलेज नहीं है। इसको देखते हुए राज्य सरकार के आदेश पर उच्च शिक्षा विभाग ने नए शैक्षिक सत्र से राज्य के 211 प्रखंडों में नए डिग्री कॉलेजों में पढ़ाई शुरू करने के लिए तैयारी प्रारंभ कर दिया है। इन नए डिग्री कॉलेजों में पढ़ाई प्रारंभ करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रचार्यों की तैनाती कर दी गई है। उच्च शिक्षा विभाग के अनुसार राज्य में 211 प्रखंडों में खुलने वाले नए डिग्री महाविद्यालयों में 1 जुलाई से 6 विषयों की पढ़ाई शुरू की जाएगी जिसमें हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीतिक विज्ञान और इतिहास विषय शामिल है। इन विषयों में पढ़ाई शुरू करने के लिए विभाग द्वारा तैयारी शुरू कर दिया गया है। इस संबंध में उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. एनके अग्रवाल ने बताया कि राज्य के 211 प्रखंडों में नए डिग्री कॉलेजों में नए शैक्षिक सत्र से पढ़ाई शुरू करने के लिए सभी कॉलेजों में प्राचार्यों की तैनाती कर दी गई है। इन कॉलेजों में प्रथम चरण में छह विषयों की पढ़ाई शुरू होगी। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है।


Minolta

MINOLTA FINANCE LIMITED

**Registered Office:** Unique Pearl, BL-A, Hatiara, Roy Para, Kolkata, West Bengal, India, 700157.
**CIN:** L65921WB1993PLC057502 | **Email Id:** minoltafinance@gmail.com | **Website:** www.mintola.co.in

**STATEMENT OF AUDITED FINANCIAL RESULT FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2026**

(₹ In Lacs)

| Sr. No. | Particulars | QUARTER ENDED | | | YEAR ENDED | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | As on 31.12.2026 | As on 31.12.2025 | As on 31.03.2025 | As on 31.03.2026 | As on 31.03.2025 |
| | | Audited | Unaudited | Audited | Audited | Audited |
| 1. | Total Income from Operation | 538.44 | 455.77 | 33.88 | 1,196.92 | 101.88 |
| 2. | Total Expenses | 558.31 | 300.45 | 37.76 | 1,401.97 | 100.40 |
| 3. | Net Profit/ (Loss) for the period before Tax | (19.87) | 155.32 | (3.88) | (205.04) | 1.48 |
| 4. | Net Profit/(Loss) for the period after Tax | (6.51) | 244.07 | (4.14) | (142.81) | 1.22 |
| 5. | Paid-up Equity Share Capital (Face value 1/- each) | 999.958 | 999.96 | 999.96 | 999.96 | 999.96 |
| | Basic & Diluted | (0.01) | 0.24 | (0.00) | (0.14) | 0.00 |

**Notes:**

1. The above audited Financial Results along with limited review have been reviewed by the Audit Committee thereafter approved and record by Board of Directors at their meeting held on 26.05.2026.
2. As required under clause 33 of SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, the Statutory Auditors of the Company have carried out of financial result for the Financial Result year ended March 31, 2026.
3. The Company has adopted Indian Accounting Standard (Ind AS) for the financial year commencing from 1st April 2019 and above results have been prepared in accordance with IND AS prescribed under section 133 of the Companies Act, 2013 and read with relevant rule made thereunder.
4. The Figures of quarter ended March 31, 2026 and March 31,2025 are the balancing figures between the full year ended andnine month ended for comparative year respectively.

The full format is also available on the website of the company i.e. www.mintola.co.in and BSE's and CSE's Website i.e.https://www.bseindia.com and www.cse-india.com.

**MINOLTA FINANCE LIMITED**
**Sd/-**
**Arvind J. Gala**
**Director**
**DIN: 02392119**

**Place: Mumbai**
**Date : 26th May, 2026**

संपादकीय

# ट्रंप का दांव, मुश्किल में पाक

यह अब पूरी तरह से साफ है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के इशारे पर ही काम कर रहे हैं। ईरान से युद्ध विराम को लेकर वो हर घंटे जिस तरह बयान बदल रहे हैं और उनके इस रवैये की वजह से दुनिया के बाजार ऊपर-नीचे हो रहे हैं, उससे यही लग रहा है कि असल में सिर्फ अपनी शर्तों पर ईरान से समझौता चाहते हैं, जोकि व्यावहारिक रूप से संभव नहीं है। लेकिन ट्रंप की ताजा शर्त ने सभी अरब मुल्कों और खासकर अमेरिका के पिछलग्गू बने पाकिस्तान को खासी मुश्किल मं डाल दिया है। ईरान से समझौते पर असमंजस के बीच राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सभी अरब और मुस्लिम देशों से कहा है कि वे इजराइल के साथ अपने रिश्ते बेहतर करें। है। उन्होंने शनिवार को सऊदी अरब, कतर, पाकिस्तान, तुर्किये, मिस्र और जॉर्डन के नेताओं के साथ वर्चुअल मीटिंग की। इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर देते हुए ट्रंप ने लिखा कि अमेरिका ने ईरान संकट को सुलझाने के लिए बहुत मेहनत की है। अब जरूरी है कि ये सभी देश अब्राहम अकॉर्ड्स (समझौते) में शामिल हों। यानी इजराइल के साथ रिश्ते बेहतर करें।


ट्रम्प ने कहा कि यूएई और बहरीन पहले से अब्राहम समझौते का हिस्सा हैं। कुछ देशों के पास इसमें शामिल न होने की 'एक-दो वजहें' हो सकती हैं, लेकिन ज्यादातर देशों को इसके लिए तैयार होना चाहिए। ट्रम्प ने कहा कि अगर ये देश इजराइल के साथ रिश्ते बनाते हैं तो यह समझौता इतिहास की सबसे बड़ी घटनाओं में बदल सकता है। उन्होंने दावा किया कि अब्राहम अकॉर्ड्स से जुड़े देशों को आर्थिक, व्यापारिक और सामाजिक स्तर पर बड़ा फायदा हुआ है। ट्रंप ने यह भी कहा कि यूएई, बहरीन, मोरक्को, सूडान और कजाकिस्तान को इससे खूब फायदा मिला है। उन्होंने इसे दुनिया का सबसे सम्मानित और सबसे महत्वपूर्ण समझौता बताया। अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प ने शनिवार को मोहम्मद बिन सलमान (सऊदी), मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान (यूएई), तमिम बिन हमद अल थानी (कतर), आसिम मुनीर (पाकिस्तान), रजब तैयब एर्दोआन (तुर्किए), अब्देल फतह अल-सिसी(मिस्र) समेत कई नेताओं से बातचीत की थी। लेकिन ट्रम्प ने जब इन नेताओं से इजराइल के साथ रिश्ते सुधारने को कहा तो कॉल पर कुछ सेकेंड के लिए चुप्पी छा गई। खासकर सऊदी अरब, कतर और पाकिस्तान की तरफ से कोई तत्काल प्रतिक्रिया नहीं आई। माहौल इतना शांत हो गया था कि ट्रम्प ने मजाक में पूछ लिया, 'क्या आप लोग अभी भी फोन लाइन पर हैं?' आखिर में ट्रम्प ने अपने प्रतिनिधियों को निर्देश दिया है कि वे इन देशों को अब्राहम अकॉर्ड्स में शामिल करने की प्रक्रिया तुरंत शुरू करें। इस समझौते में उन्होंने ईरान को भी जोड़ लिया। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान उनके साथ समझौता करता है, तो उसे भी अब्राहम अकॉर्ड्स का हिस्सा बनाना 'सम्मान' की बात होगी। दरअसल, पाकिस्तान समेत इन मुस्लिम देशों ने अभी तक इजराइल को मान्यता नहीं दी है। ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल में इसे पश्चिम एशिया में नई रणनीतिक व्यवस्था के रूप में पेश किया था। अब ट्रम्प चाहते हैं कि इस समझौते का दायरा और बढ़े। इसमें सबसे बड़ी बाधा सऊदी अरब और पाकिस्तान हैं। कहते हैं कि प्रिंस सलमान पहले इजराइल के साथ बेहतर रिश्तों के लिए पहले तैयार भी हो गए थे। लेकिन गाजा युद्ध के बाद हालात बदल गए। पाकिस्तान के लिए इजराइल से समझौता करना राजनीतिक आत्महत्या जैसा होगा। लेकिन वह इंकार करेगा तो ट्रंप की नजरों में अहमियत खो देगा। यानी पाकिस्तान के लिए इधर कुआं, उधर खाई वाली स्थिति है।

# पीएम मोदीजी के स्वर्णिम 12 साल

**लोकतंत्र में श्रेष्ठ नेतृत्व की पहचान नीति, नीयत और निष्ठा की कसौटी पर खरा उतरने से होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मापदंड पर सर्वथा खरे उतरे हैं। देश की जनता ने बड़ी उम्मीदों के साथ उन्हें देश का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी सौंपी और उन्होंने 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की प्रथम बार शपथ ली। बतौर प्रधानमंत्री अपने 12 वर्ष के लगातार कार्यकाल में उन्होंने राजपथ को कर्तव्य पथ के रूप में स्वीकारा तथा देशवासियों का विश्वास जीतने में कामयाब रहे।**

**सुरेश पचौरी**

नरेन्द्र मोदी ऐसे कर्मयोगी हैं, जो 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' के राष्ट्र-भाव को चरितार्थ करते हुए 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वाास' का संकल्प लेकर भारत को दुनिया का सिरमौर बनाने में अहर्निश लगे हुए हैं। मोदीजी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार का सिद्धांत है- रिफार्म, परफार्म एवं ट्रांसफॉर्म। प्रधानमंत्री ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प की सिद्धि के लिए अपनी प्राथमिकता में त्ङ्कह्न को रखा है। त्त का तात्पर्य गरीब, ङ्क का तात्पर्य युवा, ६ का तात्पर्य अन्नदाता किसान और ह्न का तात्पर्य नारी। वर्तमान में केंद्र सरकार ने अपनी कल्याणकारी योजनाओं में इन पर अधिक फोकस किया है।



गरीब कल्याण कार्यक्रमः केन्द्र सरकार ने समाज के शोषित, वंचित, पीड़ित एवं सर्वहारा वर्ग के हितों को दृष्टिगत रखते हुए अनेक ऐतिहासिक एवं कल्याणकारी निर्णय लिये हैं। नरेन्द्र मोदीजी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की। पिछले 12 वर्षों में यह अभियान एक जन आंदोलन बन गया है। साथ ही उज्जवला योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत करोड़ों लोग लाभान्वित हुये हैं।

युवा शक्ति की बेहतरीः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्राथमिकताओं में युवाओं के लिए अच्छा स्वास्थ्य, फिटनेस और उन्हें उचित हुनर से लैस करना शामिल है। मेक इन इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्किल इंडिया, मुद्रा कोष योजना और डिजिटल इंडिया जैसी योजनाओं ने भारत को विकसित राष्ट्र की ओर आगे बढ़ाया है।

किसान कल्याणः प्रधानमंत्री मोदी का विजन बहुत साफ़ है कि किसानों को उनकी पैदावार का सही दाम मिले। इस बाबत फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में रिकॉर्ड बढ़ोतरी की। किसान सम्मान निधि के अंतर्गत किसानों को उनके बैंक खातों में हर चार महीनों में दो हजार रुपये पहुंचाये जाते हैं। पीएम फसल बीमा योजना एवं राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (पीएमआरकेवाई) से अन्न दाता लाभान्वित हो रहे हैं।

महिला सशक्तिकरणः महिला सशक्तिकरण मोदी सरकार के विकास एजेंडे का प्रमुख हिस्सा है। मातृवंदन योजना, नारी शक्ति वंदन और 33 प्रतिशत आरक्षण से महिलाओं के जीवन में नई उम्मीद जगी है। केन्द्रक सरकार का लक्ष्य तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने का है, जिनमें से लगभग 1 करोड़ 10 लाख लखपति दीदी अपना गरिमामय जीवन जी रही हैं। 'बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ' अभियान से बेटियों का आत्मसम्मान बढ़ा है। तीन तलाक कानून की समाप्ति से मुस्लिम महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा सुनिश्चित हुई है।

स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धिः प्रधानमंत्री नरेन्द्री मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार ने देश में लगभग 2 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोले हैं। मोदी सरकार की प्राथमिकता है कि समाज के हर वर्ग खासकर सामान्य लोगों तक सतीसम, सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचें। इस दिशा में जारी प्रयास के परिणाम स्वरूप अस्पताल, इलाज और दवाओं पर होने वाला खर्च निरन्तर कम होता जा रहा है। कोरोना काल में प्रधानमंत्रीजी ने स्वदेशी वैक्सीन के आविष्कार में प्रेरक भूमिका निभाई। सांस्कृतिक विरासत का संरक्षणः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की परिकल्पना 'संकल्प विरासत का, संरक्षण भी और विकास भी' के परिणाम स्वरूप अयोध्या में रामलला की दिव्य मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा सम्पपन्न हुई। काशी में बाबा विश्वनाथ कॉरिडोर, उज्जैन में महाकाल लोक, केदारनाथ धाम का नवनिर्माण, बद्रीनाथ क्षेत्र का विकास, करतार साहब कॉरिडोर को खुलवाना, हेमकुण्ड साहब और गिरनार में रोपवे बनाना, नमामि गंगे योजना, तिरुवल्लूर में कल्चरल सेन्टर बनाना आदि उल्लेखनीय कार्यों से भारत आत्मगौरव के साथ विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्रीजी के नेतृत्व में स्वदेशी चिंतन आधुनिक देश की आर्थिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक चिंतन का आधार बन रहा है।

धारा 370 की समाप्तिः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाना एक इतिहास की धारा को मोड़ने वाला निर्णय साबित हुआ है, इससे जम्मू-कश्मीर में खुशहाली की राह खुली है और देश की एकता व अखण्डता का ताना-बाना मजबूत हुआ है।

आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीतिः प्रधानमंत्री मोदी की आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति बहुत स्पष्ट है। प्रधानमंत्री ने भारतीय सेना को पाकिस्तान पर जवाबी कार्रवाई के लिए खुली छूट दी। भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के आतंकवादी अड्डों एवं प्रशिक्षण शिविरों को जमींदोज कर दिया। प्रधानमंत्री जी ने विश्व समुदाय के सामने भारत का पक्ष रखने के निए सर्वदलीय प्रतिनिधिमण्डल भेजने का फैसला लिया, जो प्रभावी कदम साबित हुआ। यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता अपने नागरिकों का कल्याण सुनिश्चित करना है। घुसपैठ पर प्रभावी नियंत्रण के लिये केन्द्र सरकार ने बहुआयामी रणनीति बनाई है।

भारतीय सेना को सम्मानः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा विभिन्न युद्धों के दौरान शहीद हुए भारतीय सेना के जवानों की पुण्य स्मृति में दिल्ली में राष्ट्रीय शौर्य स्मारक एवं नेशनल वॉर मेमोरियल निर्मित कराये गये। पूर्व सैनिकों के लिए 'वन रैंक वन पेंशन' योजना लागू की गई। केंद्र सरकार ने देश के रक्षा बजट में काफी बढ़ोत्तरी की। स्वदेशी रक्षा उत्पादन जैसे तेजस लड़ाकू विमान, ब्रम्होस मिसाइल और अग्नि मिसाइल सिस्टम ने भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना दिया है। आज भारत लगभग 100 देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान के भीतर 100 किमी तक घुसकर कार्रवाई की। यह भारत की सैन्य क्षमता, राजनीतिक इच्छा शक्ति और राष्ट्रीय संकल्प का प्रतीक है। इससे भारत के एयर डिफेंस सिस्टम के सक्षम होने और भारत निर्मित हथियारों और मिसाइलों की श्रेष्ठता साबित हो गई।

नया भारत ''विकसित भारत'' हो इसके लिये आधारभूत संरचना को मजबूत बनाना प्रधानमंत्रीजी की प्राथमिकता है। नागरिकता संशोधन कानून, ई-गवर्नेन्स, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार, अक्षय ऊर्जा में वृद्धि, पीएम गतिशक्ति आदि योजनाएं देश को विकसित एवं खुशहाल भारत की ओर ले जाने की दूरगामी पहल है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जीवन राष्ट्र की समिधा है, और उनकी कामना रन्तिदेव की तरह राष्ट्र को वैभव पूर्ण बनाने की है।


रन्तिदेव ने कहा था -

''न त्वहं कामये राज्यं, न स्वर्गं न पुनर्भवम्।
कामये दुःखतप्ता नां, प्राणिनामार्त नाशनम्।।''

अर्थात् - न मुझे राज्य की कामना है, न स्वर्ग की और न पुनर्जन्म से छुटकारा पाने की। मेरी कामना तो यह है कि मैं दुखों से संतप्त प्राणियों के काम आ सकूं। इसी भावना से स्वप्नदृष्टा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी भारत को दुनिया के समृद्ध और शक्तिशाली देशों में शुमार करने की दिशा में संनद्ध व संकल्पबद्ध हैं।

अध्यात्म

## सच्चे गुरु के बिना बंधन नहीं छूटता



एक पंडित रोज रानी के पास कथा करता था। कथा के अंत में सबको कहता कि राम कहे तो बंधन टूटे। तभी पिंजरे में बंद तोता बोलता, यूं मत कहो रे पंडित झूठे। पंडित को क्रोध आता कि ये सब क्या सोचेंगे, रानी क्या सोचेगी। पंडित अपने गुरु के पास गया, गुरु को सब हाल बताया। गुरु तोते के पास गया और पूछा तुम ऐसा क्यों कहते हो?

तोते ने कहाः मैं पहले खुले आकाश में उड़ता था। एक बार मैं एक आश्रम में जहां सब साधु-संत राम-राम-राम बोल रहे थे, वहां बैठा तो मैंने भी राम-राम बोलना शुरू कर दिया। एक दिन मैं उसी आश्रम में राम-राम बोल रहा था, तभी एक संत ने मुझे पकड़ कर पिंजरे में बंद कर लिया, फिर मुझे एक-दो श्लोक सिखाये।

आश्रम में एक सेठ ने मुझे संत को कुछ पैसे देकर खरीद लिया। अब सेठ ने मुझे चांदी के पिंजरे में रखा, मेरा बंधन बढ़ता गया। निकलने की कोई संभावना न रही।

एक दिन उस सेठ ने राजा से अपना काम निकलवाने के लिए मुझे राजा को गिफ्ट कर दिया, राजा ने खुशी-खुशी मुझे ले लिया, क्योंकि मैं राम-राम बोलता था। रानी धार्मिक प्रवृत्ति की थी तो राजा ने रानी को दे दिया। अब मैं कैसे कहूं कि राम-राम कहे तो बंधन छूटे।

तोते ने गुरु से कहा आप ही कोई युक्ति बताएं, जिससे मेरा बंधन छूट जाए।

गुरु बोलेः आज तुम चुपचाप सो जाओ, हिलना भी नहीं। रानी समझेगी मर गया और छोड़ देगी।

ऐसा ही हुआ। दूसरे दिन कथा के बाद जब तोता नहीं बोला, तब संत ने आराम की सांस ली। रानी ने सोचा तोता तो गुमसुम पढ़ा है, शायद मर गया। रानी ने पिंजरा खोल दिया, तभी तोता पिंजरे से निकलकर आकाश में उड़ते हुए बोलने लगा गुरु मिले तो बंधन छूटे।

अतः शास्त्र कितना भी पढ़ लो, कितना भी जाप कर लो, लेकिन सच्चे गुरु के बिना बंधन नहीं छूटता।

# ट्रम्प प्रशासन से पूरी तरह तंग आए अमरीकी

**वर्तमान लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनावों के समय हर कोई नेता और राजनीतिक दल देश के मतदाताओं को दिन में तारे दिखाने के बड़े-बड़े वादे करते हैं। वे उनके जीवन को अप्रत्याशित स्वर्ग जैसी सुविधाओं से लबालब सराबोर करने के दावे पर दावे ठोकते हैं। अमरीका जैसी लोकतांत्रिक महाशक्ति के भीतर भी राष्ट्रपति चुनावों के समय विभिन्न पार्टियों से संबंधित नेता ऐसे ही वादे करते देखे जाते हैं। लेकिन व्यावहारिक तौर पर हमेशा ऐसे वादों और हकीकत में जमीन-आसमान का फर्क देखा जाता है। 2024 में 47वें अमरीकी राष्ट्रपति के चुनावों में वर्तमान अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने चुनाव अभियान के दौरान अमरीकियों से बहुत बड़े-बड़े वादे किए। उनमें सबसे बड़ा वादा यह था कि वह विश्व के इतिहास में अमरीका को फिर से एक महान अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करेंगे। परिणामस्वरूप, धड़ाधड़ अमरीकी युवा रिपब्लिकन पार्टी से जुडऩे लगे। निश्चित रूप से उन युवाओं ने ट्रम्प की जीत में अहम भूमिका निभाई।**

**दरबारा सिंह काहलों**

वादा खिलाफी : 21 जनवरी, 2025 को सत्ता संभालने के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने लोगों से किए गए वादों से बिल्कुल पीठ फेरकर अपने और अपने पूंजीपति मित्रों के मंसूबों को पूरा करने की ओर आंखें मूंदकर आगे बढऩे लगे। उन्होंने पूरे विश्व को अमरीकी आर्थिक जकड़ में बांधने के लिए भारी-भरकम और डरावनी आयात-निर्यात संबंधी टैरिफ नीति लागू करने का ऐलान किया, जो 'ट्रम्प टैरर टैरिफ' के रूप में बदनाम हो रही है। इसके अलावा पड़ोसी सांझेदार कनाडा को अमरीका का 51वां राज्य बनाने, ग्रीनलैंड, पनामा नहर और गाजा पर कब्जे के पागलपन भरे घोषणापत्रों, इसराईल के शैतान प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आत्मघाती जाल में फंसकर ईरान पर हमले के बाद आज अमरीका के हालात ये हैं कि 'द इकोनॉमिस्ट' सर्वे के अनुसार, 18 से 29 साल के युवा उनके वर्तमान प्रशासन से बुरी तरह नाराज हैं। महंगाई, बेरोजगारी, अंधकारमय भविष्य के कारण और आईस फैडरल एजैंसी की ताबड़तोड़ कार्रवाई के चलते उनकी लोकप्रियता, जो जनवरी 2025 में सत्ता संभालने के समय 45 प्रतिशत थी, अब गिरकर 25 से 33 प्रतिशत के बीच रह गई है।

निरपेक्ष सीनेटर बर्नी सैंडर्स के अनुसार, राष्ट्रपति उम्मीदवार के रूप में पहले दिन से ही ट्रम्प अमरीकियों को भरोसा देते देखे जा रहे थे कि वह देश में महंगाई खत्म कर देंगे और अमरीका को फिर से विश्व का सर्वश्रेष्ठ देश बना देंगे। लेकिन अमरीका और इसके लोगों की बदकिस्मती यह है कि आज के ट्रम्प प्रशासन में गैस 28.4 प्रतिशत, हवाई किराया 20.7 प्रतिशत, एनर्जी 17.9 प्रतिशत, बीफ और वील (बछड़े का मांस) 14.8 प्रतिशत महंगे हो चुके हैं। 'न्यूजवर्क टाइम्स' और सिएना कॉलेज सर्वेक्षण ने ट्रम्प के दृष्टिहीन, एकाधिकारवादी, तानाशाह और मनमाने नेतृत्व के कारण अमरीकी लोगों में उनकी लगातार घटती लोकप्रियता को बेनकाब करके रख दिया है। इसके अनुसार 63 प्रतिशत लोगों ने उनके प्रति नाराजगी जाहिर की है, दो-तिहाई अमरीकी ईरान के खिलाफ युद्ध के उनके फैसले को गलत मानते हैं। इससे महंगाई बढऩे के कारण पूरे देश के अंदर त्राहि-त्राहि मची हुई है। इसी समय देश के अंदर मध्यावधि चुनावों की तलवार ट्रम्प प्रशासन पर लटक रही है। लोग उनकी रिपब्लिकन पार्टी से मुंह मोड़ रहे हैं। इस समय राजनीतिक स्थिति यह है कि डैमोक्रेटिक पार्टी 10 प्रतिशत आगे चल रही है।

ट्रम्प का झूठ : ट्रम्प के 45वें राष्ट्रपति के शासन और वर्तमान 47वें राष्ट्रपति के शासन के बीच विभिन्न सर्वे दर्शाते हैं कि वह हर रोज 21 झूठ अमरीका और विश्व समुदाय के आगे परोसते हैं। अप्रैल 4, 1949 में 12 देशों पर आधारित, यूरोप से उत्तरी अमरीका तक के क्षेत्र को तत्कालीन सोवियत संघ के विस्तारवाद और सैन्य शक्ति से बचाने के लिए द्वितीय विश्व युद्ध के बाद नाटो संगठन गठित किया गया था। महाशक्ति के रूप में अमरीका को बाकी नाटो देशों की रक्षा की



जिम्मेदारी सौंपी गई थी। लेकिन पिछले 7 दशकों में भू-राजनीतिक स्थितियां बदल चुकी हैं। एक तो ट्रम्प नाटो सहयोगियों को अमरीका पर अनावश्यक बोझ समझते आ रहे थे और दूसरा, उन्होंने इन पर भी मनमर्जी से टैरिफ थोपना शुरू कर दिया। परिणामस्वरूप, उनके एकाधिकारवादी व्यवहार से तंग आकर नाटो सहयोगियों ने ईरान युद्ध में उनका साथ देने से इंकार कर दिया। जर्मनी से चिढ़े हुए ट्रम्प द्वारा अभी-अभी 5 हजार सैनिक वापस बुलाने की कार्रवाई ने अमरीका और नाटो सहयोगियों के बीच बढ़ते अंतर को उजागर कर दिया है। ट्रम्प प्रशासन अमरीकियों को झूठ परोस रहा था कि ईरान के साथ युद्ध के समय उसका खर्च 29 बिलियन आया है, जबकि स्टीफन सेल्वर रिपोर्ट के अनुसार, जो कि क्विंसी संस्था से संबंधित है, 60 दिवसीय युद्ध का खर्च 71 बिलियन डॉलर से भी अधिक आया है। उनके द्वारा प्रस्तुत विवरण दर्शाता है-1.2 बिलियन दैनिक खर्च, ऑप्रेशन खर्च 15.2 बिलियन, संपत्ति का नुकसान 11.9 बिलियन, युद्धक हथियार 41.2 बिलियन, इसराईल को भुगतान 2.9 बिलियन और इसके अलावा पेंटागन ने 100 बिलियन डॉलर की और मांग कर रखी है।

अंधी खाई : पिछले 16 महीनों के शासनकाल में ट्रम्प अमरीकी लोगों और विशेष रूप से युवाओं की समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं देते दिख रहे। इसके विपरीत, वह लगातार निरंकुश, चिड़चिड़े, बहके-बहके और धमकियों से भरे बयानों से लोगों को आतंकित करने वाले बनते जा रहे हैं। ईरान युद्ध के झटकों, आईस एजैंटों को विभिन्न शहरों में प्रदर्शनकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने भेजने, ईसा मसीह की नकल करने, पोप लियो और सुप्रीम कोर्ट के जजों को सत्ता के नशे और अर्ध-पागलपन के अधीन बेइज्जत करने जैसी कार्रवाइयों के कारण उनकी लोकप्रियता दिन-ब-दिन घटती चली जा रही है।

दिसम्बर 2025 में हार्वर्ड यूथ पोल सर्वे के अनुसार, 18 से 29 साल के केवल 13 प्रतिशत युवा अमरीकी समझते हैं कि देश सही दिशा में चल रहा है, जबकि 57 प्रतिशत इसे गलत दिशा की ओर बढ़ता देख रहे हैं। केवल 30 प्रतिशत अमरीकी मानते हैं कि उनकी स्थिति उनके माता-पिता से बेहतर है। आज के अमरीका में महंगाई उनके पूर्ववर्ती राष्ट्रपति जो बाइडेन के काल से 3.3 प्रतिशत अधिक होने से उनके कार्यकाल में हाहाकार भी मची है। शैक्षणिक क्षेत्र : फीस में वृद्धि, विशेष रूप से निजी कॉलेजों, स्कूलों और विश्वविद्यालयों में, आम परिवारों के बच्चों के लिए शिक्षा प्राप्त करना दूभर कर रही है। ट्रम्प प्रशासन ने प्रदर्शनों के विरोध में बदले की कार्रवाई करते हुए विश्वविद्यालय और कॉलेजों के छात्रों की सहायता राशि में कटौती कर दी है। स्वास्थ्य क्षेत्र : स्वास्थ्य क्षेत्र में 'डिग ब्यूटीफुल बिल' के तहत ओबामाकेयर सबसिडी बंद करने से एक करोड़ अमरीकी स्वास्थ्य बीमा से वंचित हो चुके हैं। ट्रम्प द्वारा लाखों लोगों को रोजगार मुहैया कराने के वादे पूरे नहीं हो सके हैं। 82 हजार फैक्ट्री नौकरियां खत्म हो चुकी हैं। कम वेतन पर रोजगार मिलने के कारण अमरीकी सुपरपावर का जनाजा निकल रहा है। ईरान युद्ध के कारण तेल और गैस की कीमतों में वृद्धि ने बाकी वस्तुओं की कीमतों में हुई वृद्धि ने जनता की नाराजगी को और बढ़ा दिया है। ए.आई. के व्यापार और रोजगार के क्षेत्र में शामिल होने के कारण युवा महसूस करते हैं कि यह उनके भविष्य और रोजगार पर बुरा असर डालेगी।

शोधकर्त्ता रेचल जनफाज के अनुसार, युवा ट्रम्प प्रशासन से बुरी तरह निराश होकर इससे दूर जा रहे हैं। नवम्बर 2026 में मध्यावधि चुनावों में ट्रम्प की नीतियों के कारण रिपब्लिकन को हार का सामना करना पड़ सकता है। यदि कांग्रेस के दोनों सदनों में डैमोक्रेट्स को बहुमत हासिल हो गया, तो निश्चित रूप से ट्रम्प प्रशासन के साथ टकराव इस कदर बढ़ जाएगा कि उनकी मनमर्जी नहीं चलेगी, जिससे देश की विकास गति, व्यापार और जनजीवन पर बुरा प्रभाव पडऩा तय है। यह भी कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि डैमोक्रेटिक बहुल कांग्रेस उनकी मनमानी और तानाशाहीपूर्ण नीतियों के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लाने के लिए विवश हो जाए।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
सम्पत्ति को लेकर बड़ी डील हो सकती है। आपकी कार्यक्षमता में बढ़ोत्तरी होगी। बच्चों को लेकर थोड़े चिन्तित रहेंगे। जल्दबाजी के कारण काम बिगड़ सकते हैं।

**वृषभ**
नये कार्यों से लाभ प्राप्त होगा। व्यापार में अदूरदर्शी निर्णय लेने से बचना चाहिये। उत्तम भोजन का आनन्द उठायेंगे। जीवनसाथी से अपने दिल की बातें शेयर करेंगे।

**मिथुन**
आज आप अत्यधिक व्यस्त रहने वाले हैं। पैतृक सम्पदा से लाभ प्राप्त होगा। प्रबन्धन सम्बन्धी गतिविधियों के लिये दिन बहुत अच्छा है।

**कर्क**
दिन आपके लिये चुनौतीपूर्ण रहने वाला है। ऐसे अनैतिक कार्यों से बचें जो आपको भविष्य में परेशान कर सकते हैं। आपको अपनी आर्थिक स्थिति की चिन्ता रहेगी।

**सिंह**
परिवार में मांगलिक उत्सव हो सकते हैं। सभी कार्य समय पर पूर्ण हो जायेंगे। जिसके कारण काफी दिनों से चला आ रहा तनाव समाप्त होगा।

**कन्या**
व्यापार में नयी डील करते समय सावधानी रखनी चाहिये। सिरदर्द और थकान जैसी स्थितियाँ उत्पन्न होंगी। गृहकलह से बचने के लिये अपनी वाणी में नियन्त्रण रखें।

**तुला**
व्यापार में नये अनुबन्ध होने की सम्भावना है। अपने उद्देश्यों को लेकर विचलित न हों। घर की सजावट का आप पूरा ध्यान रखेंगे।

**वृश्चिक**
आज दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें। शंका करने की प्रवृत्ति के कारण लोग आपसे नाराज हो सकते हैं। बच्चे पढ़ाई को लेकर थोड़ी समस्या महसूस करेंगे।

**धनु**
उच्च अधिकारी आपके काम के ऊपर अत्यधिक निर्भर रहेंगे। विदेश यात्रा हो सकती है। गम्भीर और बुद्धिमान लोगों की संगत में रहना पसन्द करेंगे। आपका व्यवहार लोगों को आकर्षित करेगा।

**मकर**
अनावश्यक बातों पर अधिक ध्यान न दें। नया काम शुरू करने से आपको बचना चाहिये। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई से विचलित हो सकता है। महिला जातकों को स्वास्थ्य की समस्या हो सकती है।

**कुंभ**
आज व्यवसाय में शानदार लाभ मिलेगा। धन सम्बन्धी परेशानियाँ दूर होंगी। अधूरे कार्यों को आप पूर्ण कर लेंगे। धर्म-कर्म के प्रति आपकी आस्था मजबूत होगी।

**मीन**
पुराने ऋण चुकाने का दबाव रहेगा। आपकी गलतियाँ लोगों के सामने आ सकती हैं। झिझक के कारण आपको अपनी बातें ठीक तरह से रख पाने में भी मुश्किल होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. राकेश कुमार बने एसजीआईडीटी के डीन



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय अंतर्गत संजय गांधी डेयरी प्रौद्योगिकी संस्थान (एसजीआईडीटी), पटना के डीन पद पर डेयरी सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग के प्राध्यापक डॉ. राकेश कुमार की नियुक्ति की गई है। डॉ. राकेश कुमार इसी संस्थान के पूर्ववर्ती छात्र रहे हैं। आगे की शिक्षा उन्होंने गुजरात के प्रतिष्ठित एस.एम.सी कॉलेज ऑफ डेयरी साइंस, आनंद से स्नातकोत्तर एवं पश्चिम बंगाल यूनिवर्सिटी ऑफ एनिमल एंड फिशरी साइंसेज, कोलकाता से डॉक्टरेट के रूप में पूरी की है। डॉ. कुमार को डेयरी उद्योग, शिक्षण एवं प्रशिक्षण के क्षेत्र में 35 वर्षों से अधिक का अनुभव प्राप्त है। उन्होंने हरियाणा के डेयरी उद्योग में भी अपनी सेवाएं दी हैं। इसके अलावा बिहार के विभिन्न कृषि विज्ञान केंद्रों में कार्यक्रम समन्वयक तथा एस.जी.आई.डी.टी, पटना में विभागाध्यक्ष एवं प्राध्यापक के रूप में उल्लेखनीय योगदान दिया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि संस्थान के शैक्षणिक एवं अनुसंधान वातावरण को और सुदृढ़ बनाया जाएगा।उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को उद्योगोन्मुख शिक्षा प्रदान कर उन्हें रोजगार के लिए तैयार करना संस्थान की प्राथमिकता होगी।

### हर्ष फायरिंग मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हर्ष फायरिंग मामले में केवड़ा पुलिस ने भरतपुर गांव से नामजद आरोपी रोशन कुमार पिता मनोज सिंह को उसके घर से गिरफ्तार किया है थाना अध्यक्ष ने बताया कि बीते 13.02. 2026 को रोशन कुमार का तिलक समारोह का कार्यक्रम था जिसमें आर्केस्ट्रा में डीजे पर महिला कलाकारों के द्वारा डांस करवाया जा रहा था उसमें अंधाधुन हवाई फायरिंग की जा रही थी सूचना मिलते ही मौके पर पूरी टीम के साथ पहुंचे जहां पर पुलिस को देखते ही सभी लोग फरार हो गए थे मौके पर उपस्थित है महिला कलाकारों से पूछताछ की उन्होंने बताया कि कई लोग डांस के दौरान हवाई फायरिंग अंधाधुन कर रहे थे मौके से चार धोखे भी जप किए गए थे इस मामले में रोशन कुमार पिता मनोज सिंह और मनोज सिंह को नामजद करते हूए प्राथमिक की दर्ज की गई थी ।इसी मामले फरार चल रहे हैं रोशन कुमार को पुलिस ने उसकी घर से गिरफ्तार किया है।

### छेड़खानी मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पिपरा थाना क्षेत्र के अब्दुलपुर गांव में विजय 95 2026 को एक महिला के साथ हुई छेड़छाड़ मामले में नाम जड़ आरोपी विकास कुमार पिता मंटू पासवान को पीपर पुलिस ने उसे घर से गिरफ्तार किया है दरअसल पिपरा थाना कांड संख्या 4726 के तहत एक महिला ने थाने में लिखित आवेदन दी थी कि जब गए चुराकर वह घर लौट रही थी तो बीच रास्ते में एक युवक विकास कुमार पिता मंटू पासवान ने उसे हाथ पकड़ लिया और छेड़छाड़ करने लगा जब वह हल्ला किया तो आसपास के लोग के आने पर उसकी इज्जत बची है इसी मामले में फरार नामजादा आरोपी विकास कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

### धनरूआ में दसवीं की छात्रा ने की खुदकुशी

कंपार्टमेंटल परीक्षा में फेल हो जाने से थी तनाव मे

**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना क्षेत्र के सांडा पंचायत के सांडा मठिया गांव में गुरुवार के शाम को एक दशवीं कक्षा की छात्रा ने तनाव में आकर खुदकुशी कर ली है। मृतक की पहचान सोनम कुमारी पिता रंजीत चौधरी के रुप हुई है, सूत्रों के मुताबिक सोनम कुमारी 10वीं की परीक्षा दी थी जिसमें वह फेल कर गई थी, उसके बाद हाल फिलहाल में हुए कंपार्टमेंटल परीक्षा दी थी उसमें भी वह फेल हो गई थी इसी तनाव में आकर वह अपने आप को खुदकुशी कर ली जिससे उसकी मौत हो गई है, आनन-फानन में परिजन अनुमंडल अस्पताल ले गये जहाँ डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया है इस घटना के बाद मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है रोते हुए उसकी मां ने बताया कि क्या एक परीक्षा में फेल हो जाने से जिंदगी खत्म हो जाती है दूसरी बार परीक्षा देते हैं यह कहते हुए फफक कर रोते रही।

### स्कूल से छात्रा लापता, पिता ने दर्ज कराई प्राथमिकी

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जगपुरा गांव निवासी पन्नू लाल रविदास की पुत्री व दसवीं की छात्रा चांदनी कुमारी मंगलवार को स्कूल से लापता हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, चांदनी कुमारी मंगलवार सुबह रोज की तरह स्कूल गई थी। लंच के समय वह घर आई और फिर स्कूल चली गई। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला। हालांकि सूत्र के मुताबिक गांव के ही एक युवक पर आरोप लगा है की वही लड़की को भगा कर ले गया है। इस पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। छात्रा के पिता पन्नू लाल रविदास ने थाने में आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन में गांव के ही एक युवक के साथ जाने की आशंका जताई गई है।थानाध्यक्ष ने बताया कि परिजनों के आवेदन पर केस दर्ज कर लिया गया है। छात्रा की बरामदगी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। मोबाइल लोकेशन व सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### नाव दुर्घटना के बाद एसपी व डीएम पहुंचे बाढ़

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार की अहले सुबह बाढ़ के उमानाथ गंगा घाट से छोटी नौका पर (डेंगी) पर सवार होकर करीब 14 से 15 लोग गंगा द्वारा इलाके में पटल की सब्जी तोड़कर लाने के लिए जा रहे थे तभी सुबह-सुबह तेज हवा के चलते गंगा नदी में तेज लहर आया और छोटी सी नाव पर ज्यादा लोग चढ़े होने के चलते नैया बीच गंगा में डगमगाने लगी तो लोग दहशत में आ गए और इधर-उधर होने लगे इस दौरान नौका डूब गई और लोग रोने चिल्लाने लगे आवाज सुनकर दूर दराज के दूसरे नाव वाले जल्दबाजी में गंगा के बीच धार में पहुंचा और लोगों को बचाने का अथक प्रयास किया इस दौरान सात लोग को लोग बचा लिया गया लेकिन 7 लोग के डूब जाने की जानकारी प्रशासन को मिली अनुमंडल प्रशासन घटना की जानकारी मिलते ही उमानाथ गंगा घाट पर पहुंचकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाना शुरू कर दिया इस दौरान अन्य नौका से लोगों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाना शुरू कर दिया इस दौरान एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की भी टीम घटनास्थल पर पहुंच गई और बचाव कार्य में जुट गया कई घंटे के प्रयास के बाद तीन लोगों को मृत अवस्था में नदी से बाहर निकाल और जल्दबाजी में लोगों को अनुमंडलीय अस्पताल बढ़ भेज दिया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया इस दौरान परिजन का रोना धोना शुरू हो गया और लोगों की काफी भीड़ इकट्ठा हो गई बाद में प्रशासन ने लोगों को समझा बूझकर लाश को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचवाया जहां तीनों मृतकों का पोस्टमार्टम कराया गया वहीं घटना की जानकारी मिलने के साथ ही पटना से अधिकारी भी रवाना हो गए घटना की जानकारी मिलते ही बाढ़ थाना अध्यक्ष ब्रिज किशोर सिंह दलबल के साथ, सीडीपीओ रामकृष्ण, अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री गरिमा लोहिया, अंचलाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी अंजू कुमारी, ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार, एसएसपी पटना कार्तिकेय कुमार, जिलाधिकारी त्याग राजन भी मौके पर पहुंचकर घटना का जायजा लिया।

# मसौढ़ी में शांतिपूर्ण माहौल में मना ईद उल अजहा

## अदा की गई ईद-उल-अजहा की नमाज, मुल्क की सलामती की मांगी दुआ





**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी में गुरुवार को ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का पर्व धूमधाम और शांतिपूर्ण तरीके से मनाया गया। गांधी मैदान और पुरानी बाजार ईदगाह में हजारों की संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने सामूहिक नमाज अदा की। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर बकरीद की मुबारकबाद दी। त्योहार को लेकर अनुमंडल प्रशासन पूरी टीम के साथ अलर्ट मोड में रहा। मसौढ़ी में कुल 41 संवेदनशील जगह चिह्नित किए गए थे। 29 जगहों पर नमाज अदा की गई, जहां सुरक्षा के कड़े प्रबंध थे। एसडीएम ने लोगों को बकरीद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि पूरे इलाके में शांति व्यवस्था कायम है। रहमतगंज जामा मस्जिद के मौलाना जहूर इमाम ने बताया कि नमाज के दौरान मुल्क की खुशहाली, तरक्की, शांति और भाईचारे के लिए दुआ मांगी गई। कुबार्नी कबूल करने के लिए अल्लाह से दुआ की गई। नमाज के बाद लोग कब्रिस्तान में फातिहा पढ़ने भी गए।मौलाना जहूर इमाम ने कहा कि कुबार्नी अल्लाह को बहुत प्यारी है। कुबार्नी के गोश्त के तीन हिस्से किए जाते हैं—एक हिस्सा गरीबों को सदका, दूसरा हिस्सा दोस्त, रिश्तेदारों व पड़ोसियों को और तीसरा हिस्सा खुद इस्तेमाल किया जाता है। नमाज के बाद लोगों ने बकरा की कुबार्नी दी। इस मौके पर सभी से अमन और भाईचारा कायम रखने व जरूरतमंदों का ख्याल रखने की अपील की गई। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक त्योहार का माहौल रहा। इस मौके पर बीडीओ प्रभाकर कुमार, सिटी मैनेजर शेखर कुमार प्रसाद,अमीन रामाधार कुमार, शांति समिति की ओर से डॉ मंगल, लालमोहन सिंह, पालटन सिंह ,सुनील गावस्कर, कृष्णा सिंह आदि शामिल रहे।

# जनगणना निदेशालय के सहायक निदेशक ने धनरुआ में किया निरीक्षण

## बोले-एक भी नाम न छूटे, शत प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिकता



**मसौढी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनगणना निदेशालय के सहायक निदेशक लोकनाथ भारती ने गुरुवार को धनरुआ पंचायत के विभिन्न इलाकों का दौरा कर चल रहे जनगणना कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी सह चार्ज पदाधिकारी सीमा कुमारी एवं अन्य कर्मी मौजूद रहे। सहायक निदेशक लोकनाथ भारती ने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण का मकान सूचीकरण का कार्य अंतिम चरण पर है। उन्होंने अधीनस्थ सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि गंभीरता पूर्वक गणना करें ताकि जनगणना में किसी भी व्यक्ति का नाम न छूटे। लोकनाथ भारती ने छूटे हुए लोगों से अपील की कि जिनका अब तक जनगणना नहीं हुआ है, वे प्रखंड कार्यालय में आकर सूचना दें या दिए गए नंबर पर संपर्क करें। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य को जमीनी स्तर पर पारदर्शी तरीके से पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक ने कार्य में पारदर्शिता लाने और समय पर काम पूरा करने से संबंधित कई दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय महत्व का कार्य है, इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य शत-प्रतिशत कवरेज सुनिश्चित करना है।निरीक्षण के दौरान सहायक निदेशक ने गणनाकर्मियों की प्रगति रिपोर्ट देखी और फील्ड में जाकर कुछ घरों में जाकर एंट्री का मिलान भी किया। उन्होंने कहा कि जनगणना राष्ट्रीय महत्व का कार्य है। इसमें किसी तरह की लापरवाही, कोताही या गलत जानकारी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी कर्मी जमीनी स्तर पर पारदर्शी तरीके से काम करें। प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी ने कहा कि प्रखंड के सभी पंचायतों में गणनाकर्मी लगातार डोर-टू-डोर विजिट कर रहे हैं। छूटे हुए क्षेत्रों को चिह्नित कर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। समय सीमा के अंदर कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

### धनरूआ में बाइक सवार बदमाशों ने राहगीर से 17,500 और मोबाइल लूटे

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया नेशनल हाईवे 22 पर धनरूआ थाना क्षेत्र में बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने हथियार दिखाकर एक राहगीर से 17,500 रुपये और मोबाइल लूट लिया। वारदात के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना से हाईवे पर राहगीरों में दहशत का माहौल है।पीड़ित प्रमोद कुमार पिता गनौरी प्रसाद, निवासी चालीसकुरवा, थाना धनरूआ, बुधवार देर रात अपने घर जा रहे थे। सौभाग्य उत्सव हॉल के पास पुलिया पर बाइक सवार बदमाशों ने ओवरटेक कर उन्हें रोक लिया। हथियार के बल पर जेब से 17,500 रुपये और मोबाइल लूटकर भाग निकले। सूचना मिलते ही धनरूआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़ित का बयान दर्ज कर लिया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। बदमाशों की पहचान के लिए छापेमारी शुरू कर दी गई है।नेशनल हाईवे पर लगातार हो रही लूटपाट की घटनाओं से वाहन चालकों और राहगीरों में डर का माहौल है। स्थानीय लोगों ने हाईवे पर रात में गश्ती बढ़ाने की मांग की है।

# मसौढ़ी की 54 साल पुरानी पं. दीनदयाल उपाध्याय लाइब्रेरी बनी हाईटेक, 24 घंटे खुलती है लाइब्रेरी

## वाई-फाई, एसी, सीसीटीवी से लैस; तीन दर्जन से अधिक छात्र दे चुके हैं सफलता की मिसाल



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय लाइब्रेरी 1970 से विद्यार्थियों के लिए 'वटवृक्ष' की तरह काम कर रही है। तीन दर्जन से अधिक छात्र-छात्राएं यहां पढ़कर कामयाबी की मिसाल पेश कर चुके हैं। अब यह लाइब्रेरी पूरी तरह डिजिटल और हाईटेक हो गई है। 2022 में सांसद निधि से लाइब्रेरी का आधुनिकीकरण किया गया। अब यहां फ्री वाई-फाई, आरओ वाटर, सीसीटीवी कैमरे, एसी युक्त स्वच्छ व शांत वातावरण जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। लड़कियों के लिए अलग बैठने की व्यवस्था है। समय-समय पर उच्च पदस्थ अधिकारियों व विषय विशेषज्ञों द्वारा परामर्श भी दिया जाता है। लाइब्रेरी में सुबह 6 से 10, 10 से 2 और दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक तीन शिफ्ट में सेल्फ स्टडी चलती है। हर बैच में 25 से 30 छात्र-छात्राएं शामिल होते हैं। नदवां, नाडोल समेत आसपास के इलाकों और पूरे मसौढ़ी शहर से विद्यार्थी यहां पढ़ने आते हैं। बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव फेडरेशन के निदेशक अरुण कुमार यादव ने बताया कि विद्यार्थियों की मांग पर लाइब्रेरी अब दिन-रात 24 घंटे खुली रहती है। करंट अफेयर्स की किताबें, न्यूज पेपर उपलब्ध हैं। 6 माह व 1 वर्ष के लिए नामांकन पर विशेष छूट दी जा रही है।अरुण कुमार यादव ने कहा, हमारी विशेषता पढ़ाई का बेहतर माहौल देना है। यह लाइब्रेरी छात्र-छात्राओं के लिए नजीर बन गई है।

# अथमलगोला में सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाई गई बकरीद

## इब्राहीम का बलिदान पूर्ण हुआ और तभी से यह दिन बलिदान के प्रतीक के रूप में मनाया जाता





**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के विभिन्न इबादतगाहों में नमाज अता कर पूर्ण सौहार्द भाव से बकरीद मनाई गई ।ज्ञात हो कि बकरीद को ईद-उल-अधा भी कहा जाता है। जो इस्लामी धर्म का एक प्रमुख त्योहार है। यह त्योहार हजरत इब्राहीम (अलैहिस्सलाम) की अल्लाह के प्रति निष्ठा और उनके बलिदान की याद में मनाया जाता है। यह ईद-उल-फित्र के बाद आने वाला दूसरा सबसे बड़ा इस्लामी त्योहार है। जिसे बलिदान का पर्व भी कहा जाता है। सबनिमा ईदगाह में नमाज अता करने के उपरान्त इस संबंध में जानकारी देते हुए शिक्षाविद् मो जाबीर ने बताया कि यह त्योहार हजरत इब्राहीम की उस घटना पर आधारित है, जब उन्होंने अल्लाह के हुक्म पर अपने पुत्र हजरत इस्माइल (अलैहिस्सलाम) को बलिदान करने के लिए तैयार हो गए थे। अल्लाह ने उनकी परीक्षा लेने के लिए यह आदेश दिया था, लेकिन जब इब्राहीम अपने पुत्र को बलिदान करने लगे, तब अल्लाह ने उनकी निष्ठा को देखकर हजरत इस्माइल की जगह एक मेढ़ा भेज दिया। इस प्रकार, इब्राहीम का बलिदान पूर्ण हुआ और तभी से यह दिन बलिदान के प्रतीक के रूप में मनाया जाने लगा। आज के दिन, मुस्लिम समुदाय के लोग प्रातः काल की नमाज पढ़ते हैं। इसके बाद, जानवर की बलि दी जाती है। इस बलि का मांस तीन हिस्सों में बांटा जाता है झ एक हिस्सा गरीबों और जरूरतमंदों के लिए, दूसरा हिस्सा रिश्तेदारों और दोस्तों के लिए, और तीसरा हिस्सा अपने परिवार के लिए रखा जाता है। इस प्रकार, बकरीद का त्योहार सामाजिक समानता और भाईचारे का संदेश देता है।बकरीद का महत्व केवल बलिदान तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह हमें यह भी सिखाता है कि हमें अपनी प्रिय वस्तुओं को अल्लाह के रास्ते में त्यागने के लिए तैयार रहना चाहिए। यह त्योहार हमें परस्पर प्रेम, सद्भावना, और सहायता का पाठ पढ़ाता है। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि बलिदान और सेवा में ही सच्ची खुशी और संतोष निहित है।ईद उल अजहा का असली संदेश त्याग, समर्पण और इंसानियत से जुड़ा हुआ है। यह हमें सिखाता है कि अपने स्वार्थ से ऊपर उठकर दूसरों की भलाई के बारे में सोचना ही सच्ची इबादत है।इस दिन लोग एक-दूसरे के गले मिलकर ईद मुबारक कहते हैं।घरों में तरह-तरह के पकवान बनाए जाते हैं। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार एवं अथमलगोला थाना के पुलिस पदाधिकारी भी विधि व्यवस्था संधारण के लिए सजगता से मौजूद रहे।

# कादिरगंज पुलिस की बड़ी कार्रवाई: अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, छह बालू माफिया गिरफ्तार



**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कादिरगंज थाना पुलिस ने अवैध बालू खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। बीते बुधवार देर शाम दरधा नदी के बलवापर गांव स्थित बालू घाट पर छापेमारी कर पुलिस ने एक बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया और मौके से 6 लोगों को गिरफ्तार किया। छापेमारी के दौरान चार ट्रैक्टर भागने में सफल रहे।थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि बलवापर गांव से दरधा नदी में अवैध बालू खनन की लगातार शिकायतें मिल रही थीं। सूचना के सत्यापन के लिए टीम गठित कर बुधवार शाम ताबड़तोड़ छापेमारी की गई। गिरफ्तार आरोपियों में धर्मेंद्र उर्फ रघुवीर पिता प्रभु यादव, निवासी सहवाजपुर पिपरा थाना क्षेत्र शामिल है। वहीं ललेंद्र कुमार उर्फ टनटन कुमार पिता विजय प्रसाद, शंभू कुमार पिता रूबल प्रसाद, बिट्टू कुमार पिता राजेंद्र कुमार उर्फ डाकू, धर्मेंद्र कुमार पिता विजय प्रसाद और रंजन कुमार पिता अकलू प्रसाद—ये पांचों बलवापर गांव के रहने वाले हैं। खनन पदाधिकारी द्वारा सभी गिरफ्तार बालू माफियाओं पर लघु खनिज अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। इन पर करीब डेढ़ लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। जब्त ट्रैक्टर को थाना लाया गया है।थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध खनन के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। छापेमारी के बाद बालू माफियाओं में हड़कंप मचा है। पुलिस भागे हुए चार ट्रैक्टरों की पहचान कर कार्रवाई में जुटी है।

# डेवां में दरधा नदी पर बना पुल एप्रोच पथ के बिना अधूरा

## विधायक अरुण मांझी ने किया निरीक्षण, बरसात से पहले एप्रोच पथ बन जाने का दिया आश्वासन

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डेवां गांव में दरधा नदी पर बना पुल एप्रोच पथ के अभाव में अधूरा पड़ा है। ग्रामीणों की शिकायत पर गुरुवार को मसौढ़ी विधायक अरुण मांझी ने निमार्णाधीन पुल का निरीक्षण किया और बरसात से पहले एप्रोच पथ बनवाने का भरोसा दिलाया। तकरीबन दो दर्जन गांवों के लोगों की सुविधा के लिए महत्वाकांक्षी योजना के तहत दरधा नदी पर डेवां में पुल बनकर तैयार हो चुका है। लेकिन एप्रोच पथ नहीं बनने से लोगों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने विधायक से मांग की थी कि बरसात से पहले पहुंच पथ बना दिया जाए, ताकि नदी में पानी आने पर आवाजाही ठप न हो।गुरुवार को विधायक अरुण मांझी दल-बल के साथ डेवां गांव पहुंचे। उन्होंने निमार्णाधीन पुल का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से बात की। विधायक ने कहा कि जल्द ही सिंचाई विभाग के पदाधिकारियों से बात कर बरसात से पहले एप्रोच पथ का निर्माण पूरा करा दिया जाएगा। इस दौरान विधायक ने डेवां गांव में बनने वाले दो छठ घाटों का भी निरीक्षण किया। मौके पर जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष सुनील कुमार वर्मा समेत कई स्थानीय लोग मौजूद रहे।एप्रोच पथ बनने से डेवां सहित आसपास के दो दर्जन गांवों के लोगों को सालों भर आवागमन की सुविधा मिल जाएगी।



# लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन व गुणवत्ता पूर्ण अनुसंधान के निर्देश



**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वन राजीव चंद्र सिंह द्वारा गुरुवार को सिगोड़ी थाना का विधिवत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर के विभिन्न कक्षों, अभिलेखों तथा पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल के आवासीय स्थलों का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में थाना में संधारित विभिन्न पंजी एवं अभिलेखों की जांच की गई तथा उन्हें अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया। साथ ही थाना में स्थापित वायरलेस सिस्टम की कार्यप्रणाली को भी जांचा गया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने लंबित कांडों के शीघ्र निष्पादन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए अनुसंधान में इलेक्ट्रॉनिक माध्यम एवं वैज्ञानिक साक्ष्यों के अधिकाधिक उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने प्राथमिकी, कांड डायरी, चार्जशीट समेत अन्य दस्तावेजों को सीसीटीएनएस एवं दर्पण पोर्टल पर समय से अपडेट करने का निर्देश दिया। इसके अलावा दागी पंजी एवं गुंडा पंजी को अद्यतन रखते हुए अपराधियों पर लगातार निगरानी बनाए रखने को कहा गया। निरीक्षण के दौरान रात्रि गश्ती एवं यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु लगातार मॉनिटरिंग करने का निर्देश भी दिया गया। थानाध्यक्ष एवं सभी अनुसंधानकताओं को पुलिस मुख्यालय से प्राप्त दिशा-निर्देशों एवं मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करते हुए गुणवत्ता पूर्ण अनुसंधान सुनिश्चित करने की हिदायत दी गई।

# मंत्री ने की सहकारी बैंकों के अध्यक्षों के साथ बैठक




**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राम कृपाल यादव, माननीय मंत्री, सहकारिता विभाग, बिहार की अध्यक्षता में बिहार राज्य सहकारी बैंक लि0 में राज्य के सभी जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों के अध्यक्षों के साथ विभिन्न मुददो पर विचार-विमर्श हेतु बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्यतः राज्य में धान अधिप्राप्ति एवं सीएमआर भुगतान संबंधित मुद्दों, भारतीय रिजर्व बैंक एवं नाबार्ड के मापदण्ड के अनुरूप बैंक में फीट एंड प्रोपर क्राइट्रेरिया के तहत मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी की नियुक्ति, राज्य सरकार की ओर से सीबीएस अपग्रेडेशन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करने एवं कमजोर जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों को रीकैपेटेलाइज करने के संबंध में बैठक की गई। जितेन्द्र कुमार, विधायक-सह-अध्यक्ष, नालंदा जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक द्वारा बताया गया कि अधिप्राप्ति में नालंदा सहित सभी जिला केन्द्रीय सहकारी बैंकों को अनावश्यक सूद देना पड़ रहा है। भंडारण क्षमता के अभाव में उक्त स्थिति उत्पन्न हुई है। रमेश चन्द्र चौबे, अध्यक्ष, बिहार राज्य सहकारी बैंक द्वारा बताया गया कि एसएफसी से इस पर विचार विमर्श करने की आवश्यकता है। संस्था का लाइफ लाइन पैक्स है। अभी भी एसएफसी पर बैकों का लगभग 2600 करोड़ रुपए बकाया है। अध्यक्ष द्वारा यह भी बताया गया कि राज्य के जिला केन्द्रीय सहकारी बैकों में भारतीय रिजर्व बैंक के दिशा-निर्देष के अनुरूप फीट एंड प्रोपरक्राइटेरिया मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी नियुक्त नहीं है। विशाल सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष, एनसीसीएफ-सह- अध्यक्ष, बिस्कोमान, द्वारा बताया गया कि विगत वर्ष अध्यक्ष, बिहार राज्य सहकारी बैंक के साथ सी.एम.आर. की तिथि विस्तार हेतु दो बार पहल की गई है। माननीय मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार, द्वारा आवश्यक पहल करते हुए तिथि विस्तारित की गई। जिला बैंकों के समस्याओं के संबंध में उनके द्वारा सुझाव दिया गया कि सहकारिता मत्री बिहार, खाद्य एवं उपभोक्ता मंत्री, बिहार एवं दोनों विभाग के सचिव के साथ सभी जिला बैंकों के अध्यक्षों की एक बैठक आहूत की जाए, जिसमें सभी समस्याओं को रखा जाए। मंत्री के समक्ष उनके द्वारा मांग रखी गई कि अधिप्राप्ति का कार्य जिस प्रकार, पैक्स एवं बैंक करती है, बिस्कोमान को भी उक्त कार्य में शामिल किया जाए। सहकारिता मंत्री, बिहार द्वारा अपने संबोधन में बताया गया कि सहकारी बैंक के सभी समस्याओं के निदान हेतु आप सभी के साथ की आवश्यकता है। उनके द्वारा सभी पहलुओं पर विचार कर जल्द निष्पादन करने हेतु आश्वासन दिया गया।

### मक्का के भुट्टे में लगी आग, दो युवकों पर लगाया आरोप

**बनमा ईटहरी (सहरसा)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के हराहरी एवं परसाहा बहियार में मक्का के भुट्टे में आग लगने से किसान को भारी नुकसान हुआ है। पीड़ित किसान परसबन्नी गांव निवासी शिवन यादव ने गांव के ही दो युवकों पर आग लगाने का आरोप लगाया है। मामले को लेकर किसान ने बनमा ईटहरी थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार किसान शिवन यादव ने अपनी 18 कठ्ठा जमीन में उपजे मक्का के भुट्टे को दौनी के लिए बहियार में जमा कर रखा था। इसी दौरान अज्ञात कारणों से उसमें आग लग गई।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वयंसेवकों का जमालपुर में हुआ स्वागत

सरस्वती विद्या मंदिर मुंगेर में संघ शिक्षा वर्ग एवं घोष वर्ग का आयोजन

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सरस्वती विद्या मंदिर पुरानीगंज में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संघ शिक्षा वर्ग एवं घोष वर्ग गुरुवार से 12 जून तक आयोजित होगा। जमालपुर स्टेशन परिसर में जिला प्रचार प्रमुख बसन्त राणा ने बताया कि दक्षिण बिहार से कुल 260 शिक्षार्थी प्रशिक्षण हेतु इस वर्ग में भाग लेने आ रहे हैं। उत्तर पूर्व क्षेत्र बिहार झारखंड का कार्यकर्ता विकाश वर्ग प्रथम 23 मई से चल रहा है जो 12 तक चलेगी।साथ ही तीनो वर्ग का समापन 12 जून को होगा।शिक्षार्थियों के आगमन पर जमालपुर रेलवे स्टेशन पर स्थानीय संघ के कार्यकताओं द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया और उन्हें वर्ग स्थल तक पहुँचाया गया। स्टेशन पर संघचालक चंद्र शेखर खेतान, राकेश अम्बष्ठ, शंकर सिंह, रौशन कुमार, रितेश जी, आयुष,संतोष कुमार, विक्की आनंद, अनुराग गुहा,प्रज्ञान गैतम तथा अन्य कई स्वयंसेवक उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण सत्रों, सामूहिक गतिविधियों और नेतृत्व विकास कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा, जिनका उद्देश्य स्वयंसेवकों में सामाजिक सेवाभाव, संगठनात्मक कौशल और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता को और प्रगाढ़ करना है।

### निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन

22वें नेत्र जांच शिविर में105 की जांच। मोतियाबिंद के निःशुल्क आपरेशन के लिये 31 हुये चयनित

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गायत्री शक्तिपीठ जमालपुर परिसर मे दलसिंहसराय शाखा की मेडिकल टीम के द्वारा मोतियाबिंद के मरीजों के लिए निशुल्क जांच शिविर का आयोजन किया।22 वें शिविर में नेत्र जांच के प्रशिक्षण में 105 लोगों का नेत्र जांच कराया। जिसमें 31मरीज मोतियाबिंद के निशुल्क ऑपरेशन के लिए चयनित किए गए। चयनित सभी मरीज को ऑपरेशन के लिए गायत्री शक्तिपीठ जमालपुर से दलसिंहसराय अस्पताल के लिए शुक्रवार को ले जाया जाएगा। इधर गायत्री मिशन के द्वारा चलाए जा रहे स्वस्थ आंदोलन के बारे में मुख्य प्रबंध ट्रस्टी कृष्ण चंद्र चौरसिया ने बताया कि ऑपरेशन के लिए चयनित मरीज को निशुल्क सेवा प्रदान करने की व्यवस्था गायत्री परिवार की ओर से किया जाएगा। मौके पर सहायक प्रबंध ट्रस्टी वासदेव पुरी,ट्रस्टी सुरेश चंद्र चौरसिया, ट्रस्टी यमुना सिंह, ट्रस्टी मनोज मिश्र,प्रखंड प्रतिनिधि विपिन कुमार चौरसिया, जयप्रकाश मंडल,अरुण साह,शंभू सिंह,हलधर राउत, राजनाथ मंडल,लूसी,रेड क्रास सोसायटी के वलविंदर सिंह आहलूवालिया,शिव कुमार रजक का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

### जमीनी विवाद में भाई ने भाई का फोड़ा सिर, दो गिरफ्तार

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जितना थाना क्षेत्र के बड़हरवा गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो भाइयों के बीच मारपीट हो गई। इस दौरान एक भाई ने दूसरे भाई का सिर फोड़ दिया। घटना




के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान जितना थाना क्षेत्र के बहरवा गांव निवासी वीरेंद्र साह, पिता रामचंद्र साह एवं रवि किशन कुमार, पिता वीरेंद्र साह के रूप में हुई है। मामले की जानकारी थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने दी। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी हुई है।

### हत्या के प्रयास में दो आरोपित गिरफ्तार

**जितना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़हरवा गांव में जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो भाइयों के बीच हुए विवाद में मारपीट के दौरान एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसका सिर फट गया।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए हत्या के प्रयास के आरोप में वीरेंद्र साह और रवि किशन कुमार को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी बड़हरवा गांव के निवासी बताए गए हैं। थाना अध्यक्ष सुधीर कुमार ने गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

### टिकट चेकिंग अभियान में 90 यात्रियों से वसूले गए 76 हजार

जमालपुर कियूल रेल खंड पर चला टिकट चेकिंग अभियान

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जमालपुर-किउल रेलखंड पर गुरुवार को विशेष टिकट जांच अभियान से बेटिकट यात्रियों में हड़कंप मचा देखा गया। चेकिंग अभियान के दौरान 90 यात्रियों से 76500 वसूले गए। रेलवे द्वारा रेल करो पर चलाए जा रहे चेकिंग अभियान का उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित और आरामदायक यात्रा प्रदान करवाना है। इसी उद्देश्य के तहत भागलपुर जमालपुर कियूल रेल खंड पर आए दिन टिकट चेकिंग अभियान चलाकर यात्रियों को जुमार्ना करते



हुए टिकट लेकर रेल यात्रा करने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है। इधर रेल खंड पर लगातार चल रहे टिकट चेकिंग अभियान से जहां रेलवे राजस्व में खास मुनाफा देने का काम मुख्य टिकट निरीक्षक जावेद के नेतृत्व वाले टीटी अरुण कुमार,निक्की कुमारी, रामकुमार सिंह,विल्सन कुमार,पंकज मीणा, मुकेश कुमार की टीम कर रहे हैं।

# मुस्लिम भाईयों ने खुदा से मांगी विश्व व देश की अमन और चैन की दुआएं

## विभिन्न धमार्लंबियों ने मुस्लिम भाईयों से गले मिलकर दी बधाई





**जमालपुर(मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ईद-उल-अजहा यानि बकरीद हर्षोल्लास के साथ जमालपुर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मनाई गई। ईदगाह मैदान में सदर बाजार मस्जिद के इमाम मो. मोजाहिद ने नमाज पढ़ायी, जबकि वलीपुर मस्जिद में इमाम मो. फैयाज आलम रशिदी के नेतृत्व में नमाज अदा की गई। इससे पूर्व ईदगाह में तकरीर करते हुए इमाम मो. मोजाहिद ने कहा खुदा से बेपनाह मौहब्बत करने का हक दुनिया के हर इंसान को है। अपनी बेपनाही मौहब्बत का इजहारें बयान खुदा की हुक्मों पर चलने से ही होता है। बकरीद इसी मौहब्बत का एक तोहफा है।जिसके जरिये बंदे न सिर्फ सबाब कमाते है, बल्कि अपनी इबादत पर भी खड़े उतरते है। उन्होंने कहा कि बकरीद त्याग और बलिदान का दिन है। इसी जज्बें से जहां बंदे खुदा को रजा करने में सफल होते है, वहीं इस रोशनी से ही विश्व में इंसानियत का दीप जलता है। वलीपुर मस्जिद में इमाम फैयाज आलम ने कहा कि विभिन्न धमार्लंबियों के बीच भाईचारगी, प्रेम, और शांति की डोर ईद और बकरीद होती है। बकरा का ईद यानी बकरीद मनाना धर्म की रक्षा भी है। हमें इसी जज्बें को कायम कर खुदा के हुक्मों पर पालन करना चाहिए। मुस्लिम भाईयों ने बकरीद की नमाज के दौरान अमन व चैन की दुआएं मांगी। मौके जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान, नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम, मुख्य पार्षद पार्वती देवी, पार्षद दीपा सिन्हा, समाजसेवी राजन मंडल, दिलीप कुमार, पीटीसी कंचन यादव, राजद नेता राजू यादव, बमबम यादव, मोहम्मद इशा चंचल, मोहम्मद नुरुल्लाह, मोहम्मद जानू, मोहम्मद जुम्मन सहित अन्य की मौजूदगी रही।

## कृषि ऋण धारक किसानों को मौका

# केसीसी में एनपीए हुए किसान विशेष समझौता के तहत उठाएंगे लाभ

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार ग्रामीण बैंक ने ऋण चुकता नहीं करने वाले किसानों को खासकर केसीसी लेने वाले कृषक को बिहार में पहली बार विशेष समझौता के तहत बड़ी राहत देने की घोषणा की है । किसी कारण बस केसीसी लेने वाले किसान का खाता एनपीए हो गया है। वैसे किसान विशेष समझौता के तहत लाभ ले सकेंगे। [

बहार ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष कुमार ने बताया कि बिहार ग्रामीण बैंक से जो किसान किसी भी शाखा से केसीसी ऋण लिया था पर समय पर भुगतान नहीं करने के कारण उनका खाता एनपीए हो गया है। वैसे किसान इस विशेष समझौता के तहत अपने खाता का निपटारा कर सकते हैं। पात्र ऋण खातों पर आकर्षक रियायत एवं छूट का प्रावधान है। योजना से लाभ लेने वाले किसानों को कानूनी कार्यवाही एवम पुलिस केस जैसी जटिलताओं से राहत मिलेगी। अभी तक जिला नीलाम कार्यालय मोतिहारी में 7500 केसीसी ऋण धारक किसान पर मुकदमा किया गया है। इसमें 348 किसानों पर वारंट निर्गत किया गया है। जिस पर पुलिस प्रशासन द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। हम सभी पात्र ऋणयों से अपील करते हैं कि बिहार ग्रामीण बैंक के किसी भी शाखा से इस विशेष समझौता योजना का अधिकतम लाभ ले सकते हैं क्योंकि यह योजना सीमित समय तक ही लागू रहेगा।

### युवक की हत्या का 12 घंटे में खुलासा, पैसे के लेन-देन में की गई हत्या, दो आरोपित गिरफ्तार

**हरसिद्धि (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हरसिद्धि थाना क्षेत्र में मक्के के खेत से मिले युवक के शव मामले का पुलिस ने 12 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। पुलिस जांच में सामने आया है कि यह हत्या बकाया पैसे के लेन-देन को लेकर की गई थी। शुरूआती जांच में आर्थिक विवाद को मुख्य कारण बताया जा रहा है। मृतक की पहचान संग्रामपुर थाना क्षेत्र के नंदपुर परसौना निवासी स्व. सुखल साह के पुत्र 40 वर्षीय दिनेश कुमार साह के रूप में हुई है। परिजनों ने दो दोस्तों सहित कुछ अज्ञात लोगों पर हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस को जांच के दौरान महत्वपूर्ण सीसीटीवी फुटेज मिला है, जिसमें 25 मई को दिनेश कुमार साह दोनों गिरफ्तार आरोपियों के साथ नजर आए हैं। अन्य तकनीकी साक्ष्य भी आरोपियों की संलिप्तता की पुष्टि कर रहे हैं।

# शहर में सर्व धर्म समभाव के कड़ी को मजबूत बना रहीं मुख्य पार्षद

## बकरीद के मौके पर शिविर लगाकर शरबत एवं ठंडा पानी से की गई सेवा



**जमालपुर (मुंगेर)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बकरीद ईद-उल-अजहा के मौके पर नगर परिषद जमालपुर के मुख्य पार्षद पार्वती देवी की ओर से मस्जिदों, ईदगाहों और नमाज स्थलों के आसपास अस्थायी पेयजल शिविर का आयोजन किया गया। पेयजल शिविर के अलावे मुख्य पार्षद के द्वारा शहर मे साफ-सफाई और निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए विशेष निर्देश जारी किए किए गए थे। इधर ईदगाह रस्ते रस्ते में मुख्य पार्षद की ओर से लगाए गए शिविर के माध्यम से मुसलमान भाइयों को शरबत एवं ठंडे पानी पिलाकर उनका स्वागत किया गया। इधर बकरीद के मौके पर लगाए गए शिविर के बारे में वार्ड पार्षद दीपा सिंह एवं सामाजिक कार्यकर्ता राजन मंडल ने बताया कि नगर माता के द्वारा हर साल इस तरह के शिविर का आयोजन कर शहर में सर्व धर्म समभाव के कड़ी को मजबूत किया जाता रहा है। इधर मुख्य पार्षद ने सभी मुसलमान भाइयों को बकरीद की बधाई दिए। वही सेवा शिविर सरवत एवं ठंडा पानी पीकर मुसलमान भाइयों ने मुख्य पार्षद के टीम के प्रति मोहम्मद जानू जुम्मन आलम, मोहम्मद लाल, नुरुल्लाह, नसीम, शाहबाज आभार जताया।

# ईद-उल-अजहा की नमाज अदा कर दोनों समुदाय के लोगों ने गले लग दी बधाई



**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर में गुरुवार को ईद-उल- अजहा पर्व को लेकर लेकर ईदगाह तक नवाजियों की भीड़ उग्र पड़ी। ईदगाह पर नवाज खत्म होने के बाद दोनों समुदाय के लोग एक दूसरे को गले लगा कर ईद- उल- अजहा की बधाई दी । ईदगाह को पूरी रंग-रोगन कराई गयी है। इस ईदगाह में गांधी स्कूल,छोटी खगौल, बड़ी खगौल, शैदा नगर, जमालुद्दीन चक, बड़ी बदलपुरा , लोको कॉलोनी,एवं जगजीवन स्टेडियम के पास मुसलमान भाई ईद उल अजहा की नमाज पढ़ने आते हैं।फिलहाल काफी गर्मी पड़ रही है इसलिए गर्मी और धूप की तपिश से नमाजियों को बचाने के लिए ईदगाह इंतेजामिया और कमिटी की ओर से पानी की टैंकर और गोल्ड ड्रिंक की व्यवस्था की गई है। गांधी स्कूल ईदगाह कमिटी ने ईद की नमाज का वक़्त सुबह 07:15 बजे पढ़ा गया है। ईदगाह कमिटी के सचिव शोएब कुरैशी, संयुक्त सचिव इरफान सिद्दीकी, मो शमशुद्दीन उर्फ पिंटू, मो विक्की, मो , शकील अहमद, सज्जाद आलम उर्फ गुड्डु, मोहम्मद सुल्तान( आईटीआई) उर्फ विक्की, शामिल रहे ।इस मौके पर ईदगाह में नमाज अदा के बाद उपस्थित पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कुमार सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स मोहम्मद शाहनवाज उर्फ रिंकू एवं अन्य ने बताया कि आगामी 3 दिनों तक बकरीद को लेकर खगौल वासी मिलजुलकर भाईचारा एवं प्रेम से गले लग कर बकरीद का पर्व मनाएंगे। बकरीद के मौके पर खगौल नगर परिषद अध्यक्ष सुजीत कुमार पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कुमार, मोहम्मद शमस-उद्दीन उर्फ पिंटू,वार्ड पार्षद , प्रशांत कुमार,पिंटू कुमार ने बताया कि नवाज अदा करने के बाद हिंदू मुस्लिम समुदाय के लोग गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद देते हैं। और हर्षो उल्लास के साथ बकरीद मानते हैं। उसके बाद कुबार्नी होती हैं। फिर शाम में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया जाता है जिसमें दोनों समुदाय के लोग मौजूद रहते हैं। मौजूद लोगों में पूर्व उपाध्यक्ष सुनील कुमार, समाजसेवी अजय कुमार यादव, मोहम्मद बादल मोहम्मद सद्दाब, मोहम्मद नसीम , मुन्ना यादव, मोहम्मद गुड्डु, मोहम्मद गोल्डन, एवम सामाजिक कार्यकर्ता चंदू प्रिन्स ,अंशु कुमार, चंदन कुमार,सहित दोनों समुदाय के लोग शामिल रहते हैं।

### दुष्कर्म के आरोपित शिक्षक की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी, पुलिस को चकमा देकर फरार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ के नसीरनाचक स्थित एक निजी विद्यालय के शिक्षक पर तीसरी कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म का आरोप है। गुरुवार को धनरूआ पुलिस ने आरोपी गणित शिक्षक अविनाश कुमार की गिरफ्तारी के लिए मसौढ़ी में दिनभर छापेमारी की, लेकिन वह हाथ नहीं आया।पुलिस गुरुवार सुबह से आरोपी के मोबाइल लोकेशन के आधार पर तारेगना गोला, काशमीरगंज, गांधी मैदान समेत आधा दर्जन मोहल्लों में छापेमारी करती रही। पहले आरोपी ने पुलिस को ट्रेन से आने की बात कही। पुलिस तारेगना स्टेशन पर तैनात रही, लेकिन वह नहीं पहुंचा। बाद में उसने फोन उठाना बंद कर मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया।किशोरी की मां ने बुधवार को धनरूआ थाने में मामला दर्ज कराया था। आरोप है कि शिक्षक अविनाश कुमार ने मंगलवार को छुट्टी के बाद स्टाफ रूम में घटना को अंजाम दिया और धमकी दी कि किसी को बताने पर माता-पिता की हत्या कर देगा। पुलिस अब आरोपी के पैतृक आवास भागलपुर में संपर्क कर रही है। घटना के बाद लोगों में स्कूल और पुलिस के खिलाफ रोष है।

# वर्षों पुराने छठ घाट उखाड़ने को लेकर गांव में आक्रोश व्याप्त

## साम्प्रदायिकता व सौहार्द बिगाड़ने की साजिश



**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के गमहरिया खुर्द गांव में छठ पूजा घाट पर स्थापित श्रीशोभता को उखाड़ फेंकने को लेकर गांव के दर्जनों लोगों ने जिला पदाधिकारी महोदय, अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी को एक आवेदन देकर श्यामनंदन प्रसाद, शंभू प्रसाद, शैलेन्द्र कुमार,अरूण कुमार, कौशल कुमार विनोद कुमार सहित अन्य गणमान्य लोगों ने लिखित शिकायत में बताया हैं कि मुखिया पति के द्वारा दबंगई करके बरसों से हो रही छठ पूजा घाट को उखाड़ कर फेंक दी गई है,इन लोगों ने बताया हैं कि छठ घाट के बीचोंबीच नव नाला निर्माण कराने से लोगों में आक्रोश है बढ़ते विवाद को सुलझाने के लिए भाजपा विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा, मंडल अध्यक्ष नितेश कुमार सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता ने इस कार्य को लेकर विरोध जताया,इन लोगों ने बताया कि हिन्दू आस्था के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है यैसा नहीं होना चाहिए, जबकि मुखिया पति सफी अहमद ने बताया कि घठ घाट का निर्माण हमने ही कराया है,नाला नहीं बनने से सड़क पर किचड़ हमेशा बनी रहती है जिससे आने जाने वाले लोगों को किचड़ से सामना करना पड़ता है, विवाद बढ़ने पर सीओ अनामिका सिंह स्थल पर पहुंच कर जानकारी ली, लोगों ने वरीय पदाधिकारी से आग्रह किया है कि शीघ्र मामले को कारवाई करते हुए समस्या की समाधान करावे अन्यथा यह मामला उग्र होता जा रहा है, प्रशासन पुरी तरह तैनात हैं।

# साहित्यकार डॉ. राजीव नयन ने पौधरोपण कर मनाया जन्मदिन, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**दनियावां(पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** साहित्य, शिक्षा और पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना चुके साहित्यकार एवं वरिष्ठ मीडियाकर्मी डॉ. राजीव कुमार नयन ने गुरुवार को अपना 51वां जन्मदिन सादगी और संकल्प के साथ मनाया। इस मौके पर उन्होंने ईश्वर, आराध्य देव भगवान शिव एवं सभी शुभचिंतकों का आभार जताया जिन्होंने जीवन-संघर्ष में हमेशा हौसलाफजाई की। पीले कुर्ते में, माथे पर चंदन लगाए और बैकग्राउंड में खिले बोगनवेलिया के साथ डॉ. नयन की मुस्कुराती तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जन्मदिन पर उन्होंने ऐलान किया कि आज वे पर्यावरण संरक्षण के लिए एक फलदार, फूलदार और छायादार पौधा लगाकर उसका संरक्षण भी करेंगे।उनका कहना है, "गंगा दशहरा पर हमने मोक्ष की डुबकी लगाई, अब धरती मां को हरियाली की सौगात देना ही असली पुण्य है। डॉ. नयन ने अपने संदेश में कहा 51 साल की यात्रा में ईश्वर और भोलेनाथ का आशीष, शुभचिंतकों की प्रेरणा ने ही मुझे प्रगति पथ पर अग्रसर रखा। नौतपा की तपिश हो या जीवन की चुनौती, कलम कभी रुकी नहीं। गौरतलब है कि हाल ही में उन्होंने फतुहा के त्रिवेणी घाट पर गंगा दशहरा और एस यू कॉलेज, हिलसा की ग्राउंड रिपोर्टिंग से लोगों का ध्यान खींचा था। जन्मदिन की खबर मिलते ही साहित्य, शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने उन्हें फोन और सोशल मीडिया पर बधाई दी। लोगों ने लिखा- "राजीव जी की कलम समाज का दर्पण है। 51वें वर्ष में भी उनकी ऊर्जा युवाओं जैसी है।" डॉ. नयन ने कहा कि वे भगवान शिव से प्रार्थना करते हैं कि समाज में सकारात्मकता बनी रहे। पेड़ लगाना ही भोलेनाथ की सच्ची पूजा है, क्योंकि शिव को बेलपत्र और हरियाली दोनों प्रिय हैं, उन्होंने जोड़ा वरिष्ठ मीडिया कर्मी व सम्पादक डॉ. कमल किशोर,अजय श्रीवास्तव, हेमंत कुमार,जयप्रकाश सिंह,सुधीर कुमार सिंह व सरथुआ के शूरमा ग्रुप के साथियों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं और बधाई दी !

# मोतिहारी नगर निगम के सात पार्षद सशक्त स्थायी समिति सदस्य के रूप में निर्विरोध निर्वाचित

## सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन लोकतान्त्रिक मूल्यों आपसी विश्वास एवं सहयोग की भावना का प्रतीक : महापौर




**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम सभा भवन में महापौर प्रीति कुमारी की अध्यक्षता में नव निर्वाचित सशक्त स्थायी समिति सदस्यों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर आयुक्त आशीष कुमार, उप महापौर लालबाबू प्रसाद, वार्ड पार्षदगण, पार्षद प्रतिनिधिगण, नगर निगम के अधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महापौर प्रीति कुमारी जी के कुशल नेतृत्व एवं सभी 46 वार्डो के निगम पार्षदगण के सहयोग से वार्ड संख्या 16, 18, 22, 23, 27, 29 एवं 45 के निगम पार्षद सशक्त स्थायी समिति सदस्य के रूप में निर्विरोध निर्वाचित हुए। सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर प्रीति कुमारी जी ने कहा कि स्थायी सशक्त समिति के सदस्यों का निर्विरोध निर्वाचन लोकतांत्रिक मूल्यों, आपसी विश्वास एवं सहयोग की भावना का प्रतीक है। यह केवल एक निर्वाचन नहीं, बल्कि नगर के विकास, जनहित एवं सुशासन के प्रति सामूहिक संकल्प का परिचायक है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि समिति के सभी सदस्य अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन निष्ठा, पारदर्शिता एवं समर्पण के साथ करेंगे।महापौर ने कहा कि नगर निगम मोतिहारी लगातार विकास की दिशा में अग्रसर है तथा स्वच्छता, पेयजल, सड़क, प्रकाश व्यवस्था, स्वास्थ्य एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाना नगर निगम की प्राथमिकता है। स्थायी सशक्त समिति नगर निगम की योजनाओं एवं नीतियों को प्रभावी रूप से लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने नगर निगम के सभी पार्षदों एवं अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति आपसी सहमति एवं जनसेवा की भावना में निहित होती है। सभी जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों के सहयोग से मोतिहारी शहर को स्वच्छ, विकसित एवं आदर्श नगर बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को पुनः हार्दिक बधाई एवं सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दी गईं।

# निविदिता कुमारी को मिला बनकटवा प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी का प्रभार

## प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को मिली अतिरिक्त जिम्मेदारी




**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड में प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी निविदिता कुमारी ने मंगलवार को प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) का पदभार विधिवत ग्रहण कर लिया। विभागीय निर्देश के बाद उन्होंने यह जिम्मेदारी संभाली। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कार्यालय पहुंचकर कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया तथा कर्मियों से विभिन्न कार्यो की जानकारी लेकर विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की।

### शिक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाना होगी प्राथमिकता

निविदिता कुमारी ने कहा कि वे विभाग द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रखंड में शैक्षणिक व्यवस्था को सुचारु और प्रभावी बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। साथ ही विद्यालयों में शिक्षकों और छात्रों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए सख्त निरीक्षण व्यवस्था लागू की जाएगी।

### कर्मियों को दिए पारदर्शी कार्य प्रणाली अपनाने के निर्देश

प्रभारी बीईओ ने कार्यालय कर्मियों को समयबद्ध एवं पारदर्शी कार्य प्रणाली अपनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी कर्मियों को जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा।

### पदभार ग्रहण समारोह में शिक्षक व प्रधानाध्यापक रहे मौजूद

इस अवसर पर डीडीओ जयनाथ सिंह, एमडीएम प्रभारी मंजित कुमार, मधुरेश कुमार, रजनीश तिवारी, राजदेव यादव, अनिल कुमार, बीआरपी मनोज कुमार, अरुण कुमार, राधेश्याम कुमार, संजीव कुमार, हारून आलम चंचल कुमार, रमेश गुप्ता, अजीत यादव, ईशान कुमार, रौशन कुमार, वजीर हुसैन, दीपा गुप्ता, विनोद कुमार बैठा, किशोर बैठा सहित प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास के साथ मना त्याग और बलिदान का पर्व बकरीद

## प्रखंड क्षेत्र में 16 जगहों पर अदा की गई ईद उल अजहा की नमाज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखण्ड क्षेत्र में गुरुबार को त्याग और बलिदान का पर्व ईद उल अजहा हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया गया। प्रखंड क्षेत्र के कुल 16 स्थानों पर मुसलमानों ने ईद उल अजहा की नमाज अदा की। नावकोठी, विष्णुपुर, सैदपुर, देवपुरा, रजाकपुर, हसनपुर बागर, पहसारा, समसा सहित विभिन्न मस्जिदों में लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी थी। बूढे बच्चे, जवान, विभिन्न रंगों के पोशाक पहने सिर पर टोपी लगाये सामूहिक नमाज में शामिल हुए। प्रशासनिक स्तर पर चाक चौबंध सुरक्षा व्यवस्था का बंदोबस्त किया गया था। बीडीओ राहुल रंजन, थानाध्यक्ष मो फिरदौस, पुलिस इंस्पेक्टर रामकुमार सिंह, सीओ सूरज कुमार, सब इंस्पेक्टर विश्वजीत कुमार, रंजीत कुमार, मिथिलेश कुमार, राकेश कुमार एवं प्रतिनियुक्त मजिस्ट्रेट एवं पुलिस बल सुबह छह बजे से इलाके में घूम घूम कर शांति के साथ थाना क्षेत्र के विभिन्न मुस्लिम गांवों में पर्व को संपन्न कराया। मुसलमानों ने नमाज में ईमान और अकीदत के साथ अल्लाह से मुल्क की तरक्की सलामती, भाईचारे, अमन वो शांति की दुआएं मांगी। नमाज के बाद लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को पर्व की मुबारकबाद दी। सक्षम लोग अपने घरों में बकरे की कुर्बानी का रस्म अदायगी की। मौके पर मुखिया राष्ट्रपति कुमार, दिनेश यादव, अभिषेक कुमार पिंटु, अजय सहनी, विजय पासवान, प्रतिनिधि रंजीत कुमार पमपम, मुखिया प्रतिनिधि मुकेश कुमार, निभा देवी, उप प्रमुख नंदकिशोर पासवान,जिप प्रतिनिधि डॉ राजेंद्र शर्मा, सुरेश पासवान, मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद अमजद सहित अन्य मौजूद थे।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा का पर्व

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** शिवाजीनगर प्रखंड क्षेत्र में ईद-उल-अजहा बकरीद का पर्व बृहस्पतिवार को धार्मिक आस्था, भाईचारे एवं उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही विभिन्न मस्जिदों एवं ईदगाहों में नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने अल्लाह की इबादत कर अमन, शांति और खुशहाली की दुआ मांगी। प्रखंड के परशुराम गांव स्थित समीर सुन्नी जामा मस्जिद में ईद-उल-अजहा को लेकर बड़ी संख्या में नमाजी पहुंचे। निर्धारित समय पर इमाम द्वारा विशेष नमाज अदा कराई गई। नमाज के बाद



लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। बच्चों एवं युवाओं में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखा गया वहीं रहटौली, हबका, नूरगंज सहित आसपास के शाहिद क्षेत्र की सभी मस्जिदों में भी बकरीद का पर्व हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण वातावरण में मनाया गया। नमाज के बाद लोगों ने कुर्बानी की रस्म अदा की तथा गरीब एवं जरूरतमंदों के बीच मांस का वितरण कर इंसानियत और भाईचारे का संदेश दिया। त्योहार को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। हथौड़ी थानाध्यक्ष मौसम अपने दल-बल के साथ लगातार क्षेत्र में गश्ती करती रहीं। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी ताकि पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके। प्रशासन की सक्रियता से पूरे क्षेत्र में शांति एवं सौहार्द का माहौल बना रहा स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों ने लोगों को ईद-उल-अजहा की शुभकामनाएं देते हुए आपसी प्रेम, भाईचारा और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

## बेगूसराय में युवक ने फंासी लगाकर दी जान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** नगर थाना क्षेत्र के तिलक नगर वार्ड संख्या-32 निवासी मुरलीधर के 24 वर्षीय पुत्र रितिक रोशन ने गुरुवार को गले मे फंदा डालकर आत्महत्या कर लिया। घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों ने बताया कि रितिक रोशन एचडीएफसी डीएसए ब्रांच के लोन विभाग में मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव के पद पर कार्यरत था। वह मुख्य रूप से सरकारी कर्मचारियों को लोन उपलब्ध कराने का काम करता था। बुधवार की शाम वह रोज की तरह ऑफिस से घर लौटा। परिवार के साथ खाना खाया और देर रात तक अपनी मंगेतर से मोबाइल पर बातचीत करता रहा। परिवार वालों के अनुसार दोनों की शादी तय हो चुकी थी और नवंबर महीने में रिंग सेरेमनी होने वाली थी। दोनों परिवार इस रिश्ते से खुश थे। बताया जा रहा है कि देर रात आखिर ऐसा क्या हुआ। इसकी जानकारी किसी को नहीं है। गुरुवार की सुबह करीब 10 बजे तक जब रितिक के कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो परिजनों को शक हुआ। काफी आवाज लगाने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद दरवाजा खोला गया तो अंदर का दृश्य देखकर परिवार वालों के होश उड़ गए। रितिक रोशन कमरे की छत में लगे सीलिंग हुक से चादर के सहारे फंदे से लटका हुआ था। यह दृश्य देखते ही परिवार में चीख-पुकार मच गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिवार वालों का कहना है कि रितिक का किसी से कोई विवाद या दुश्मनी नहीं थी। वह स्वभाव से शांत और मिलनसार था। ऐसे में उसने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया, यह किसी की समझ में नहीं आ रहा है।

# दोस्त ने युवक की हत्या कर शव को तालाब में फेंका

- सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने किया मामले का उद्भेदन, दो को किया गिरफ्तार
- पूर्व के मामले को लेकर हत्या की कही जा रही है बात, गंभीर रूप से पिटाई करने के बाद युवक की हुई मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कंकौल में दोस्त ने ही पिट पीटकर दोस्त की हत्या कर शव को जिले से बाहर फेंक दिया। ज्ञात हो कि उक्त थाना क्षेत्र से इंटर के एक छात्र का पहले अपहरण किया गया। फिर बेरहमी से पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद शव को जिले से करीब 90 किलोमीटर दूर खगड़िया जिले के बेलदौर दियारा क्षेत्र स्थित तालाब में फेंक दिया गया। इस सनसनीखेज घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत है। मृतक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कंकौल गांव निवासी राम उदय यादव के 16 वर्षीय पुत्र विकास कुमार उर्फ विकास यादव के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि विकास इंटर का छात्र था और मंगलवार की दोपहर छात्रवृत्ति योजना के तहत मिलने वाले 10 हजार रुपये के लिए फॉर्म भरने की बात कहकर घर से निकला था लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटा। जब परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो गांव के लोगों ने बताया कि विकास को उसके दोस्त मोहित यादव उर्फ कारेलाल और एक अन्य युवक बाइक पर बैठाकर ले गए थे। इसके बाद परिवार वालों ने मुफस्सिल थाना पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए बड़ी संख्या में ग्रामीण भी थाना पहुंच गए और छात्र की बरामदगी की मांग करने लगे। मामला बढ़ता देख एएसपी आनंद कुमार पांडेय के नेतृत्व में पुलिस की टीम तुरंत सक्रिय हुई। पुलिस ने गांव के ही दो युवकों मुसो यादव के पुत्र विकास यादव और बुलबुल यादव के पुत्र मोहित यादव उर्फ कारेलाल को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की। शुरुआत में दोनों पुलिस को लगातार गुमराह करते रहे। लेकिन सख्ती के बाद दोनों टूट गए और हत्या की पूरी साजिश का खुलासा कर दिया। पूछताछ में सामने आया कि मोहित यादव छात्र को बाइक से पहले बलिया इलाके में अपनी बहन के घर के पास लेकर गया जहां दूसरा आरोपी पहले से मौजूद था। वहीं दोनों ने मिलकर विकास की बेरहमी से पिटाई की। आरोप है कि इतना पीटा गया कि उसके दोनों हाथ और गर्दन तक टूट गए। पिटाई के बाद उसकी हत्या कर दी गई। हत्या के बाद आरोपी शव को ठिकाने लगाने के लिए खगड़िया जिले के बेलदौर दियारा क्षेत्र ले गए और तालाब में फेंक दिया। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने बेलदौर पहुंचकर शव बरामद किया। शव की हालत देखकर पुलिस और परिजन भी सन्न रह गए। घटना के खुलासे में सीसीटीवी फुटेज अहम सबूत बना। फुटेज में मृतक विकास आरोपियों के साथ जाता दिखाई दे रहा है। इसी आधार पर पुलिस ने जांच तेज की और दोनों आरोपियों तक पहुंच गई। बताया जा रहा है कि आरोपी और मृतक पहले अच्छे दोस्त थे और साथ पढ़ाई भी करते थे। हत्या के पीछे पुरानी रंजिश की बात सामने आ रही है। जानकारी के मुताबिक कुछ महीने पहले आरोपी विकास यादव ने मृतक के बड़े भाई शिवम के नाम से फर्जी फ़ेसबुक आईडी बनाकर अश्लील फोटो अपलोड कर दिया था। इस मामले में शिकायत होने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। करीब एक महीने पहले ही वह जेल से बाहर आया था। और तभी से बदला लेने की धमकी दे रहा था। मृतक के चाचा मनीष कुमार ने बताया कि आरोपी सनकी प्रवृत्ति का था और जेल से छूटने के बाद लगातार परिवार को धमका रहा था। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और पूरे मामले की गहराई से जांच की जा रही है। इस निर्मम हत्या के बाद गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। वहीं लोगों में अपराधियों के खिलाफ भारी गुस्सा देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है।

## हजारों अकीदतमंदों ने अल्लाह की ईबादत में झुकाया सिर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** नगर परिषद बरौनी और इसके आस-पास के इलाकों में आज त्याग, बलिदान और समर्पण का त्योहार ईद-उल-अजहा (बकरीद) बेहद शांतिपूर्ण, अकीदत और आपसी सौहार्द के माहौल में मनाया गया। इस पावन अवसर पर सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोगों में खासा उत्साह देखा गया। नए-नए वस्त्र पहनकर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने मुख्य ईदगाहों और मस्जिदों का रुख किया।बरौनी और आस-पास के ग्रामीण इलाकों में मुख्य नमाज का आयोजन किया गया, जहाँ हजारों की संख्या में अकीदतमंदों ने अल्लाह की बारगाह में सिर झुकाया। बरौनी पुरानी ईदगाह जहाँ बड़ी संख्या में लोग जुटेरहमानी ईदगाह जामा मस्जिद बरौनी इसके अलावा क्षेत्र के अन्य स्थानीय मस्जिदों और ईदगाहों में भी निर्धारित समय पर ईद-उल-अजहा की नमाज मुकम्मल की गई। बरौनी पुरानी ईदगाह में नमाज की कमान जामा मस्जिद के मुख्य इमाम कयामुद्दीन कासमी साहब ने संभाली। उन्होंने पूरी अकीदत के साथ नमाज अदा कराई। नमाज के बाद इमाम साहब ने खुतबा पढ़ा और सामूहिक दुआ मांगी। दुआ में देश में अमन-चैन, तरक्की, खुशहाली और आपसी भाईचारे को बनाए रखने की मन्नत मांगी गई। नमाज खत्म होते ही लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। नमाज के बाद मीडिया से बात करते हुए जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती कयामुद्दीन कासमी साहब ने त्योहार के महत्व पर प्रकाश डाला और समाज को एक बड़ा संदेश दिया उन्होंने कहा ईद-उल-अजहा का यह मुकद्दस त्योहार हमें अल्लाह की राह में अपनी सबसे अजीज चीज की कुर्बानी देने और इंसानियत की सेवा करने का संदेश देता है। यह पर्व सिर्फ रस्म अदायगी नहीं, बल्कि अपने भीतर के अहंकार और बुराइयों को खत्म करने का दिन है। आज हम सबने मिलकर मुल्क की तरक्की, अमन-ओ-अमान और आपसी भाईचारे के लिए दुआ की है। मुझे बेहद खुशी है कि बरौनी के तमाम भाइयों ने हमेशा की तरह इस बार भी गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश करते हुए इस त्योहार को शांतिपूर्ण और गरिमामय तरीके से मनाया है। त्योहार के दौरान क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। आरपीएफ बरौनी और फुलवाड़िया थानाध्यक्ष विजय साहनी ने अपने पुलिस बल के जवान सभी मुख्य ईदगाहों और संवेदनशील चौराहों पर तैनात रहे।

## बुरा कर्म ही मनुष्य का है सबसे बड़ा दुश्मन : जीयर स्वामी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** इजरी पिपारा मे प्रवचन करते हुए जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि बुरा कर्म का फल बुरा ही होता है। मनुष्य को कर्म करने में सतर्कता बरतनी चाहिए। बुरे कर्मों से बचना चाहिए। बुरा कर्म ही मनुष्य का सबसे बड़ा दुश्मन है। जैसा कर्म करेंगे वैसा फल मिलना निश्चित है। इसलिए किसी भी प्राणी को बुरा कर्म नहीं करना चाहिए। किसी भी निर्दोष जीवों को मारकर खाना बहुत ही बड़ा पाप है। किसी भी जीव को मारकर खाने का किसी भी मनुष्य का कोई अधिकार नहीं है। मनुष्य कुछ पल के लिए जिह्वा के स्वाद के लिए प्राणियों को मारकर खा जाता है। यह बहुत



ही बड़ा अपराध है। इससे बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि तीर्थ करने से भी बड़ा फल संत दर्शन का होता है। तीर्थ करें फल एक है संत मिले फल चार। पूर्व जन्म का जब पुण्य इकट्ठा होता है तो संत का दर्शन होता है। संत के दर्शन मात्र से बड़ी से बड़ी बाधाएं टल जाती है। मनुष्य को संसार में रहते हुए और संसार में जीविकोपार्जन के लिए कार्य करते हुए ईश्वर में ध्यान लगाते रहना चाहिए। भगवान श्री कृष्ण के बाल रूप का स्मरण करने से पापों से मुक्ति मिल जाती है। श्री कृष्ण के बाल लीलाओं को सुनने से मनुष्य ईश्वर को प्राप्त कर लेता है। सभी देवी देवता भी कृष्ण के बाल रूप का स्मरण करते रहते हैं। जब भी समय मिले नित्य प्रतिदिन श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करते रहना चाहिए। भागवत कथा का पाठ करते रहना चाहिए। जिस घर में भागवत कथा का पाठ होता हो उस घर में लक्ष्मी का आगमन हो जाता है और घर में प्रायः शांति स्थापित रखती है। मनुष्य को इस बात पर हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि हमसे किसी भी दूसरे मनुष्य को कोई परेशानी ना हो। कोई कष्ट ना हो। उन्होंने कहा कि बेवजह पेड़ पौधे को नहीं काटना चाहिए। यह दिन रात हमें प्राणवायु ऑक्सीजन उपलब्ध कराते रहते हैं। यज्ञ समिति के अध्यक्ष सुनील सिंह भूषण सिंह हरे राम तिवारी सत्येंद्र सिंह सूरजभान सिंह सालिक दुबे कामता सिंह आदि यज्ञ को सफल बनाने मे लगे हुए हैं।

## जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई : पकड़ी गिरजा मोड़ स्थित केसर हॉस्पिटल सील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा (भोजपुर)।** जिला पदाधिकारी तनय सुल्तानिया के निर्देशानुसार प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी की संयुक्त उपस्थिति में पकड़ी गिरजा मोड़ रोड, आरा स्थित संचालित केशर हॉस्पिटल की जांच की गई। उक्त कार्रवाई आमजन से प्राप्त शिकायतों एवं अस्पताल संचालन से संबंधित प्राप्त सूचनाओं के आधार पर की गई। जांच के दौरान अस्पताल परिसर, उपलब्ध अभिलेखों, चिकित्सीय संचालन व्यवस्था, निबंधन संबंधी दस्तावेज, मानव संसाधन, चिकित्सकीय सुविधाओं एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का



गहन सत्यापन किया गया। निरीक्षण के क्रम में कई आवश्यक अभिलेखों एवं संचालन संबंधी बिंदुओं में अनियमितताएं पाई गईं। साथ ही स्थानीय नागरिकों द्वारा अस्पताल संचालन के संबंध में प्राप्त शिकायतों की भी जांच की गई, जिनमें प्रथम दृष्टया कई शिकायतें सत्य पाई गईं। जांचोपरांत दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी द्वारा संयुक्त प्रतिवेदन तैयार किया गया, जिसके आलोक में जनहित, मरीजों की सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था के दृष्टिकोण से नियमानुसार कार्रवाई करते हुए केसर हॉस्पिटल को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई थी तथा संपूर्ण कार्रवाई शांतिपूर्ण एवं प्रशासनिक निगरानी में संपन्न कराई गई। जिला प्रशासन स्पष्ट करना चाहता है कि बिना वैध मानकों, आवश्यक अनुमति अथवा नियमों के प्रतिकूल संचालित किसी भी स्वास्थ्य संस्थान, क्लिनिक अथवा अस्पताल के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। आम नागरिकों के जीवन, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर डी.पी.एम हेल्थ भोजपुर, गुड्डू कुमार सिंह प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## दो बाइकों की टक्कर में एक की मौत दूसरा जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र में गुरुवार को दो बाइकों की आमने सामने की टक्कर में एक बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि चार बाइक सवार जख्मी हो गया। मृतक की पहचान बखरी थाने के मोहन सदा का पुत्र मुकेश सदा के रूप में हुई है। जबकि जख्मी चेरिया बरियारपुर थाने के मणिकपुर के रामचरण सदा का पुत्र नीतीश सदा तथा नीतीश सदा की पत्नी रीता देवी तथा नावकोठी थाना के हसनपुर बागर के मो अमजद का पुत्र मो सरफराज उर्फ भोलुआ तथा मो मुशताक है। जख्मी को इलाज के लिए पीएचसी नावकोठी लाया गया। मुकेश सदा तथा मो भोलुआ की गंभीर स्थिति के मद्देनजर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेजा गया। जहाँ मुकेश सदा को चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। घटना रजाकपुर पंचायत के पीरनगर डुमरिया ग्रामीण सड़क फूलेना महतो के घर के समीप घटी। जख्मी रीता देवी ने बताया कि वह अपने मायके हेमनपुर से ससुराल बाइक से भाई मुकेश तथा पति नीतीश के साथ बाइक से जा रही थी। डुमरिया में विपरीत दिशा से अनियंत्रित गति से आ रहा बाइक सवार ने उसके बाइक में सामने से ठोकर मार दिया। ठोकर काफी तेज था। ठोकर लगने के बाद दोनों बाइक सवार गिर कर जख्मी हो गया। राहगीरों ने इसकी सूचना पुलिस पदाधिकारी तथा एम्बुलेंस कर्मी को दी। सूचना पाकर एस आई विपिन कुमार ओझा दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुँच कर इलाज के लिए पीएचसी भेज दिया।

## रानी तालाब में अवैध बालू लदे तीन ट्रक जब्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रम।** रानीतालाब थाना क्षेत्र में अवैध बालू खनन और परिवहन के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई की गई। बुधवार की देर रात गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने अवैध बालू लदे तीन ट्रकों को जब्त किया। वरीय पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर डीएसपी-2 पालीगंज पंकज कुमार शर्मा के नेतृत्व में रानीतालाब थाना क्षेत्र के जनपारा गांव के समीप विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर अवैध रूप से बालू परिवहन कर रहे तीन ट्रकों को घेराबंदी कर पकड़ा। सभी ट्रकों में बिना वैध कागजात के बालू लदा हुआ था। हालांकि इस कार्रवाई में किसी की गिरफ़्तारी की सूचना नहीं है। विभाग द्वारा अवैध बालू परिवहन के मामले में कुल 36 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। इस संयुक्त कार्रवाई में रानीतालाब, बिक्रम और दुल्हिन बाजार थाना की पुलिस टीम पूरे दल-बल के साथ मौजूद थी।

## बकरीद को लेकर मस्जिदों और ईदगाहों में उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**अररिया।** बकरीद पर्व को लेकर गुरुवार को अररिया जिले में मुस्लिम समुदाय के बीच उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही शहर की विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में नमाज अदा करने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों की संख्या में लोगों ने नमाज अदा कर अमन, शांति और भाईचारे की दुआ मांगी। शहर के प्रमुख ईदगाह, खलीलाबाद मस्जिद, आजाद एकेडमी मस्जिद, इस्लाम नगर ईदगाह, बैरगाछी नया ईदगाह समेत अन्य मस्जिदों में सुबह-सुबह नमाज का सिलसिला शुरू हो गया। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद मुबारक कहा और शुभकामनाएं दीं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी पर्व की खुशी में सराबोर नजर आए। बकरीद इस्लामिक परंपरा के अनुसार हजरत इब्राहिम (अ.) के त्याग और अल्लाह के प्रति समर्पण की याद में मनाई जाती है। इस अवसर पर लोग कुर्बानी देकर उसका हिस्सा गरीबों, रिश्तेदारों और जरूरतमंदों में बांटते हैं। जिले में भी लोगों ने पूरी श्रद्धा और परंपरा के साथ इस रस्म को निभाया। पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के



लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों के आसपास पुलिस बल की तैनाती की गई थी, वहीं ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए वैकल्पिक मार्गों का इंतजाम भी किया गया था। स्थानीय मुस्लिम नेताओं ने कहा कि बकरीद केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि त्याग, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देने वाला पर्व है। कई स्थानों पर हिंदू समुदाय के लोग भी अपने मुस्लिम भाइयों को बकरीद की मुबारकबाद देते नजर आए, जिससे आपसी सौहार्द की मिसाल देखने को मिली। नए कपड़े पहनकर नमाज अदा करने के बाद लोग अपने-अपने घरों को लौटे और कुर्बानी की तैयारियों में जुट गए। पूरे दिन रिश्तेदारों और परिचितों के यहां जाकर मुबारकबाद देने का सिलसिला जारी रहा। अररिया में बकरीद का यह उत्सवी माहौल जिले में भाईचारे और सामाजिक एकता का संदेश देता नजर आया।

### बिक्रम में बकरीद का त्योहार हर्षोल्लास के साथ संपन्न

**बिक्रम (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बकरीद के मौके पर बिक्रम में मुसलमान भाइयों ने एक दूसरे को मुबारकबाद किया।वहीं बिक्रम के जामा मस्जिद,गरीबे नमाज एवं विभिन्न गांवों सुंदरपुर, पतुत, मोजक्का आदि जगहों पर सामूहिक रूप से नमाज अदा की गई। साथ ही जद यू नेता मो महफूज अहमद, पूर्व मुखिया मो इब्राहिम एवं मो रेयान अहमद की ओर से सामाजिक समरसता के साथ दावत का आयोजन किया गया।

## केदार सिंह के निधन पर शोक सभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** डीएस इंटर कॉलेज पहसारा में शासी निकाय के पूर्व सदस्य केदार प्रसाद सिंह (94 वर्ष) के निधन पर शोकसभा का आयोजन बुधवार को किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य प्रो विमलेन्द्र राय ने की। उन्होंने कहा कि ये इस कालेज के मुख्य संस्थापक सदस्य थे। इनके मार्गदर्शन में कालेज में कई रचनात्मक एवं विकासात्मक कार्य सम्पन्न हुए। इनका निधन मंगलवार की देर शाम पैतृक आवास पर हुआ। इनके निधन की खबर से संपूर्ण महाविद्यालय परिवार मर्माहत हो गया। इनके निधन से शिक्षा जगत तथा सामाजिक क्षेत्र में अपूर्णीय क्षति हुई है। कालेज परिवार एक कुशल मार्गदर्शक तथा पथप्रदर्शक खो दिया है। दो मिनट का मौन धारण कर इनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर प्रो मनोहर कुमार, प्रो विभूति कुमार, प्रो चुनचुन सिंह, अमिता कुमारी, दीपक कुमार सिंह, त्रिलोकी कुमार, विजय कुमार आदि मौजूद थे।

## कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू होने पर विधायक ने जताया आभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** बिहार में राज्यकर्मियों और उनके आश्रितों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने के मंत्रीमंडल के फैसले का बड़हरा विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मंत्रीमंडल के सभी सदस्यों के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि यह फैसला लाखों परिवारों के लिए राहत और बेहतर स्वास्थ्य सुरक्षा का मार्ग खोलेगा। राघवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि बिहार विधानसभा सत्र के दौरान उन्होंने सदन में कैशलेस चिकित्सा सुविधा की जोरदार मांग उठाई थी, जिसे लगभग सभी विधायकों का समर्थन मिला था। उस समय सदन में तत्कालीन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और तत्कालीन उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि सम्राट चौधरी ने उसी दौरान इस सुविधा को लागू करने का आश्वासन दिया था, जिसे अब मंत्रीमंडल ने पारित कर दिया है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश और झारखंड में यह सुविधा पहले से लागू थी, लेकिन बिहार में इसकी कमी लंबे समय से महसूस की जा रही थी। अब इस व्यवस्था के लागू होने से वर्तमान और पूर्व राज्यकर्मियों सहित उनके आश्रितों को इलाज के दौरान आर्थिक परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा और उन्हें आसानी से बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। बड़हरा विधायक ने कहा कि इस फैसले से हजारों परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार तेजी से विकास की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सम्राट चौधरी, नीतीश कुमार के सुशासन की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए बिहार को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। राघवेंद्र प्रताप सिंह ने इस फैसले के लिए मंत्रीमंडल और अपने विधायक साथियों को भी धन्यवाद दिया।

# आपसी रंजिश को लेकर दो गुटों में चली गोली, दो घायल, मामले की जांच में जुटी पुलिस

## मौके पर पहुंचे वरीय अधिकारी, पुलिस छावनी में तब्दील हुआ घटनास्थल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**धनबाद।** कतरास थाना क्षेत्र अंतर्गत छाताबाद में बुधवार देर रात आपसी रंजिश को लेकर दो गुटों के बीच गोलीबारी की घटना हुई है। रात करीब एक बजे हुई फायरिंग से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना में दो लोग गोली लगने से घायल हो गए है। घायलों में छाताबाद निवासी, नीतीश कुमार यादव तथा एक अन्य व्यक्ति शामिल हैं। नीतीश कुमार यादव की जांघ में गोली लगी है। नीतीश यादव का इलाज निचितपुर स्थित एक निजी क्लीनिक में चल रहा है। कतरास थाना के प्रभारी सह इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार ने बताया कि छाताबाद स्थित कैलूडीह मैदान के समीप देर रात आपसी रंजिश में दो गुटों में फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया है, जिसमें दो लोगों को गोली लगी है। दोनों घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है और दोनों खतरे से बाहर बताए जा रहे है। उन्होंने बताया कि फिलहाल क्षेत्र को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया और स्थिति नियंत्रण में है। उन्होंने बताया कि फिलहाल मामले में एफआईआर दर्ज नही की गई है, लेकिन आगे की कार्रवाई जारी है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही देर रात बाघमारा एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, कतरास थाना प्रभारी प्रवीण कुमार, कतरास अंचल इंस्पेक्टर मो. रुस्तम अंसारी सहित कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने इलाके की घेराबंदी कर छापेमारी अभियान शुरू कर दिया है। गुरुवार सुबह भी ग्रामीण एसपी मोहम्मद याकूब मौके पर पहुंच मामले की जानकारी ली और पुलिस पदाधिकारियों को कार्रवाई के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया। फिलहाल घटना में शामिल अपराधियों की पहचान की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं गोलीबारी में घायल नीतीश कुमार यादव के पिता किशोरी यादव ने बताया कि वह दूध का कारोबार करते हैं। देर रात उनका बेटा गाय-भैंसों की निगरानी के लिए बाहर निकला था। इसी बीच उन्हें गोलीबारी में उनके बेटे को गोली लगने की सूचना मिली।

# सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां बढ़ती मांगों के बीच आपूर्ति कर रही निर्बाध ईंधन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियां इंडियन ऑयल, बीपीसीएल एवं एचपीसीएल – देश के विभिन्न क्षेत्रों में ईंधन की मांग में अचानक एवं तीव्र वृद्धि के बावजूद पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु निरंतर संचालन एवं लॉजिस्टिक्स समन्वय बनाए हुए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की ग्ब्रएप अपने व्यापक राष्ट्रव्यापी नेटवर्क टर्मिनल, डिपो, पाइपलाइन, एलपीजी बॉटलिंग प्लांट एवं रिटेल आउटलेट्स के माध्यम से निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कर रही हैं। आपूर्ति दल, परिवहन नेटवर्क, टर्मिनल संचालन तथा चयनित रिटेल आउटलेट्स चौबिस घंटे कार्यरत हैं ताकि उत्पादों की निर्बाध आवाजाही एवं समय पर पुनःपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। ईंधन आपूर्ति को सुचारु बनाए रखने हेतु सार्वजनिक क्षेत्र की राज्य प्रशासन के साथ भी निरंतर समन्वय बनाए हुए हैं। तेल उद्योग उपभोक्ताओं को आश्वस्त करना चाहता है कि देशभर में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है तथा निर्बाध आपूर्ति बनाए रखने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की ग्ब्रएप लगातार स्टॉक स्थिति की समीक्षा कर रही हैं तथा बढ़ी हुई मांग को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए लॉजिस्टिक्स एवं वितरण योजना पर निकट समन्वय बनाए हुए हैं। सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध है कि वे सामान्य खरीद व्यवहार बनाए रखें एवं अनावश्यक घबराहट में खरीदारी से बचें। ईंधन उपलब्धता संबंधी सही जानकारी हेतु केवल अधिकृत एजेंसियों एवं तेल विपणन कंपनियों द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

# राजद ने सीएम सम्राट चौधरी का किया पुतला दहन

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बुधवार को राष्ट्रीय जनता दल कार्यकर्ताओ ने समाहरणालय स्थित केंटीन चौक पर मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा हरे गमछे को लेकर दिए गए बयान पर पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस अवसर पर राजद जिलाध्यक्ष मोहित यादव के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष कार्यकर्ता हाथों में हरा गमछा लेकर कचहरी रोड से जुलूस निकालते हुए थाना चौक, नगर निगम चौक होते हुए कैंटीन चौक पहुंचे।

# अब यात्री ट्रेनों को रोक कर नहीं बढ़ाया जाएगा माल गाड़ियों को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में यात्री रेल गाड़ियों की लेटलतीफी के खिलाफ आंदोलन चला रही रेल यात्री संघर्ष समिति के साथ दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक (जीएम) ने बैठक की। संघर्ष समिति ने एलान किया था कि यदि लेटलतीफी बंद नहीं हुई तो समिति रेल जीएम का विरोध करेगी। इसके बाद चक्रधरपुर के डीआरएम ने विधायक सरयू राय को फोन कर सूचित किया कि जीएम जमशेदपुर आ रहे हैं और उनके साथ वार्ता करेंगे। रेल यात्री संघर्ष समिति के शिष्टमंडल और रेल जीएम एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई। विधायक सरयू राय ने रेल जीएम को बताया कि उनकी केवल और केवल एक ही मांग है कि टाटानगर में यात्री रेलगाड़ियों की लेटलतीफी बंद की जाय और यात्री रेलगाड़ियों को रास्ते में खड़ा कर माल गाड़ियों को पास करने का सिलसिला बंद किया जाय। रेल जीएम ने यह बात माना और रेल यात्री संघर्ष समिति को बताया कि अब से यात्री रेल गाड़ियों को खड़ा कर माल गाड़ियों को आगे नहीं बढाया जाएगा। उन्होंने रेलवे के अन्य पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे इस निर्णय को लागू करें और देखें कि किसी भी स्थिति में यात्री रेल गाड़ियों को रोकर माल गाड़ियों को आगे नहीं बाढ़या जाय। दक्षिण-पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार जैन ने कहा कि कोल्हान में रेलवे के नेटवर्क को दुरुस्त करने को लेकर काम चल रहा है। दीर्घकालिक और अल्पकालिक योजना पर काम किया जा रहा है। करीब 3000 करोड़ की योजना पर काम चल रहा है। 2027 से सुधार की शुरुआत होगी और 2028 तक हर हाल में ट्रैफिक सुधर जाएगा। इसके बाद टाटानगर, चक्रधरपुर और आसपास के रेल नेटवर्क में परिचालन क्षमता बढ़ेगी। ट्रेनों की लेट लतीफी कम होगी और यात्रियों को बेहतर सेवा मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेन के रखरखाव और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए काम होने हैं। इसके लिए 383 करोड़ रुपए का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया है। वहीं चांडिल-गम्हरिया के बीच तीसरी व चौथी रेल लाइन परियोजना 1112 करोड रुपए के लागत से स्वीकृत की गई है। चौथी लाइन दिसंबर 2019 तक और तीसरी लाइन दिसंबर 2030 तक पूरी होगी। इसके पूर्व विधायक सरयू राय ने रेल जीएम को बताया था कि स्थानीय मेमू ट्रेनों और पैसेंजर ट्रेनों की लेटलतीफी के कारण यहाँ के व्यवसायियों, कर्मचारियों, छात्रों, दैनिक वेतन भोगी मजदूरों तथा आमजनों को काफी नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि यात्री रेल गाड़ियाँ टाटानगर के निकटतम स्टेशनों जैसे चांडिल, कांड्रा, गम्हरिया, राखामाइंस तक समय पर आ जाती हैं, पर वहाँ से टाटानगर आने में 35-40 किमी की दूरी तय करने में 4-5 घंटे का समय लग जाता है। इस पर रेल जीएम ने कहा कि वे इन गाड़ियों की रोजाना समीक्षा करेंगे कि वे टाटानगर समय पर पहुँच रहीं हैं या नहीं। विधायक सरयू राय ने रेल जीएम और डीआरएम को धन्यवाद दिया कि रेल यात्री संघर्ष समिति की सभी बातें मान ली गयी हैं। संघर्ष समिति कुछ दिनों तक रेल जीएम के आश्वासनों की प्रतीक्षा करेगी तदोपरांत आगे का कार्यक्रम तय करेगी। बैठक में रेल जीएम के साथ रेल एजीएम, चक्रधरपुर मंडल के डीआरएम, सीनियर डीसीएम आदि अधिकारी थे, जबकि रेल यात्री संघर्ष समिति में विधायक सरयू राय, शिव शंकर सिंह, कन्हैया सिंह के अतिरिक्त सुबोध श्रीवास्तव, अजय कुमार, नीरज सिंह, अमित शर्मा, राजीव आदि मौजूद रहे।

# मिथिलेश हत्याकांड में पांच धराए

**बांका (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रजौन थाना क्षेत्र के खैरा गांव के कारोबारी मिथिलेश कुमार उर्फ वीडियो हत्याकांड में पुलिस ने पांच अपराधियों को आज गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक उपेन्द्र नाथ वर्मा ने बताया कि आज पुलिस ने मिथिलेश हत्याकांड में पांच अपराधियों जिले के रजौन थाना क्षेत्र के खैरा गांव के सुमन कुमार साह, मिथिलेश कुमार मंडल, कटियामा गाँव केअरविन्द कुमार पोद्दार, धोबीडीह गांव के नागेन्द्र यादव और बौसी थाना के बौनसी गांव केप्रशांत कुमार यादव को गिरफ्तार कर लिया है। ये लोग एक दिन पहले अमरपुर रजिस्ट्री ऑफिस से जमीन रजिस्ट्री करवा कर घर आ रहे मिथिलेश कुमार और साथ आ रहे कुन्दन सिंह को गोली मार दिया।

# महिलाओं के स्वास्थ्य और सम्मान का दिया गया संदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**धनबाद।** धनबाद के तोपचांची अंचल कार्यालय में गुरुवार को बाहा जोआक संस्कार कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिलाओं के स्वास्थ्य, मासिक धर्म स्वच्छता और महिला सम्मान को समाज के सामने खुलकर रखने की दिशा में एक सराहनीय पहल साबित हुआ। इस आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि झारखंड में पहली बार इस तरह का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसने महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों को खुलकर समाज के बीच रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के माध्यम से यह बताया गया कि पीरियड्स कोई शर्म या छुपाने की चीज नहीं, बल्कि महिलाओं के जीवन का एक सामान्य, प्राकृतिक और महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही नीडो फास्ट की ओर से सैनिटरी पैड का वितरण भी किया गया। इस पहल ने न सिर्फ स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और आत्मविश्वास को भी मजबूती देने का काम किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से टुंडी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो मौजूद रहे। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज में महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाने के लिए राज्य की हेमंत सोरेन सरकार लगातार इस तरह के कार्यक्रम करा कर लोगों को जागरूक करने में लगी हैं। वहीं, मौके पर मौजूद किशोरियों ने भी कहा कि महिलाओं को पीरियड्स आना एक नेचुरल घटना है और इसे छिपाने की जगह हम इस दौरान सेनेटरी पैड्स का इस्तेमाल कर इसके दुष्परिणाम से बच सकते है। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से महिलाओं में जागरूकता आएगी और वह इसके दुष्परिणाम से बच सकेंगी।

# स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने को लेकर समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भागलपुर।** जिले में गंगा नदी और अन्य जलस्त्रोतों के संरक्षण एवं विकास से संबंधित गठित जिला गंगा संरक्षण समिति की एक बैठक जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई। जिला समाहरणालय के समीक्षा भवन में आयोजित बैठक में हाउसहोल्ड प्रोजेक्ट, तालाबों के जीर्णोद्धार, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, डंपिंग यार्ड, रिवर फ्रंट सफाई तथा पुल निर्माण जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों एवं एजेंसियों को कार्य में तेजी लाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान हाउसहोल्ड प्रोजेक्ट के कार्यान्वयन में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त की गई। इस दौरान बताया गया कि परियोजना के लिए भूमि संबंधी कोई समस्या नहीं है, लेकिन संबंधित ठेकेदार की लापरवाही के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है। एनटीपीसी के समीप स्थित एक तालाब क्षेत्र में निर्माण कार्य प्रारंभ कराने को लेकर भी चर्चा हुई, जहां रैयती भूमि पर कार्य कराया जाना है। उन्होंने संबंधित अभियंताओं एवं संवेदक को तत्काल बुलाकर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। इसके अलावा गंगा सहित अन्य नदी एवं जलस्त्रोतों के आसपास किए जा रहे अतिक्रमण तथा अवैध निर्माण का मुद्दा भी उठाया गया। बताया गया कि कुछ स्थानों पर पानी के बहाव को रोककर रास्ता बना दिया गया है तथा मिट्टी भराव कर नदी के स्वरूप को प्रभावित किया गया है। डॉ चौधरी ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए पहले नदी के वास्तविक स्वरूप एवं भूमि की स्पष्ट पहचान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से संबंधित क्षेत्र में नए पुल निर्माण का प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया। बैठक में शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रणाली की भी समीक्षा की गई। एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी) एवं बायो-सीएनजी प्लांट की प्रगति पर चर्चा करते हुए बताया गया कि इसके लिए वर्क ऑर्डर जारी किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने डंप किए गए कचरे के वैज्ञानिक निपटारे तथा उपयोगी सामग्री की रिकवरी सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक प्रणाली विकसित करने का निर्देश दिया।

# जल संरक्षण को लेकर पलामू कमिश्नर की पहल ऐतिहासिक एवं जनहितकारी : हृदयानंद मिश्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू प्रमंडल में लगातार गिरते भूजल स्तर एवं बढ़ते पेयजल संकट को देखते हुए जल संरक्षण एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग को प्रभावी रूप से लागू कराने हेतु झारखंड प्रदेश कांग्रेस कोर्डिनेशन कमिटी के सदस्य हृदयानंद मिश्र, एडवोकेट के द्वारा पलामू प्रमंडल की आयुक्त महोदया को आवेदन प्रेषित किया गया था। उक्त आवेदन पर गंभीरता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए आयुक्त ने उसी दिन पलामू, गढ़वा एवं लातेहार जिलों के उपायुक्तों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देश जारी कर दिया। इस त्वरित प्रशासनिक पहल पर हृदयानंद मिश्र ने पलामू कमिश्नर के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जल संरक्षण आज केवल एक प्रशासनिक विषय नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के अस्तित्व से जुड़ा प्रश्न बन चुका है। ऐसे समय में आयुक्त महोदया द्वारा दिखाई गई सक्रियता अत्यंत सराहनीय एवं प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि यदि रेन वाटर हार्वेस्टिंग, जलस्त्रोतों के पुनर्जीवन एवं जनजागरूकता अभियान को प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है, तो पलामू प्रमंडल भविष्य में संभावित जल संकट से काफी हद तक सुरक्षित हो सकता है। हृदयानंद मिश्र ने कहा कि प्रशासन और समाज यदि मिलकर कार्य करें तो जल संरक्षण को जनआंदोलन का रूप दिया जा सकता है। उन्होंने प्रमंडलीय आयुक्त के इस सकारात्मक एवं दूरदर्शी कदम को जनहित में एक बड़ी उपलब्धि बताते हुए इसके लिए साधुवाद ज्ञापित किया।

# पूर्वी चंपारण में युवक का शव बरामद, हत्या की आशंका

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** बिहार में पूर्वी चंपारण जिले के पहाड़पुर थाना क्षेत्र में बरकुरवा नहर किनारे झाड़ियों से एक युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने हत्या की आशंका जताते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि मृतक की पहचान मलाही थाना क्षेत्र के सोनवल बैरागी टोला निवासी विपत साह के 24 वर्षीय पुत्र रामबाबू कुमार के रूप में की गई है। शव मिलने की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। सूचना मिलने पर अरेराज डीएसपी रवि कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। सूत्रों ने बताया कि घटनास्थल से एक साइकिल भी बरामद की गई है, जिसे मृतक की बतायी जा रही है। प्रारंभिक जांच में युवक की हत्या कर शव को झाड़ियों में फेंके जाने की आशंका जताई जा रही है। शव के गले में गमछा कसा हुआ मिला है, जिससे गला घोंटकर हत्या किए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। पुलिस का अनुमान है कि हत्या करीब दो दिन पहले की गई होगी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम को मौके पर बुलाया। एफएसएल टीम ने घटनास्थल से कई अहम साक्ष्य जुटाए। वहीं, सुराग तलाशने के लिए खोजी कुत्ते की भी मदद ली गई। पुलिस आसपास के लोगों तथा मृतक के परिजनों से पूछताछ कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच प्रेम प्रसंग, आपसी दुश्मनी समेत विभिन्न बिंदुओं को ध्यान में रखकर की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस हर पहलू पर गंभीरता से जांच में जुटी है।

# नाला सफाई एवं मिट्टी उठाव अभियान में तेजी

## डीएम ने कहा लापरवाही बरतने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**वैशाली।** जिले में जलजमाव की समस्या से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में कार्य कर रहा है। जिला पदाधिकारी, वैशाली वर्षा सिंह (भा.प्र.से.) के निर्देशानुसार सभी नगर निकायों में नालों की व्यापक सफाई के साथ-साथ निकाली गई गाद एवं मिट्टी के त्वरित उठाव का विशेष अभियान युद्धस्तर पर संचालित किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि केवल नालों की सफाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनसे निकली गाद, मिट्टी एवं कचरे का समयबद्ध निष्पादन अत्यंत आवश्यक है। उठाव में किसी भी प्रकार की देरी जल निकासी व्यवस्था को बाधित कर सकती है, जिससे जलजमाव की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका बनी रहती है। इस विशेष अभियान के तहत नगर परिषद हाजीपुर, लालगंज, महनार, महुआ एवं पातेपुर सहित सभी नगर निकायों में नालों की गहन सफाई कराई जा रही है। साथ ही, निकाली गई मिट्टी एवं कचरे को तत्काल हटाने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है, ताकि कहीं भी अवरोध उत्पन्न न हो और जल निकासी सुचारु बनी रहे। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित कार्यपालक पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया गया है कि वे कार्य स्थलों का नियमित निरीक्षण करें और यह सुनिश्चित करें कि किसी भी स्थान पर गाद या कचरे का जमाव न हो। साथ ही जलजमाव संभावित क्षेत्रों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर कार्य संपादित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला पदाधिकारी स्वयं प्रतिदिन इस अभियान की प्रगति की समीक्षा कर रही हैं। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे नालों में कचरा न डालें तथा स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। सामूहिक प्रयासों से ही जलजमाव की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।

# दुल्हन की विदाई के पहले दूल्हा हिरासत में

## बाल विवाह की सूचना पर पहुंची पुलिस, परिजनों को बनाया गया आरोपित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले से बाल विवाह का एक मामला प्रकाश में आया है। शादी की रस्म पूरी होने के बाद पहुंची पुलिस ने दूल्हे को गिरफ्तार कर लिया। घटना जिले के किस्को थाना क्षेत्र अंतर्गत खरकी पंचायत के कोचा गांव की है। जहां शादी की खुशियां देखते ही देखते अफरा-तफरी में बदल गईं। शादी की सभी रस्में पूरी होने के बाद विदाई की तैयारी चल रही थी, तभी बाल विवाह की सूचना पर प्रशासन की टीम मौके पर पहुंच गई और दूल्हे को हिरासत में ले लिया। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया। बजानकारी के अनुसार मांडर थाना क्षेत्र के ब्राम्बे निवासी 30 वर्षीय युवक लच्छू उरांव पिता सुगना उरांव बुधवार को बारात लेकर कोचा गांव पहुंचा था। आदिवासी रीति-रिवाज के अनुसार शादी की सभी रस्में पूरी भी हो चुकी थीं। इसी दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने डायल 112 पर फोन कर प्रशासन को बाल विवाह होने की सूचना दे दी। शिकायत मिलते ही प्रशासन हरकत में आया और देर रात किस्को अंचल अधिकारी अजय कुमार तथा थाना प्रभारी मानस कुमार साधु पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। मौके पर पहुंचकर प्रशासन ने लड़की और लड़के से जुड़े दस्तावेजों की जांच की। जांच के दौरान बाल विवाह की पुष्टि होने पर प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दूल्हे को हिरासत में ले लिया। वहीं नाबालिग दुल्हन को सुरक्षा और काउंसिलिंग के लिए सखी वन स्टॉप सेंटर भेज दिया गया। गुरुवार को दूल्हे को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। इस संबंध में किस्को थाना में बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी मानस कुमार साधु ने बताया कि कांड संख्या 22/2026 के तहत एफआईआर दर्ज की गई है। मामले में दूल्हा, उसके माता-पिता, दुल्हन के माता-पिता, शादी संपन्न कराने वाले पहान सहित अन्य लोगों को आरोपी बनाया गया है। पुलिस मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। जानकारी के अनुसार लोहरदगा जिले में बाल विवाह निषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई का यह पहला मामला माना जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों ने कहा कि जिले में बाल विवाह रोकने के लिए लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, इसके बावजूद इस तरह की घटनाएं सामने आना चिंता का विषय है। प्रशासन ने लोगों से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति से दूर रहने और कानून का पालन करने की अपील की है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष विश्वास, विकास एवं जनकल्याण को समर्पित : राम कृपाल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिक्रम।** भारतीय जनता पार्टी पटना ग्रामीण द्वारा आगामी कार्यक्रमों की तैयारी को लेकर संगठनात्मक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने की। कार्यशाला को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के सहकारिता मंत्री राम कृपाल यादव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के 12 वर्ष विश्वास, विकास एवं जनकल्याण को समर्पित रहे हैं। बीते 12 वर्षों में देश के विकास का एक नया अध्याय लिखा गया है। उन्होंने कहा कि देश की एकता और अखंडता को मजबूत करने के लिए कश्मीर से धारा 370 एवं 35इ को हटाया गया। वर्षों पुराने अयोध्या विवाद का समाधान कर भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण कराया गया, जिससे देश के इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ा। देशभर में सड़कों का जाल बिछाया गया तथा नए-नए एयरपोर्टों का निर्माण हुआ। महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू किया गया, जिससे देश के विकास में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित हुई। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है और केंद्र सरकार उसी दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। मौके पर भाजपा ढाका के पूर्व विधायक पवन जायसवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में एनडीए सरकार के ऐतिहासिक उपलब्धियों से परिपूर्ण 12 वर्ष आगामी 7 जून 2026 को पूर्ण हो रहे हैं। इस अवसर पर 5 जून से 21 जून 2026 तक विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत मीडिया संवाद, वृक्षारोपण अभियान एक पेड़ माँ के नाम स्वच्छता अभियान, विकसित भारत संकल्प सम्मेलन एवं जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। पूर्व प्रत्याशी अतुल कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी देश के सबसे लंबे समय तक निरंतर निर्वाचित रहने वाले प्रधानमंत्री बनेंगे तथा जनसेवा के अपने सार्वजनिक जीवन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित करेंगे। इस अवसर पर प्रदेश नेता अतुल कुमार, विधान पार्षद अनामिका सिंह पटेल, पूर्व विधायक राम जन्म शर्मा, पूर्व विधायक आशा सिन्हा,रवींद्र रंजन, शीला प्रजापति, डॉ. यदुवेश, राज कुमार शर्मा, शशांकधर शर्मा चुन्नू बाबू, तेज नारायण शर्मा, नीरज कुमार, कुमुद रंजन, निकेश, जितेन्द्र यादव, राज किशोर शर्मा, अनिल पासवान, विनोद कुमार, नारायण जी, आशा किरण, अमरीष शर्मा, अजीत शान्डिल्य, लंकेश सिंह, संधीर यादव, सतीश कुमार विजय भोटी, ब्रजेश सिंह ,पवन तिवारी आदि उपस्थित थे।

CMYK

# बटाने पुल बंद होने से ठप हुई रफ्तार, वैकल्पिक मार्ग भी जवाब देने की स्थिति में

## पथ निर्माण विभाग ने कहा–अन्य सड़कों पर भारी वाहनों का परिचालन सुरक्षित नहीं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पटना और रांची को जोड़ने वाले राष्ट्रीय उच्च पथ-139 पर स्थित बटाने नदी पुल में आई गंभीर संरचनात्मक दरारों ने छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार से जुड़े इस बेहद महत्वपूर्ण राजमार्ग की यातायात व्यवस्था को संकट में डाल दिया है। पुल की हालत लगातार बिगड़ने के बाद प्रशासन ने पहले भारी वाहनों और अब कार, जीप तथा अन्य हल्के वाहनों के परिचालन पर भी रोक लगा दी है। इसके कारण विभिन्न डायवर्ट मार्गों पर वाहनों की लंबी कतारें लग रही हैं और यात्रियों को घंटों जाम में फंसे रहना पड़ रहा है। राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, औरंगाबाद की तकनीकी टीम द्वारा किए गए निरीक्षण में पुल के कई गर्डरों में गहरी दरारें मिलने के बाद स्थिति को अत्यंत गंभीर माना गया। अधिकारियों के अनुसार 225 मीटर लंबे इस पुल के बियरिंग पेडस्टल के समीप भी क्षति स्पष्ट रूप से दिखाई दी है। इंजीनियरों ने आशंका जताई कि यदि भारी वाहनों का दबाव जारी रहा तो किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बाद जिला पदाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने तत्काल प्रभाव से भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने का आदेश जारी किया। बुधवार से हल्के वाहनों को भी वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट कर दिया गया। हालांकि प्रशासन ने कई वैकल्पिक मार्गों की घोषणा की है लेकिन सबसे बड़ी समस्या यह है कि जिन सड़कों पर ट्रैफिक मोड़ा गया है, वे स्वयं जर्जर अवस्था में हैं। बारून-नवीनगर मार्ग, तेतरिया मोड़ से कोईरीडीह तक का पथ तथा हरिहरगंज-टंडवा-नवीनगर मार्ग पहले से ही खराब स्थिति में हैं और भारी वाहनों के अतिरिक्त दबाव को झेलने में सक्षम नहीं माने जा रहे हैं। पथ निर्माण विभाग ने भी इस स्थिति को गंभीरता से स्वीकार किया है। विभाग के कार्यपालक अभियंता द्वारा जिला पदाधिकारी को भेजे गए पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि अंबा-नवीनगर पथ के प्रथम किलोमीटर में स्थित पुल काफी पुराना हो चुका है और वहां से 35 टन क्षमता वाले भारी वाहनों का परिचालन वर्जित किया जाना चाहिए। विभाग ने यह भी बताया कि नवीनगर से बारून जाने वाली सड़क, जिसे बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा पथ निर्माण प्रमंडल को हस्तांतरित किया गया है, फिलहाल किसी योजना में शामिल नहीं है। इस सड़क के 11वें किलोमीटर से 35वें किलोमीटर तक की स्थिति अत्यंत खराब है और तत्काल मरम्मत, मजबूतीकरण तथा चौड़ीकरण की आवश्यकता है। इसी प्रकार बारून से जपला (झारखंड) जाने वाले भारी वाहनों के लिए प्रस्तावित तेतरिया मोड़-कोईरीडीह मार्ग भी जर्जर बताया गया है। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार इस सड़क की भी



तत्काल मरम्मत आवश्यक है। सबसे गंभीर स्थिति हरिहरगंज-टंडवा-नवीनगर-माली-सुंदरगंज होकर चतरा मोड़ तक जाने वाले मार्ग की बताई गई है। विभाग ने साफ कहा है कि यह सड़क मल्टी एक्सल लोडेड वाहनों के परिचालन के अनुकूल नहीं है और इस मार्ग पर भारी वाहनों के संचालन की अनुमति देना जोखिमपूर्ण होगा। बटाने पुल पर प्रतिबंध लगने के बाद अब एनएच-139 पर प्रतिदिन गुजरने वाले हजारों ट्रकों और यात्री वाहनों का दबाव छोटे ग्रामीण एवं जिला स्तरीय मार्गों पर बढ़ गया है। कई स्थानों पर सड़कें धंसने लगी हैं और जाम की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की गई तो पटना-रांची कॉरिडोर पर माल परिवहन और यात्री आवागमन बुरी तरह प्रभावित हो जाएगा। व्यापारिक गतिविधियों पर भी इसका असर दिखने लगा है। कोयला, सीमेंट, खाद्यान्न और निर्माण सामग्री ढोने वाले ट्रकों की आवाजाही प्रभावित होने से औद्योगिक इकाइयों और बाजारों में आपूर्ति व्यवस्था पर दबाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। इस बीच जिला प्रशासन द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि सभी वैकल्पिक मार्गों पर आवश्यक संकेतक बोर्ड, दिशा सूचक चिह्न एवं सुरक्षा अवरोधक तत्काल स्थापित किए जाएं ताकि वाहन चालकों को किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। साथ ही पुल के बायीं ओर अस्थायी वैकल्पिक मार्ग निर्माण की कार्रवाई भी शीघ्र प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही औरंगाबाद पथ प्रमण्डल के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया गया है कि बारून-नवीनगर पथ तथा तेतरिया से कोयरीडीह पथ का निरीक्षण कर आवश्यक मरम्मति, चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य अविलम्ब प्रारंभ कराया जाए ताकि वैकल्पिक मार्गों पर यातायात का दबाव सुरक्षित रूप से संचालित किया जा सके। फिलहाल प्रशासन पुल की लगातार मॉनिटरिंग कर रहा है और तकनीकी विशेषज्ञों से रिपोर्ट ली जा रही है। लेकिन जिस प्रकार वैकल्पिक मार्ग भी जर्जर अवस्था में हैं उससे यह संकट केवल एक पुल तक सीमित नहीं रह गया है बल्कि पूरे क्षेत्र के सड़क बुनियादी ढांचे की पोल खोल रहा है।

# सड़क हादसे में घायल किसान की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर में नेशनल हाइवे-19 पर हुए सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल किसान की सातवें दिन इलाज के दौरान मौत हो गई। किसान की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक की पहचान मदनपुर थाना क्षेत्र के सजन गांव के रहने वाले 55 वर्षीय मृत्युंजय कुमार सिंह के रूप में की गई है। गुरुवार को सदर अस्पताल पहुंचे परिजन ने बताया कि 21 मई की सुबह मृत्युंजय कुमार सिंह बाइक से अपने गांव आजन से हाजीपुर गांव एक रिश्तेदारी में जा रहे थे। इसी दौरान मदनपुर थाना क्षेत्र के रानीगंज गांव के पास एनएच-19 एक तेज रफ्तार पिकअप ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायल किसान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मदनपुर पहुंचाया गया। वहीं पुलिस ने इसकी सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलने के बाद परिवार के सदस्य अस्पताल पहुंचे। प्राथमिक इलाज के बाद चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि सदर अस्पताल में भी हालत गंभीर रहने पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर भेज दिया। परिजनों के अनुसार घायल किसान को रायपुरा मोड़ के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग-19 स्थित एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया जहां कई दिनों तक उनका इलाज चला। गुरुवार को वहां से सदर अस्पताल रेफर कर दिया लेकिन वहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# सौतेली मां से झगड़ा के बाद पिता ने की किशोर की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के उपहारा थाना क्षेत्र में मानवता को शर्मसार करने वाली मामला सामने आया है जहां सनकी पिता ने अपने ही 13 वर्षीय पुत्र की हत्या कर दी। मृतक की पहचान राजेश चौधरी उर्फ मुंगड़ी चौधरी के पुत्र खेसरिया कुमार के रूप में हुई है। दरअसल किशोर का शव घर से 7 किलोमीटर दूर नदी किनारे से बरामद किया गया है। किशोर की हत्या का आरोप उसके पिता और सतौली मां पर लगा है। मामले में पुलिस ने आरोपी पिता राजेश चौधरी उर्फ मुंगड़ी चौधरी और सौतेली मां मंजू देवी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि पुलिस ने बुधवार की रात अरवल जिले के बंशी थाना क्षेत्र स्थित पुनपुन नदी के बालू घाट से किशोर का शव बरामद किया। ग्रामीणों की सूचना पर अरवल प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में दंडाधिकारी के समक्ष शव को बाहर निकाला गया। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने बताया कि शव को नदी तक पहुंचाने में बाइक और स्कॉर्पियो का इस्तेमाल की बात सामने आई है। पुलिस दोनों वाहनों की तलाश में जुटी हुई है। थानाध्यक्ष आकाश कुमार ने बताया कि प्रारंभिक जांच में हत्या की वजह घरेलू विवाद और सौतेली मां से झगड़ा होना बताया जाता है। खेसरिया का अपनी सौतेली मां मंजू देवी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। रिश्ते में मंजू देवी बच्चे की मौसी भी लगती है। झगड़े की शिकायत अपने पति मुंगड़ी चौधरी से की थी। इसके बाद पिता ने बेटे की बेरहमी से पिटाई कर दी जिससे किशोर गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा। आरोप है कि घायल बच्चे का इलाज कराने के बजाय उसे धूप में ही छोड़ दिया गया जिससे उसकी हालत और बिगड़ती चली गई और अंत में उसकी मौत हो गयी। इसके बाद शव को छिपाने की साजिश रची गई और उसे पुनपुन नदी किनारे उसे बालू में दफना दिया गया। हालांकि ग्रामीणों को शक होने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद मामला उजागर हुआ। मामले में परिवार के लोगों का अलग-अलग बयान सामने आ रहे हैं। दादी के अनुसार कुछ देर बाद सौतेली मां मंजू देवी वहां पहुंची और उसने भी किशोर की पिटाई की। बाद में खेसरिया किसी तरह अपने हाथ खोलकर भूसा घर में गया और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि पुलिस अभी इस दावे की भी जांच कर रही है। वहीं मृतक की बहन मुन्नी कुमारी ने माता-पिता पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उसने बताया कि वह अपने ननिहाल खैरा गांव में रहती है। भाई की मौत की सूचना मिलने के बाद घर पहुंची। मुन्नी के अनुसार उसके माता-पिता अक्सर खेसरिया के साथ मारपीट करते थे। घटना वाले दिन भी उसके साथ बेरहमी से मारपीट की गई थी जिसके कारण उसकी मौत हुई। दाउदनगर एसडीपीओ अशोक कुमार दास ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। आरोपी पिता और सौतेली मां को गिरफ्तार कर लिया गया है। फिलहाल चौकीदार महबूब आलम के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस हत्या, आत्महत्या और शव छिपाने सहित सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

# हत्या का प्रयास सहित अन्य मामलों में 21 लोग गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में बुधवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 58 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 21 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार हत्या के शीर्ष में 2, हत्या प्रयास में 2, मद्यनिषेध अधिनियम के तहत 21 तथा अन्य मामलों में 33 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 123 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1106 वाहनों की जांच की गई जिसमें 5000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। 11 वारंट एवं 1 कुर्की का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा साइबर थाना की पुलिस द्वारा कार्रवाई के फलस्वरूप 50 हज़ार रूपये रिकवरी की गईं है। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि जिले में अपराध नियंत्रण और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए नियमित रूप से छापेमारी और जांच अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल नजदीकी थाना या पुलिस कंट्रोल रूम को दें। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर होगा कार्यक्रम का आयोजन

## पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मानित करेगा 'नवबिहार टाइम्स'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** हिन्दी पत्रकारिता के गौरवपूर्ण 200 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आगामी 30 मई को नवबिहार टाइम्स (हिन्दी दैनिक) की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया जाएगा। नवबिहार टाइम्स (हिन्दी दैनिक) की ओर से प्रदान किए जाने वाले इस सम्मान पत्र के तहत उन पत्रकारों एवं मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने हिन्दी पत्रकारिता को मजबूती प्रदान करने, जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने तथा समाज में जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस संबंध में नवबिहार टाइम्स के सम्पादक कमल किशोर ने बताया कि यह सम्मान पत्र हिन्दी पत्रकारिता की 200 वर्षों की गौरवशाली परंपरा को नमन करते हुए समर्पित किया जा रहा है। उनके अनुसार, यह पहल पत्रकारिता के मूल्यों को प्रोत्साहित करने और नई पीढ़ी के पत्रकारों को प्रेरित करने के उद्देश्य से की जा रही है। उन्होंने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता ने समाज में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, सामाजिक सरोकारों को स्वर देने तथा आमजन की आवाज को बुलंद करने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। ऐसे में पत्रकारों का सम्मान करना पूरे समाज के लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े पत्रकारों, संवाददाताओं एवं मीडिया प्रतिनिधियों की उपस्थिति रहेगी। आयोजन को लेकर पत्रकारों में उत्साह का माहौल है।

# अपराधियों पर नकेल कसने के लिए चलाया विशेष अभियान

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने और आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए औरंगाबाद पुलिस ने विशेष वाहन जांच अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल के कड़े रुख के बाद जिले के सभी थाना प्रभारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों के मुख्य चौक-चौराहों पर चेकिंग अभियान चलाया जिसमें आने-जाने वाले हर छोटे-बड़े वाहन की कड़ाई से तलाशी ली गई। विशेष अभियान के दौरान सभी दोपहिया एवं चार पहियां वाहनों को रोककर उनकी गहन जांच की।

# जन सुराज पार्टी की बैठक सम्पन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नबीनगर (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल सोखा बाबा परिसर में जन सुराज परिवार की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई जिसमें संगठन की मजबूती, आगामी रणनीति तथा नबीनगर प्रखंड अध्यक्ष पद को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मगध प्रभारी नंदकिशोर सिंह यादव, जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, काराकाट लोकसभा प्रभारी प्रदीप सिंह चंद्रवंशी, महिला जिलाध्यक्ष अर्चना चंद्र यादव, किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रामाधार सिंह,



ओबीसी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सतेंद्र यादव, अनुमंडल के पूर्व महासचिव सुजीत सिंह, नबीनगर विधानसभा के पूर्व प्रभारी दिवाकर सिंह चंद्रवंशी, किसान प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष अविनाश मिश्रा तथा नबीनगर प्रखंड उपाध्यक्ष अशोक सिंह चंद्रवंशी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त पूर्व प्रमुख रंजन सिंह, सतीश कुमार, रौशन कुमार, नारायण सिंह, मुन्ना कुमार, निखिल कुमार सहित बड़ी संख्या में जन सुराज परिवार के कार्यकर्ताओं ने बैठक में भाग लिया। उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती, जमीनी स्तर पर जनसंपर्क बढ़ाने तथा क्षेत्रीय समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि संगठन को मजबूत दिशा देने के लिए लव कुमार सिंह को पुनः नबीनगर प्रखंड अध्यक्ष बनाया जाना चाहिए। इसके बाद बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर लव कुमार सिंह को दोबारा नबीनगर प्रखंड अध्यक्ष बनाए जाने की मांग संगठन के शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया।

# पोल-खोल अभियान चलाएगी कांग्रेस : आनंद शंकर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सरकार की कमियों से जनता को अवगत कराने के लिए प्रखंड से लेकर जिला स्तर तक कांग्रेस की ओर से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अपने आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में कांग्रेस जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्षों के कार्यकाल को लेकर पार्टी पोल-खोल अभियान चलाएगी। प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में देश की जनता पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है। जनता महंगाई के बोझ तले दब गई है और प्रधानमंत्री विदेश भ्रमण में व्यस्त हैं। पूर्व विधायक श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री के विदेश दौरों का लाभ देश को नहीं मिल रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री के इटली दौरे पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा कि इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी को 'मेलोडी चॉकलेट' देने से देश को कोई फायदा नहीं हुआ। उल्टे उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को अपने इंस्टाग्राम से अनफॉलो कर



दिया तथा भारत के साथ अरबों डॉलर की डील भी रद्द कर दी। पूर्व विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विदेशों में भी देश की साख गिराने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब सत्ता में थी तब सोना 35 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम था जबकि आज सोने की कीमत सवा लाख रुपये के करीब पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि जब डॉलर की कीमत 60 रुपये के आसपास थी तब भाजपा नेता देश की अर्थव्यवस्था पर सवाल उठाते थे लेकिन आज डॉलर 97 रुपये के पार पहुंच चुका है और सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि 12 वर्षों के कार्यकाल में 900 से अधिक प्रश्नपत्र लीक हुए जिससे देश के युवा महंगाई और बेरोजगारी के साथ-साथ भ्रष्ट व्यवस्था का भी दंश झेल रहे हैं। विदेश नीति पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि भारत के पुराने मित्र देश ईरान और रूस सस्ता तेल उपलब्ध कराते थे, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के दबाव में काम कर रहे हैं जिसके कारण देश को निर्बाध रूप से तेल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। पूर्व विधायक आनंद शंकर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जनता की गाढ़ी कमाई को अपने मित्रों अंबानी और अडानी पर लुटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा जनता के साथ खड़ी रही है और आगे भी सड़क पर उतरकर मोदी सरकार की नीतियों का विरोध करेगी। महंगाई, बेरोजगारी और किसानों के मुद्दे पर कांग्रेस आंदोलन तेज करेगी। कांग्रेस नेता पंकज यादव ने राज्य सरकार पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि सरकार पूरे राज्य और देश की होती है लेकिन भाजपा की सरकार एक जाति विशेष को ध्यान में रखकर काम कर रही है। इस दौरान सत्येंद्र नारायण शर्मा, दीपक वर्मा, अरविंद कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह पप्पू, मृत्युंजय कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह उर्फ लुटूर सिंह, युवा कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार, ब्रजकिशोर सिंह, नरेश यादव, रवि सिंह, विक्रांत सिंह, नीरज कुमार एवं भीम सिंह चौहान सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बैंक कर्मियों ने दी अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक इम्प्लाइज फ़ेडरेशन यूनिट औरंगाबाद ने कर्मचारियों की लंबित मांगों को लेकर आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में यूनिट की ओर से औरंगाबाद सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के प्रबंध निदेशक को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में बताया गया है कि बिहार राज्य सहकारी बैंक कर्मचारी फ़ेडरेशन यूनिट औरंगाबाद की बैठक दो नवंबर 2025 को हुई थी, जिसमें कर्मचारियों की मांगों से संबंधित प्रस्ताव पारित कर आवेदन पत्र बैंक प्रबंधन को सौंपा गया था। इसके बाद चार नवंबर 2025 को बैंक के निदेशक मंडल की बैठक में भी इन मांगों पर चर्चा की गई, लेकिन अब तक समस्याओं के समाधान के लिए कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि बिहार के कई केंद्रीय सहकारी बैंकों में कर्मचारियों को 12वें वेतनमान का लाभ दिया जा रहा है, लेकिन औरंगाबाद सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के कर्मियों को इसका लाभ अब तक नहीं मिल पाया है। ज्ञापन में कहा गया है कि मांगों पर समय रहते उचित निर्णय नहीं लिए जाने के कारण यूनिट ने आंदोलन का रास्ता अपनाने का फैसला किया है। .


BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
Proposed Green Campus in 60,000 Sq.Ft.
DIPLOMA COURSE: DAT (Acupressure Therapy), DY (Yoga), DAYS (Acupressure Yoga), DHMS (Herbal Medicine) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th; DEMS (Electrohomeopathy Medicine), DNYS (Naturopathy Yoga) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th
BACHELOR DEGREE COURSE: MBBA (Acupressure & Magnet), BTMS (Traditional Medicine), BAYS (Acupressure Yoga), BAcu. (Acupuncture) — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2; BEMS (Electrohomeopathy Medicine), MBAS (Medicine in ALT Science) — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2
MASTER DEGREE COURSE: MD (Acu Yoga), MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट; MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS
PROFESSIONAL COURSE: BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL COURSE: MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA
100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।
डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष
डा. अजय प्रकाश, सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279 Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।


# औरंगाबाद में अकीदत के साथ मनाया गया बकरीद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में ईद-उल-अजहा यानी बकरीद का पर्व गुरुवार को भाईचारा और अकीदत के साथ मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोग नए परिधानों में सज-धज कर ईदगाहों और मस्जिदों में नमाज अदा करने पहुंचे। शहर के ईदगाहों में हजारों लोगों ने सामूहिक रूप से बकरीद की नमाज अदा कर देश और समाज में अमन-चैन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी। शहर के जामा मस्जिद, पठान टोली मस्जिद, नावाडीह मस्जिद समेत जिले की तमाम मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ देखने को मिली। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर बकरीद का



मुबारकबाद दिया। वहीं बच्चों और युवाओं में पर्व को लेकर खास उत्साह रहा। धार्मिक परंपरा के अनुसार कुर्बानी की रस्म भी अदा की गई। मुस्लिम समाज के लोगों ने अल्लाह की राह में कुर्बानी पेश कर इंसानियत, त्याग और समर्पण का संदेश दिया। पूरे दिन शहर और ग्रामीण इलाकों में पर्व का उत्साह बना रहा। बकरीद पर्व को लेकर जिला और पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क नजर आया। किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से निपटने के लिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। बड़ी मस्जिद के समीप पुलिस कैंप स्थापित किया गया जहां से पुलिस के जवान लगातार निगरानी करते दिखे। इसके अलावा शहर के संवेदनशील इलाकों, विभिन्न मोहल्लों और धार्मिक स्थलों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस पदाधिकारियों एवं जवानों की तैनाती की गई थी। वहीं प्रशासन द्वारा लगातार गश्ती अभियान भी चलाया गया ताकि पर्व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके। अधिकारियों ने लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने और अफवाहों से बचने की अपील की। प्रशासन की सतर्कता और लोगों के सहयोग से जिले में बकरीद का पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाया गया।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक – कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269